

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 2 अंक: 71 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 25 दिसम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# बातचीत से मामला नहीं सुलझा तो...

## WFI के मुखिया ने बताया क्या होगा अगला कदम, बजरंग बोले- पुरस्कार वापस नहीं लूंगा

नई दिल्ली. भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा है कि वह सरकार को अपनी स्थिति के बारे में बताकर निलंबन रद्द करने की मांग करेंगे कि उन्होंने फैसले करते समय किसी तरह से नियमों का उल्लंघन नहीं किया है. और अगर मामले का समाधान नहीं होता तो वे कानूनी विकल्प भी तलाश कर सकते हैं. सरकार ने रविवार को डब्ल्यूएफआई की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित कर दिया क्योंकि उसका मानना है कि 'उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना और खिलाड़ियों को तैयारी के लिए नोटिस दिए बिना' अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' की गई.

संजय सिंह ने कहा,'हम खेल मंत्री से मिलने का समय मांग रहे हैं और उनसे निलंबन हटाने का आग्रह करते हैं. अगर बातचीत से मामला नहीं सुलझता तो हम कानूनी विकल्प तलाश सकते हैं. हम सरकार को बताएंगे कि हमने निर्णय करते समय नियमों का पालन किया है. हम सबूत पेश करेंगे. जो भी फैसले किए गए वह सर्वसम्मति से किए गए. यह मेरा कोई निजी फैसला नहीं था. 24 राज्य संघों ने हलफनामे दिए थे और हमारे पास ईमेल हैं. हमारे पास सब कुछ लिखित में है.'





### साक्षी मलिक बोलीं- यह देश की बहनों और बेटियों के लिए लड़ाई थी

इस बीच डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन में प्रमुख चेहरा रही साक्षी मलिक ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने के फैसले का स्वागत किया. उन्होंने कहा, 'यह कुछ अच्छा होने की दिशा में पहला कदम है. मुझे उम्मीद है कि सरकार समझेगी कि हम किस उद्देश्य के लिए लड़ाई लड़ रहे थे. अगर महासंघ की अध्यक्ष कोई महिला होती है तो यह महिला पहलवानों की सुरक्षा के लिए अच्छा होगा. यह देश की बहनों और बेटियों के लिए लड़ाई थी.'

### 'पद्मश्री पुरस्कार वापस लेने नहीं जा रहा'

बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को लौटाने वाले बजरंग पूनिया ने कहा कि वह इसे वापस नहीं लेंगे. टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा,'अब मैंने अपना पुरस्कार लौटा दिया है और मैं उसे वापस लेने नहीं जा रहा हूं. हमारी बहनों और बेटियों का सम्मान किसी भी पुरस्कार से बड़ा है. सभी ने देखा होगा कि क्या हो रहा है. न्याय मिलने के बाद ही मैं इसे वापस लेने के बारे में विचार करूंगा. मामला अदालत में है और हम न्याय का इंतजार कर रहे हैं.'

# उपराष्ट्रपति ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

जैतो,24 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर ): उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एतवार को कहा कि उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उनके संदेश का पूरा पाठ इस प्रकार है ।'मैं प्रभु यीशु मसीह के जन्म के प्रतीक क्रिसमस के शुभ अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।यीशु मसीह का जीवन करुणा, क्षमा, प्रेम और सहानुभूति के शाश्वत मूल्यों को दशार्ता है। हम इन शाश्वत गुणों को हमेशा याद रखें जो हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं और हमारे संबंधों को मजबूत करते हैं।इस दिन की खुशी हमारे भीतर गूंजती रहे, शांति, सद्भाव और खुशी को बढ़ावा दे। सभी को हार्दिक खुशी और सद्भावना से भरे क्रिसमस की शुभकामनाएं।''



### पीएम मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में

इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में एक जनसभा को संबोधित करेंगे. जनसभा से पहले प्रधानमंत्री उसी दिन नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे और अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे. जनसभा हवाई अड्डे के बगल वाले मैदान में होगी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 दिसंबर को जनसभा स्थल का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री अयोध्या रेलवे स्टेशन से दो रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिसमें अयोध्या से दिल्ली के लिए शुरू होने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है.

# क्रिसमस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो,24 दिसम्बर( रघुनंदन पराशर ): राष्ट्रपति सचिवालय ने एतवार को बताया कि भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं भेजी हैं।एक संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, ह्रक्रिसमस के शुभ अवसर पर, मैं सभी साथी नागरिकों, विशेषकर ईसाई भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।ईसा मसीह के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला क्रिसमस का त्योहार प्रेम और करुणा का संदेश देता है। यह त्योहार हमें मानवता की निस्वार्थ सेवा के लिए भी प्रेरित करता है। समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए ईसा मसीह की शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक हैं।इस पवित्र त्योहार पर, सभी लोग दया और करुणा की भावना को फिर से जगाएं और अपने जीवन में ईसा मसीह की शिक्षाओं का पालन करें।''



## ससुराल से प्रभु राम के लिए क्या आ रहा? जनकपुर से 20 जनवरी को पहुंचेगा अयोध्या, मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 को

काठमांडू. अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में जो उत्सव का माहौल है, वैसी ही स्थिति प्रभु श्री राम के ससुराल जनकपुर धाम की है. वहां भी राम मंदिर को लेकर जनमानस में खुशियों का संचार हो रहा है. और अब खबर आ रही है कि प्रभु राम के ससुराल से भी उनके लिए कुछ सामान भेजा जा रहा है. नेपाल अगले महीने अध्योध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयां भेजेगा. रविवार मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है. ह्यमाय रिपब्लिकाह्ल समाचार पत्र की खबर के अनुसार ये वस्तुएं भेजने के लिए जनकपुर धाम-अयोध्या धाम यात्रा **आयोजित की जाएगी.**

जानकी मंदिर रामरोशन दास वैष्णव के संयुक्त महंत ने कहा कि यात्रा 18 जनवरी को शुरू होकर 20 जनवरी को संपन्न होगी और इसके साथ लाई गईं

# सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट के छात्राओं ने लिया राइजिंग यूथ सुपरस्टार्स ऑफ इंडिया में भाग, छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

**दैनिक समाज जागरण**

नोएडा: देश के प्रतिष्ठित डिजाइन संस्थानों में से एक सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट, जोकि प्रसिद्ध एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय मुंबई से संबद्ध है ने राइजिंग यूथ सुपरस्टार्स ऑफ इंडिया 2023 में भाग लिया। बताते चलें कि इस आयोजन के माध्यम से प्रतिभावान बच्चों को एक मंच प्रदान किया जाता है जहां वह अपनी कला का प्रदर्शन कर सके।

एसएफआई की प्रिंसिपल डॉ. वंदना जागलान व वाइस प्रिंसिपल डॉ. नीतू मल्होत्रा ने बताया कि एसएफआई ने न केवल एक विशेष शो का आयोजन किया बल्कि रचनात्मक रूप से मनोरंजक कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। उन्होंने बताया कि हमने मिट्टी के बर्तनों की कार्यशाला, क्ले मॉडलिंग, फैशन टॉक शो प्रतियोगिता, कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता, सूखी मिट्टी प्रतियोगिता से लेकर नृत्य और संगीत प्रतियोगिता तथा अन्य कई गतिविधियों का आयोजन किया है।




सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने अपने स्नातक संग्रह का एक मेगा फैशन शो आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के 45 से अधिक डिजाइन छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी के साथ उन्होंने छात्रों की रचनात्मक कड़ी मेहनत की सराहना की।

सत्यम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की चेयरपर्सन स्नेह सिंह, सचिव सीए प्रदीप गुप्ता ने छात्रों के काम की सराहना की और उन्हें भविष्य में इस कार्य के लिए इस जुनून और जोश को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के पहले दिन सत्यम फैशन इंस्टीट्यूट ने क्ले मॉडलिंग की सबसे चर्चित कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। लोगों ने कार्यशालाओं और प्रतियोगिता के लिए मौके पर ही पंजीकरण कराया और भाग लेकर काफी उत्साह दिखाया और ट्राफियां जीतीं।

वही कार्यक्रम का दूसरा दिन रोमांचक भरा रहा क्योंकि दर्शकों ने न केवल कार्यशालाओं और प्रतियोगिताओं में भाग लिया, बल्कि फैशन शो का भी आनंद लिया। कार्यक्रम की सम्मानित अतिथि कौशिक शील, हेमेंद्र गुप्ता, कुणाल सुद, आयोजक अंकित नगपाल, अनुभव अरोड़ा, फैशन डिजाइनर सोनिया जेटली, मोनिका आहूजा, हॉटमोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड 2021 के लिए सबटाइटल विजेता मिसेज ग्लैमरस और मिसेज इंडिया यूनिवर्स क्वारंटाइन क्वीन 2020 के लिए सबटाइटल विजेता मिसेज ग्लैमरस, गुरु शिखा खरे, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित शीर्ष ग्रेड कलाकार, भारत सरकार यूपी संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ, पीयूष वालिया संस्थापक न्यू ट्रेंड्ज, पवन राज सिंह डायरेक्ट पीएनआई मीडियाकॉम, कीर्ति मिश्रा नारंग, संस्थापक कैटलिटिस, ने छात्रों के काम की सराहना की।




# जम्मू-कश्मीर में सेना ने एक बड़ा आतंकी हमला किया नाकाम, LoC के पास ड्रोन से गिराए गए थे IED और पिस्तौल

जम्मू: जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास रविवार को सेना और पुलिस के एक संयुक्त अभियान के दौरान ड्रोन से गिराए गए बैटरी चलित छह इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आई-ईडी), एक पिस्तौल और कुछ नकदी के दो पैकेट जब्त किये गये हैं. एक अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि समय पर पैकेट की बरामदगी से भारत में आतंकियों के बड़े हमले की साजिश को विफल कर दिया गया है. माना जा रहा है कि ये पैकेट पाकिस्तान द्वारा गिराये गये थे.

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब सात बजकर 50 मिनट पर खौर क्षेत्र के चन्नी दीवानो गांव में एक खुले मैदान में ये पैकेट देखे गए थे. उन्होंने बताया कि सेना और पुलिस ने तुरंत एक संयुक्त अभियान चलाया और बम निरोधक दस्ते की मदद से पैकेट खोले गये, जिसमें से आईईडी, नौ एमएम की इटली निर्मित एक पिस्तौल, तीन मैगजीन, 30 कारतूस, एक हथगोला और 35,000 रुपये बरामद किये गए.




इससे एक दिन पहले सेना के जवानों ने इसी सेक्टर में एक आतंकवादी को मार गिराकर घुसपैठ की कोशिश को विफल किया था.

# भगवद गीता पर बंगाल में 'महाभारत', TMC और भाजपा में छिड़ी जुबानी जंग, ब्रिगेड परेड मैदान में जुटे लाखों लोग

**कोलकाता**. पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में रविवार को भगवद गीता के पाठ को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी छिड़ गई. भाजपा ने जहां हिंदू एकता का आह्वान किया. वहीं, तृणमूल कांग्रेस ने इस कार्यक्रम का कथित राजनीतिकरण करने पर उसकी अलोचना की. यहां ब्रिगेड परेड मैदान में अलग-अलग पृष्ठभूमि के करीब एक लाख लोगों ने सामूहिक रूप से भगवद गीता का पाठ किया. विभिन्न उम्र और सामाजिक वर्ग के प्रतिभागियों ने संतों के साथ श्लोकों का पाठ किया. इस कार्यक्रम में बंगाल की भाजपा इकाई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कई बड़े नेताओं ने भाग लिया. आयोजकों ने दावा किया कि कार्यक्रम के लिए लगभग 1,20,000 लोगों ने पंजीकरण कराया था. दावा किया गया कि यह कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, इसके बाजवूद कार्यक्रम को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल और विपक्षी भाजपा के बीच जुबानी जंग छिड़ गई.



भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा, ह्रभगवद गीता दुनिया के लिए भारत का सबसे बड़ा उपहार है. जो लोग इस कार्यक्रम का मजाक बना रहे हैं, उनके मन में हिंदू धर्म और उसकी परंपराओं के प्रति कोई सम्मान नहीं है. जो लोग हिंदुओं को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं वे अपने प्रयासों में विफल होंगे.ह्व श्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, "इस कार्यक्रम के बाद राज्य के हिंदू, विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ आवाज उठाएंगे और एकजुट होंगे." उन्होंने कहा, "यह सिर्फ भगवद गीता के पाठ का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि हिंदुओं को एकजुट करने का भी एक प्रयास है. हमारे बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है, हिंदुओं को एकजुट होना होगा.

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 2



# सकारात्मक सोच के साथ वर्तमान को सार्थक बनाएं।

## मजबूत वर्तमान सुनहरे भविष्य की आधारशिला।

**दैनिक समाज जागरण**

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 141 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरूआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार-चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड-19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है। यह आसान काम नहीं था किंतु पूरे देश के नागरिकों एवं अग्रिम नेताओं की सकारात्मक सोच तैयारी एवं संसाधनों के समुचित प्रयोग से ही संभव हो पाया। आज हमारे सामने समाज में जो भी हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, वे कभी चुनौतियों के सामने झुके नहीं और ना ही उन्हें किसी प्रकार की समाजिक कठिनाई अथवा चुनौती झुका पाई और यही कारण है की वह हमारे प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। इस संदर्भ में हर व्यक्ति को सकारात्मक सोच रख कर अपने मौजूदा संसाधनों का संपूर्ण दोहन कर सटीक नीति और भविष्य की योजनाएं बनाकर उस पर मेहनत करनी होगी और मेहनत से उपजे आत्मबल तथा संयम के साथ किसी भी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण ऊर्जा समेकित रूप से केंद्रित कर उस लक्ष्य की प्राप्ति करनी होगी। नागरिकों के समेकित प्रयास अच्छी सोच और कड़ी मेहनत से ही संपूर्ण राष्ट्र वैश्विक स्तर पर एक आदर्श तथा प्रेरणादायक राष्ट्र बनने की क्षमता की ओर आगे बढ़ सकता है।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, लेखक, चिंतक, रायपुर**

# मदनमोहन मालवीय



मदनमोहन मालवीय (जन्म- 25 दिसम्बर, 1861 ; मृत्यु- 12 नवम्बर, 1946) महान्‌ स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ और शिक्षाविद ही नहीं, बल्कि एक बड़े समाज सुधारक भी थे। इतिहासकार वीसी साहू के अनुसार हिन्दू राष्ट्रवाद के समर्थक मदन मोहन मालवीय देश से जातिगत बेड़ियों को तोड़ना चाहते थे। उन्होंने दलितों के मन्दिरों में प्रवेश निषेध की बुराई के खिलाफ देशभर में आंदोलन चलाया। 24 दिसम्बर, 2014 को भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पंडित मदनमोहन मालवीय को मरणोपरांत देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा।

इलाहाबाद में 25 दिसम्बर, 1861 में जन्मे पंडित मदन मोहन मालवीय अपने महान्‌ कार्यों के चलते 'महामना' कहलाये। इनके पिता का नाम ब्रजनाथ और माता का नाम भूनादेवी था। चूँकि ये लोग मालवा के मूल निवासी थे, इसीलिए मालवीय कहलाए। महामना मालवीय जी ने सन्‌ 1884 में उच्च शिक्षा समाप्त की। शिक्षा समाप्त करते ही उन्होंने अध्यापन का कार्य शुरू किया पर जब कभी अवसर मिलता वे किसी पत्र इत्यादि के लिये लेखादि लिखते। 1885 ई. में वे एक स्कूल में अध्यापक हो गये, परन्तु शीघ्र ही वकालत का पेशा अपना कर 1893 ई. में इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया। उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में भी प्रवेश किया और 1885 तथा 1907 ई. के बीच तीन पत्रों- हिन्दुस्तान, इंडियन यूनियन तथा अभ्युदय का सम्पादन किया।

### शिक्षा

मदनमोहन मालवीय की प्राथमिक शिक्षा इलाहाबाद के ही श्री धर्मज्ञानोपदेश पाठशाला में हुई जहाँ सनातन धर्म की शिक्षा दी जाती थी ।इसके बाद मालवीयजी ने 1879 में इलाहाबाद ज़िला स्कूल से एंट्रेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की और म्योर सेंट्रल कॉलेज से एफ.ए. की। आर्थिक स्थिति अच्छी न होने के कारण मदनमोहन को कभी-कभी फीस के भी लाले पड़ जाते थे। इस आर्थिक विपन्नता के कारण बी.ए. करने के बाद ही मालवीयजी ने एक सरकारी विद्यालय में 40 रुपए मासिक वेतन पर अध्यापकी शुरू कर दी।

### विवाह

मदन मोहन मालवीय का विवाह मीरजापुर के पं. नन्दलाल जी की पुत्री कुन्दन देवी के साथ 16 वर्ष की आयु में हुआ था।

### राजनीतिक जीवन

जीवनकाल के प्रारम्भ से ही मालवीय जी राजनीति में रुचि लेने लगे और 1886 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन में सम्मिलित हुए। मालवीय जी दो बार 1909 तथा 1918 ई. में कांग्रेस के अध्यक्ष हुए। 1902 ई. में मालवीय जी उत्तर प्रदेश 'इंपीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल' के सदस्य और बाद में 'सेंट्रल लेजिस्लेटिव असेंबली' के सदस्य चुने गये। मालवीय जी ब्रिटिश सरकार के निर्भीक आलोचक थे और उन्होंने पंजाब की दमन नीति की तीव्र आलोचना की, जिसकी चरम परिणति जलियांवाला बाग काण्ड में हुई। वे कट्टर हिन्दू थे, परन्तु शुद्धि (हिन्दू धर्म को छोड़कर दूसरा धर्म अपना लेने वालों को पुनः हिन्दू बना लेते) तथा अस्पृश्यता निवारण में विश्वास करते थे।

# जेएन-1 की दस्तक : कहीं चुनावों को न हो जाये कोविड

**दैनिक समाज जागरण**



भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 752 नए मरीज मिले हैं और 4 लोगों की मौत हो गई. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को कोविड के सक्रिय मामलों की संख्या 3,420 पर पहुंच गई है. वहीं, स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं बल्कि लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। लेकिन आशंका जताई जा रही है की जेएन-1 आगामी लोकसभा चुनावों को भी प्रभावित कर सकता है। यानि यदि जेएन-1की रफ्तार न थमी तो लोकसभा चुनाव टाले भी जा सकते हैं।

आपको याद होगा कि इससे पहले कोविड साल 2020 और 2021 में कितना कोहराम मचा चुका है। दुनिया और देश से कोविड विदा जरूर हो गया था लेकिन उसने दुनिया को ' अल-विदा ' नहीं कहा था । कोविड रूप बदल-बदलकर दोबारा लौटने की कोशिश करता रहता है लेकिन मनुष्य की प्रबल इच्छाशक्ति उसे अब तक रोके हुए है । दुनिया ने कोरोना मीटर को बंद नहीं किया है । आज भी कोरोना यानि कोविड नापने की घड़ी मंथर गति से चल रही है। ये बात अलग है कि अब हम सब इस घड़ी को देखना भूल गए है। जेएन-1 की दस्तक सुनकर मैंने आधी रात को उठकर कोविड घड़ी पर नजर डाली तो देखा की वो टिक-टिक कर चल रही है । इस घड़ी के मुताबिक 23 दिसंबर 2023 की आधी रात तक दुनिया में कोविड के 700,261,068 मामले दर्ज किये जा चुके थे ।

आपको बता दें कि कोविड 2020 से अब तक दुनिया में 6,960,038 लोगों की जान ले चुका है और अब भी उसकी भूख मिटी नहीं है ।कोविड से लड़ाई में पूरी दुनिया ने सामूहिक रूप से कोशिशें की,वैक्सीन बनाई और कोविड वायरस को हारने में कामयाबी हासिल की नतीजा ये हुआ कि दुनिया ने 671,449,622 लोगों को कोविड के मुंह में जाने से रोक लिया ,यानि उनकी जान बचा ली। लेकिन कहते हैं कि मौत एक बारे घर देख ले तो बार-बार लौटकर दस्तक देती है । कभी उसे कामयाबी मिलती है और कभी नहीं।

दुनिया ने 29 जनवरी 2020 को कोविड मीटर शुरू किया था और रोजाना पूरी दुनिया में दर्ज होने वाले कोविड मरीजों ,मौतों और कोविड से बचाये गए लोगों की गणना करना शुरू की थी । कुछ समय के लिए ये कोविड मित्र बंद कर दिया गया था लेकिन अब इसे दोबारा शुरू कर दिया गया है। ताजा सूचनाओं के मुताबिक अभी अमेरिका में 08,और जर्मनी में 138 तथा भारत में 04 लोगों की मौत की सूचनाएँ दर्ज की गयीं है। अमेरिका में 6493 और जर्मनी में 4342 नए मामले दर्ज किये गए। भारत में अभी कुल 752 नए मामले प्रकाश में आये हैं लेकिन सक्रिय मरीजों की संख्या 3 हजार को पार कर गयी है। दुनिया के साथ -साथ अब भारत में भी कोरोना का नया अपडेट तैयार किया जाने लगा है । नए अपडेट के अनुसार अपडेट किए गए मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 17 राज्यों में कोविड-19 के एक्टिव मामलों में बढ़ोत्तरी हो रही है, जिसमें केरल (266), कर्नाटक (70), महाराष्ट्र (15), तमिलनाडु (13) और गुजरात (12) शामिल हैं।भारत में 640 ताजा कोविड-19 संक्रमण और एक मौत दर्ज की गई. पिछले दिन एक्टिव केस 2,669 से बढ़कर 2,997 हो गए और शनिवार को यह आंकड़ा 3,420 हो गया। कोरोना के नए सब वैरिएंट ने दुनिया भर के 40 से अधिक देशों में दस्तक दे दी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो पिछले चार हफ्तों के दौरान विश्व में नए मामलों की संख्या में 52 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवधि के दौरान 850,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पिछले 28 दिनों की अवधि की तुलना में नई मौतों की संख्या में 8 प्रतिशत की कमी आई है, 3,000 से अधिक नई मौतें दर्ज की गई हैं।

कोविड के नए वेरिएंट की दस्तक उस समय सुनाई दे रही है जब भारत में आम चुनाव की तैयारियां शुरू हो चुकी है। भारत में 18 वीं लोकसभा के लिए अप्रैल 2024 तक चुनाव कराये जाने है। ये चुनाव देशकाल ,परिस्थितियों को देखते हुए आगे-पीछे भी कराये जा सकते हैं।सत्तारूढ़ दल इस समय अपनी लोकप्रियता के चलते लोकसभा के चुनाव समय पूर्व करने के फेर में है। यानि चुनाव फरवरी में ही कराये जा सकते है। इसी हिसाब से केंद्रीय चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है ,लेकिन यदि कोविड के नए वेरिएंट ने उत्पात मचाया तो इन चुनावों को आगे भी बढ़ाया जा सकता है ,लेकिन ये एक काल्पनिक स्थिति है। भारत में लोकसभा के समयपूर्व चुनाव करने का लंबा इतिहास है। कभी लोकसभा पूरे पांच साल चली तो कभी केवल सोलह महीने भी। ग्यारहवीं लोकसभा तो केवल डेढ़ साल ही चल पाई थी । यानि इस देश में 40 महीने में लोकसभा के चुनाव तीन बार भी हो चुके हैं ।

अभी तो इसी बात की सम्भावना है की सरकार कोविद के नए वेरिएंट के प्रबल होने से पहले ही लोकसभा के चुनाव करा ले,लेकिन 22 जनवरी को राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मानाने के बाद ही मौजूदा सरकार लोकसभा चुनाव करना चाहती है। लोकसभा चुनावों को टालने का अभी सरकार का कोई मन नहीं है लेकिन विषम परिस्थितियों में कब ,क्या हो जाये कोई नहीं जानता। हम सबको प्रार्थना करना चाहिए कि लोकसभा चुनावों पार कोविद का बुरा साया न पड़े । इसके लिए आवश्यक है कि सरकार के साथ हम सब भी जेएन-1 की रोकथाम के लिए अभी से सतर्कता बरतना शुरू कर दें ताकि हमें फिर एक बार मुसीबतों का सामना न करना पड़े।

**@ राकेश अचल**

# 'काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं, गीत नया गाता हूं'.....

**दैनिक समाज जागरण**



अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर (बड़ा दिन) 1924 को लश्कर, ग्वालियर में हुआ था, जो कि मध्य प्रदेश में है। 'शिंके का बाड़ा मुहल्ले' में जन्म लेने वाला यह बालक कितना बड़ा भाग्य लेकर पैदा हुआ। इनके पिता 'पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी' अध्यापन का कार्य करते थे और माता 'कृष्णा देवी' घरेलू महिला थीं। श्री वाजपेयी संतान क्रम में सातवें थे। इनसे बड़े तीन भाई और तीन बहनें थीं। वह बचपन से ही अंतमुर्खी स्वभाव के थे, साथ ही काफी प्रतिभा सम्पन्न भी थे। अटल बिहारी वाजपेयी के बड़े भाइयों को 'अवध बिहारी वाजपेयी', 'सदा बिहारी वाजपेयी' तथा 'प्रेम बिहारी वाजपेयी' के नाम से जाना जाता है।

### विद्यार्थी जीवन

अटल बिहारी वाजपेयी के पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी शिक्षण व्यवसाय से सम्बन्धित थे, इस कारण इन्हें कई स्थानों पर रहना पड़ता था। लेकिन अटलजी की आरम्भिक शिक्षा 'बड़नगर' के 'गोरखी विद्यालय' में सम्पन्न हुई। बड़नगर में इनके पिता प्रधानाध्यापक के पद पर थे। इस विद्यालय में अटलजी ने आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त की। वक्ता के रूप में इन्हें इसी विद्यालय से पहचान प्राप्त हुई थी। जब वह कक्षा पाँच में थे तब पाठ्येतर गतिविधियों के अंतर्गत उन्होंने प्रथम बार भाषण दिया था। लेकिन बड़नगर में उच्च शिक्षा व्यवस्था न होने के कारण अटल जी को ग्वालियर जाना पड़ा। इनका नामांकन 'विक्टोरिया कॉलेजियट स्कूल' में हुआ। नौवीं कक्षा से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई अटल जी ने इसी विद्यालय से पूर्ण की। इस विद्यालय में रहते हुए उनकी वाद-विवाद सम्बन्धी प्रतिभा को उचित प्रवाह प्राप्त हुआ। वह वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम भी आए। महात्मा रामचन्द्र वीर द्वारा रचित अमर कृति "विजय पताका" पढकर अटल जी के जीवन की दिशा ही बदल गयी।

इंटरमीडिएट करने के बाद अटल जी ने 'विक्टोरिया कॉलेज' में स्नातक स्तर की शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रवेश लिया। स्नातक स्तर की शिक्षा हेतु उन्होंने तीनों विषय भाषा पर आधारित लिए जो संस्कृत, हिन्दी एवं अंग्रेजी थे। अटल जी की साहित्यिक प्रकृति थी, जिससे वह तीनों भाषाओं के प्रति आकृष्ट हुए। कॉलेज जीवन में ही इन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में हिस्सा लेना आरम्भ कर दिया था। शुरू में वह 'छात्र संगठन' से जुड़े। नारायण राव तरटे ने इन्हें काफी प्रभावित किया, जो राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख कार्यकर्ता थे। ग्वालियर में रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शाखा प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों की पूर्ति की। कॉलेज जीवन में उन्होंने कविताओं की रचना करना आरम्भ कर दिया था। इनकी साहित्यिक अभिरुचि उसी समय काफी परवान चढ़ी। इनके कॉलेज में अखिल भारतीय स्तर के कवि सम्मेलनों का भी आयोजन होता था। इस कारण से कविता की गहराई समझने में इन्हें काफी मदद मिली। 1943 में वाजपेयी जी कॉलेज यूनियन के सचिव रहे और 1944 में उपाध्यक्ष भी बने। ग्वालियर की स्नातक उपाधि प्राप्त करने के बाद अटलजी कानपुर आ गए ताकि राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा प्राप्त कर सकें। वहाँ उन्होंने एम. ए. तथा एलएल. बी. में एक साथ प्रवेश लिया। चूंकि स्नातक परीक्षा इन्होंने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी, इस कारण इन्हें छात्रवृत्ति भी प्राप्त हो रही थी। कानपुर के डी. ए. वी. महाविद्यालय से इन्होंने कला में स्नातकोत्तर उपाधि भी प्रथम श्रेणी में प्राप्त की।

### व्यावसायिक जीवन

शिक्षक पिता की संतान होने के कारण अटल जी शिक्षा का महत्त्व अच्छी तरह से जानते थे। इस कारण पी. एच. डी. करने के लिए वह लखनऊ चले गए और वकालत की पढ़ाई स्थगित कर दी। पढ़ाई के साथ-साथ वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यों का भी सम्पादन करने लगे। लेकिन अटलजी पी. एच. डी. करने में सफलता प्राप्त नहीं कर सके, क्योंकि पत्रकारिता से जुड़ने के कारण इन्हें अध्ययन के लिए समय नहीं मिल रहा था। उन दिनों 'राष्ट्रधर्म' नामक समाचार पत्र पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सम्पादन में लखनऊ से मुद्रित हो रहा था। तब श्री अटल बिहारी वाजपेयी इसके सह सम्पादक के रूप में नियुक्त किए गए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय इस समाचार पत्र का सम्पादकीय स्वयं लिखते थे और अखबार का बाकी कार्य अटल जी एवं इनके सहायक करते थे। लेकिन सही मायने में अटल जी ही इसके सम्पादक थे। अटल जी के आने के बाद 'राष्ट्रधर्म' समाचार पत्र का प्रसार काफी बढ़ गया। ऐसे में इसके लिए स्वयं की प्रेस का प्रबन्ध किया गया। इस प्रेस का नाम भारत प्रेस रखा गया था।

### अटल बिहारी वाजपेयी संयुक्त राष्ट्र सभा में भाषण देते हुए

कुछ समय के बाद 'भारत प्रेस' से मुद्रित होने वाला दूसरा समाचार पत्र 'पाँचजन्य' भी प्रकाशित होने लगा। इस समाचार पत्र का सम्पादन पूर्ण रूप से अटलजी करते थे। देश आजाद हो गया था। कुछ समय के बाद 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या हुई। नाथूराम गोडसे का सम्बन्ध राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से होने के कारण भारत सरकार ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को प्रतिबन्धित कर दिया। चूंकि 'भारत प्रेस' भी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रभाव क्षेत्र में थी, इसीलिए भारत प्रेस को बन्द कर दिया गया। लेकिन अटल जी को अब पत्रकारिता में अत्यन्त आनन्द आने लगा था। इस कारण वह इलाहाबाद चले गए और उन्होंने 'क्राइसिस टाइम्स' नामक अंग्रेजी साप्ताहिक के लिए अपनी सेवाएँ देना आरम्भ कर दिया। परन्तु 'क्राइसिस टाइम्स' का साथ 'क्राइसिस' रहने तक ही था। जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर लगा प्रतिबंध हटा तो वह 'क्राइसिस टाइम्स' भी गुजर गया। अटल जी पुनः लखनऊ लौटे और उनके सम्पादन में 'स्वदेश' नामक दैनिक पत्र निकलना आरम्भ हो गया। थोड़े ही दिनों में जहाँ 'स्वदेश' लोकप्रिय हुआ, वहीं अटल जी के सम्पादकीय भी काफी सराहे गए और चर्चा का केन्द्र बने। लेकिन लगातार होने वाली हानि के कारण 'स्वदेश' को बंद कर देना पड़ा। तब अटल जी दिल्ली से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र 'वीर अर्जुन' का सम्पादन करने लगे। यह दैनिक एवं साप्ताहिक दोनों आधार पर प्रकाशित हो रहा था। 'वीर अर्जुन' का सम्पादन करने हुए एक पत्रकार के रूप में इन्हें काफी प्रतिष्ठा और सम्मान मिला। अतः राजनेता से पूर्व अटल जी को एक कवि और पत्रकार के रूप में मान्यता प्राप्त हो गई थी।

### राजनीतिक जीवन

'राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ' (आर. एस. एस.) हिन्दुत्ववादी विचारधारा की प्रमुख संस्था है लेकिन भारत सरकार की नजर में वह अलागववादी विचारधारा का पोषण कर रही थी। इस कारण आर. एस. एस. पर कई प्रकार के राजनयिक प्रतिबन्ध लगा दिए गए। ऐसे में आर. एस. एस. ने भारतीय जनसंघ का गठन किया जो राजनीतिक विचारधारा वाला दल था। भारतीय जनसंघ का जन्म संघ परिवार की राजनीतिक संस्था के रूप में हुआ, जिसके अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। अटल जी उस समय से ही इस संस्था के संगठनात्मक ढाँचे से जुड़ गए। तब वह अध्यक्ष के निजी सचिव के रूप में दल का कार्य देख रहे थे। इस कारण उन्हें जनसंघ के सबसे पुराने व्यक्तियों में एक माना जाता है। भारतीय जनसंघ ने सर्वप्रथम 1952 के आम चुनावों में भाग लिया। तब उसका चुनाव चिह्न 'दीपक' था। चुनावों में भारतीय जनसंघ को कोई विशेष कामयाबी प्राप्त नहीं हुई, फिर भी डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी राष्ट्रीय हित में कार्य करते रहे। उस समय भी कश्मीर का मामला अत्यन्त संवेदनशील था। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अटल जी के साथ जम्मू-कश्मीर के लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। वह कश्मीर के हिन्दुओं को अपने अधिकारों के लिए जाग्रत कर रहे थे। लेकिन सरकार ने इसे साम्प्रदायिक गतिविधि मानते हुए डॉक्टर मुखर्जी को गिरफ्तार करके जेल में ठूँस दिया। डॉक्टर मुखर्जी की 23 जून 1953 को जेल में ही मृत्यु हो गई। तब जनसंघ के समर्थकों ने उनकी मृत्यु को एक गहरी साज़िश मानते हुए इसे हत्या करार दिया।

### दूसरा आम चुनाव

अब भारतीय जनसंघ का काम अटल जी प्रमुख रूप से देखने लगे। इन पर राजनीतिक रंग पूरी तरह से हावी हो चुका था। तभी दूसरा आम चुनाव आ गया। 1957 के इन चुनावों में भारतीय जनसंघ को चार स्थानों पर विजय प्राप्त हुई। अटल जी पहली बार बलरामपुर सीट से विजयी होकर लोकसभा में पहुँचे। 1957 में लोकसभा चुनाव हेतु अटल जी ने तीन स्थानों से नामांकन पत्र दाखिल किया था। बलरामपुर के अलावा उन्होंने लखनऊ और मथुरा से भी पर्चे भरे थे। बलरामपुर एक रियासत थी। जिसका आजादी के बाद उत्तर प्रदेश राज्य में विलय कर दिया गया था।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का हुआ भव्य आयोजन

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उपराष्ट्रपति

**पूरी दुनिया में लॉ एंड ऑर्डर का रोल मॉडल बन चुका है यूपी**

यूपी आज प्रिमियम कैटेगरी के उद्योगों का फेवरेट डेस्टिनेशन

मुख्यमंत्री से प्रेरणा लें विद्यार्थी

उपराष्ट्रपति ने कहा, राजनीतिज्ञ ही नहीं, दूरदृष्टा, धर्मवेत्ता और स्टेट्समैन हैं योगी आदित्यनाथ -उपराष्ट्रपति

मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

ज्ञान, धर्म और टीम वर्क की सीख देते हैं गौतम बुद्ध

शून्य से शिखर की आदर्श प्रतिमूर्ति हैं उप राष्ट्रपति, युवाओं को इनसे लेनी चाहिए प्रेरणा

समाज के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें

देश, काल, परिस्थितियों के हिसाब से बदलती रहती है उपासना पद्धति, धर्म शाश्वत है

समस्याओं को स्वीकारना चाहिए, सत्य बोलो और धर्म के मार्ग पर चलो -मुख्यमंत्री






गौतम बुद्ध नगर 24 दिसंबर, 2023 जनपद गौतम बुद्ध नगर में स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ग्रेटर नोएडा का आज रविवार को दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी उपस्थित रहे, जिनका उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री/कुलाधिपति गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय योगी आदित्यनाथ जी ने दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजित दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 8 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। वहीं 8 संकायों के विद्या वाचस्पति, स्नातकोत्तर और स्नातक के 7914 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा म्यांमार, वियतनाम, लाओस, थाईलैंड और ताइवान के पांच विदेशी छात्रों को भी उपाधियां प्रदान की गईं।

दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुये कहा कि मेरे लिये वो एक सुखद दिन था, जब मुझसे कहा गया कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आपसे बात करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में नाम हासिल किया है। योगी आदित्यनाथ आज पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं। हम सब जानते हैं कि यूपी में पहले क्या हालात थे। कानून व्यवस्था और विकास की दृष्टि से ये प्रदेश सबकी चिंता का विषय था। मगर आज यूपी देश ही नहीं दुनिया में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर रोल मॉडल बन चुका है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक वकालत के पेशे में रहने के कारण उनका उद्योग जगत से गहरा नाता रहा है और उन्हें ये बात कहने में खुशी होती है कि यूपी आज प्रिमियम कैटेगरी के उद्योगों के लिए फेवरेट डेस्टिनेशन बन चुका है।

उप राष्ट्रपति जी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में वो जो कहना चाहते थे उसे मुख्यमंत्री ने उनसे भी बेहतर ढंग से कहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का भाषण किसी राजनीतिक व्यक्ति का नहीं बल्कि एक धर्मवेत्ता, एक स्टेट्समैन, एक शिक्षाविद और दूरदृष्टा व्यक्ति का भाषण था। उप राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री के भाषणों को केवल भाषण नहीं बल्कि सीएम योगी के वर्तमान कार्यकलापों की झलक बताया। उन्होंने कहा कि एग्जाम्पल हमेशा स्टेटमेंट से बेहतर होता है। मुख्यमंत्री का भाषण वर्तमान में उनके शासनकाल में दिखता है। योगी आदित्यनाथ आज पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं। आप सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उप राष्ट्रपति ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों के स्तर तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री से मांग भी की साथ ही ये विश्वास भी जताया कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आने वाले समय में भारत तकनीकी का हब बनने जा रहा है। उप राष्ट्रपति ने कॉर्पोरेट सेक्टर से देश के शिक्षण संस्थाओं में निवेश के लिए कहा। उन्होंने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन के मामले में उत्तर प्रदेश बड़ा हब बनने की राह पर है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नए संसद भवन आने का निमंत्रण भी दिया। साथ ही उपाधि प्राप्त करने वाले विद्याथियों से आह्वान किया कि वे नेशन फर्स्ट की भावना के साथ अपनी जिंदगी में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री/कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ जी ने अपने उद्बोधन में उप राष्ट्रपति द्वारा खराब मौसम के बावजूद सड़क मार्ग से समय से पहले ही समारोह में पहुंचने को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने उप राष्ट्रपति को शून्य से शिखर की आदर्श प्रतिमूर्ति बताया। वहीं उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाएं हमें बुद्धि और विवेक से धर्म का आचरण करते हुए टीम भावना के लिए प्रेरित करती हैं।

मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के सभी छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण भगवान गौतम बुद्ध के नाम पर हुआ है। बुद्ध के जीवन में हमें बहुत सी विशेषताएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने जीवन के जिन रहस्यों को उद्घाटित किया था, वो हर मनुष्य के इर्द-गिर्द घटती हैं। बुद्ध ने हमें सिखाया है कि हमें समस्याओं को स्वीकारना आना चाहिए। जैसे ही हम समस्या को स्वीकार करते हैं तो उसके समाधान का रास्ता भी तलाशना होता है। अक्सर होता ये है कि हम समस्या को ही स्वीकार नहीं करते। हमारी विफलता का रहस्य समस्या से मुंह मोड़ने में ही छिपा है। उन्होंने कहा कि बुद्ध का जीवन ना सिर्फ प्रेरणादायी है, बल्कि देश और दुनिया को नई राह दिखाने वाला भी है।

**पर्सन ऑफ एक्शन के प्रतीक बन चुके हैं योगी आदित्यनाथ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीक्षांत उपदेश भारत की गुरुकल परंपरा से आई है, जिसमें एक गुरु शिक्षा के उपरांत अपने शिष्य को उपदेश देता है कि तुमने जो भी ज्ञान प्राप्त किया है, उसका सार यही है कि सत्य बोलो और धर्म के मार्ग पर चलो। बुद्ध भी कहते हैं कि धर्म की शरण में जाओ। धर्म पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि सदाचार, नैतिक मूल्य और कर्तव्य का समन्वित रूप है। ये हर देश, काल, परिस्थिति में समान रहता है। उपासना पद्धति देश, काल और परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। मगर धर्म शाश्वत व्यवस्था है। बुद्ध ने अपने प्रत्येक अनुयायियों को बुद्ध यानी बुद्धि-विवेक की शरण में जाने के लिए कहा है। इसके अलावा उन्होंने संघ की शरण यानी टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए कहा है। विश्वविद्यालय हो, उद्योग जगत हो या परिवार, टीम वर्क हमेशा परिणाम देता है। वही टीम परिणाम देती है जो वन लीडरशिप में कार्य करती है। बुद्ध का उपदेश मानवता के कल्याण का मार्ग खोलती है।

उन्होंनें उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से कहा कि विश्वविद्यालय के बाद अनंत संभावनाएं आपका इंतजार कर रही हैं। युवा पीढ़ी को ही विश्व का हित तय करना है। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थानों को केवल डिग्री बांटने का सेंटर नहीं बनना चाहिए। शिक्षण संस्थानों का निर्माण समाज के सहयोग से प्राप्त पैसों से होता है, तो हमें माता, पिता और गुरु के प्रति कृतज्ञता का भाव तो रखना ही है, साथ ही साथ समाज के प्रति भी कृतज्ञ होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने जेवर एयरपोर्ट के सोशल इम्पैक्ट स्टडी का कार्य किया। इससे फैकल्टी और छात्रों को नया अनुभव तो हुआ ही साथ ही विश्वविद्यालय को आर्थिक लाभ भी हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का इंडस्ट्री के साथ जुड़ाव होना और रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ ही इनोवेशन सेंटर के रूप में कार्य करना होगा।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता(नंदी), लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, कुलपति प्रो0 रविन्द्र कुमार सिन्हा, डीन एकेडमिक प्रो0 एमपी मलकानिया, प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व पुलिस विभाग, जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के फैकल्टी मैंबर्स और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अवैध तरीके से शराब की बिक्री करने वाला गिरफ्तार

रामेश्वर वाराणसी अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन व अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त राजातालाब के कुशल नेतृत्व में जन्सा पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम कतवारूपुर में पतिराज सिंह के मकान के सामने गुमटी के पास पर दविश देकर अवैध तरीके से बिक्री कर रहे बाबूलाल बेनवंशी पुत्र स्व0 सीताराम बेनवंशी निवासी गड़ौरा, थाना सुरियावाँ, जनपद भदोही को 20 शीशी देशी शराब व बिक्री के 240/- रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जन्सा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 256/2023 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**दैनिक समाज जागरण को आगरा एवं मथूरा के लिए चाहिए, संवाददाता एवं विज्ञापन प्रतिनिधी।।**

## राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा: वितरित किए पूजित अक्षत कलश, निमंत्रण- राम मंदिर का चित्र

ब्यूरो समाज जागरण अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को लेकर 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत (पीले चावल) का घर-घर वितरण किया जाएगा। इसके लिए पांच



नवंबर को अयोध्या में रामलला के मंदिर में पूजित अक्षत कलश देश के सभी जिलों में पहुंच चुके हैं। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को नवनिर्मित भगवान श्री राम के भव्य दिव्य मंदिर में रामलला विराजित होंगे। 500 वर्षों के सतत संघर्ष और असंख्य हुतात्माओं के बलिदानों के उपरांत यह गौरवशाली दिन विश्व इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। 22 जनवरी का सूर्योदय भारत के चरम उत्कर्ष का सूर्य उदय होगा। भारतीय इतिहास का गौरवशाली सातवां स्वर्णिम पृष्ठ लिखा जायेगा। आप सभी अपनीझअपनी श्रद्धानुसार परिवार के साथ श्री राम मंदिर के दर्शन हेतू अवश्य पधारें। समस्त हिन्दू समाज को आग्रह किया गया है कि 22 जनवरी रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने शहर, गांव एवं मोहल्ले के मंदिर में प्रातः 11 बजे एकत्रित हो और हनुमान चालीसा का पाठ, भगवान राम की आरती, विजय महामंत्र आदि पाठ अवश्य करे। अयोध्या जी में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह लाइव देखे और श्रीरामोत्सव का आनंद लें। संपूर्ण भारतवर्ष में "राममय वातावरण हो" "समरसता का वातावरण हो" "राम सबके हैं, सब राम के हैं" यह महत्वपूर्ण संदेश जाए यह बात बीकापुर के चौरे बाजार में आयोजित अक्षत वितरण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड / नगर बीकापुर प्रचारक अभिषेक जी ने कहीं। चौरे बाजार में खंड बैठक आयोजित हुई। खंड बैठक में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अभिषेक जी ने कहा अयोध्या में निर्मित भव्य दिव्य भगवान श्री राम के मंदिर में रामलला 22 जनवरी को विराजित होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या से पूजित अक्षत (पीले चावल) देश के समस्त मंडल (न्याय पंचायत) को भेजे गए हैं। श्री अयोध्या में पूजित अक्षत में अपने खंड के कार्यकर्ता अक्षत, गाय माता का शुद्ध घृत तथा हल्दी मिलायेंगे, जिसके पश्चात यह अक्षत भी पूजित अक्षत के समान हो जाएंगे। बीकापुर के कार्यकर्ता यह पूजित अक्षत अपने-अपने खंड में प्रत्येक हिंदू परिवार को निमंत्रण के लिए देंगे। खंड में पूजित अक्षत के साथ श्री राम जन्मभूमि और रामलला के भव्य चित्र और पत्रक प्रत्येक घर तक लेकर जाएंगे। आम जनमानस को निमंत्रण के लिए पूजित सामग्री संपूर्ण खंड के प्रत्येक नगर और ग्राम के लिए भेजे गए हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन के कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे।

## योगी सरकार के जीरो टारलेंस नीति: वेंडिंग जोन के पास अवैध वेंडर का जमावड़ा

**समाज जागरण डेस्क नोएडा**

भले ही योगी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की बात करते हो लेकिन सच कुछ और ही बता रहा है। नोएडा प्राधिकरण के जिन सर्किल आफिसर और सुपरवाइजर मैनेजर के क्षेत्र मे सबसे ज्यादा अतिक्रमण हो उनको सबसे ज्यादा प्रमोशन किया जाता है। आप सेक्टर दो के मामले मे भी ऐसा देख सकते है। प्रमोशन होना भी लाजमी है आज राजनीतिक का जमाना है और हर व्यक्ति किसी न किसी राजनीतिक दल से जुड़ा है चाहे वेंडर हो या फिर वेंडिंग माफिया। राजनीति दल को जितना आपसे फायदा होगा उतना ही आपका भी होगा। नही होगा तो भी आप कुछ कर नही सकते है। नोएडा प्राधिकरण ने स्वयं अपने पत्र में सेक्टर 2 के बारे मे लिखा था और एक आईजीआरएस के माध्यम से जानकारी दी थी। सवाल उठता है कि जब नोएडा में ऐसे ही अपने अपनों को पैसे लेकर दुकान लगवाए जा रहे है और कर्मचारी, सर्किल आफिसर और सुपरवाइजर अपने जेब भर रहे है तो फिर वेंडिग जोन बनाने की जरूरत क्या थी।

रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्याम किशोर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि नोएडा प्राधिकरण के कथन अनुसार वर्ष 2018 में 7652 वेंडर्स द्वारा आवेदन जमा किया गया था जिनके एवज मे 4936 वेंडर्स को आवंटन प्रदान किया गया है, व शेष बाकी है। नोएडा शहर के प्रत्येक सेक्टर में वर्ष 2018 के जमा आवेदनों की सूची के अनुसार ही वेंडर को कार्य करने दिया जाना सुनिश्चित किया गया था। लेकिन ऐसा नही हुआ। आज जितने लोगों को जोन मे जगह दिया गया है उससे 5 गुणा ज्यादा लोग बिना जोन के है और जो लोग जोन मे बैठे है उनका कही न कही व्यवसायिक नुकसान कर रहे है । क्या जिन वेंडर को जोन मे व्यवस्थित किया गया है उनको लाइसेंस दिया जा चुका है इनका सूची प्रदान करना चाहिए प्राधिकरण जो कि नही कर रहे है।

नोएडा प्राधिकरण द्वारा वेंडर को लाइसेंस प्रदान कर वेंडिंग जोन में स्थान नियुक्त करा जा रहा है जिसका मेंटेनेंस शुल्क आवंटित वेंडर प्राधिकरण को जमा करा रहा है परंतु वेंडिंग जोन में आवंटित वेंडर्स के साथ अनुचित रूप से बिना लाइसेंसी वेंडर भी कार्य कर रहा है ऐसे में आवंटित वेंडर को आवंटन प्रदान करने का क्या औचित्य हुआ, ह्लवेंडिंग जोन में आवंटित वेंडर के अतिरिक्त कोई कार्य ना करें जिससे आवंटित वेंडर को उसके आवंटन के लाभ मिल सकें अगर लाभ नही मिलेगा तो फिर वेंडिंग जोन बनाने और लाइसेंस बांटने की क्या जरूरत थी। प्राधिकरण के रिकार्ड के अनुसार 2018 मे इतने लोगों ने इन सेक्टरों तथा गाँव के लिए फार्म भरा था:-



सेक्टर 01 में 44 वेंडर्स द्वारा आवेदन भरे गए व सेक्टर 02 में 93, सेक्टर 03 में 47, सेक्टर 04 में 158, सेक्टर 05 में 356, सेक्टर 06 में 115, सेक्टर 07 में 78, सेक्टर 08 में 152, सेक्टर 09 में 225, सेक्टर 10 में 65, सेक्टर 11 में 66, सेक्टर 12 में 160, सेक्टर 14 में 54, सेक्टर 15 में 78, सेक्टर 16 व 16 ए में 179, सेक्टर 17 में 5, सेक्टर 18 में 304, सेक्टर 19 में 69, सेक्टर 20 में 30, सेक्टर 21 में 15, सेक्टर 22 में 120, सेक्टर 23 में 03, सेक्टर 24 में 17, सेक्टर 25 में 29 सेक्टर 26 में 26, सेक्टर 27 में 463, सेक्टर 28 में 05, सेक्टर 29 में 75, सेक्टर 30 में 20, सेक्टर 31 में 75, सेक्टर 32 में 29, सेक्टर 33 में 9, सेक्टर 34 में 128, सेक्टर 35 में 37, सेक्टर 36 में 17, सेक्टर 37 में 95, सेक्टर 38 में 43, सेक्टर 39 में 27, सेक्टर 40 में 08 सेक्टर 41 में 43, सेक्टर 42 में 3, सेक्टर 43 में 11, सेक्टर 44 में 77, सेक्टर 45 में 282, सेक्टर 46 में 22, सेक्टर 47 में 12, सेक्टर 48 में 09, सेक्टर 49 में 33, सेक्टर 50 में 101, सेक्टर 51 में 56, सेक्टर 52 में 10, सेक्टर 53 में 39, सेक्टर 54 में 08, सेक्टर 55 में 46, सेक्टर 56 में 14, सेक्टर 57 में 114, सेक्टर 58 में 174, सेक्टर 59 में 91, सेक्टर 60 में 43, सेक्टर 61 में 29, सेक्टर 62 में 620, सेक्टर 63 में 347, सेक्टर 64 में 33, सेक्टर 65 में 57, सेक्टर 66 में 270, सेक्टर 67 में 7, सेक्टर 68 में 14, सेक्टर 69 में 2, सेक्टर 70 में 08, सेक्टर 71 में 45, सेक्टर 72 में 05, सेक्टर 73 में 14, सेक्टर 74 में 32, सेक्टर 75 में 10, सेक्टर 76 में 49, सेक्टर 77 में 7, सेक्टर 78 में 37, सेक्टर 79 में 03, सेक्टर 80 में 12, सेक्टर 81 में 13, सेक्टर 82 में 25, सेक्टर 83 में 15, सेक्टर 86 में 02, सेक्टर 87 में 04, सेक्टर 88 में 4, सेक्टर 90 में 01, सेक्टर 91 में 02, सेक्टर 93 में 63, सेक्टर 94 में 10, सेक्टर 96 में 01, सेक्टर 97 में 02, सेक्टर 99 में 06, सेक्टर 100 में 06, सेक्टर 101 में 3, सेक्टर 102 में 01, सेक्टर 104 में 09, सेक्टर 105 में 11, सेक्टर 106 में 01, सेक्टर 107 में 7, सेक्टर 108 में 17, सेक्टर 109 में 01, सेक्टर 110 में 82, सेक्टर 112 में 02, सेक्टर 115 में 09, सेक्टर 117 में 01, सेक्टर 118 में 02, सेक्टर 119 में 23, सेक्टर 120 में 26, सेक्टर 121 में 19, सेक्टर 122 में 51, सेक्टर 123 में 01, सेक्टर 01 में 23, सेक्टर 126 में 68, सेक्टर 127 में 41, सेक्टर 128 में 11, सेक्टर 129 में 03, सेक्टर 132 में 17, सेक्टर 134 में 2, सेक्टर 135 में 64, सेक्टर 136 में 03, सेक्टर 137 में 10, सेक्टर 141 में 6, सेक्टर 142 में 05, सेक्टर 143 में 2, सेक्टर 144 में 02, सेक्टर 150 में 02, सेक्टर 153 में 01 आवेदन वर्ष 2018 में जमा हुए इनके अतिरिक्त जो भी अवैध रेहड़ियां सभी सेक्टरों में लग रही है वे केवल नोएडा प्राधिकरण सामान्य प्रशासन, वर्क सर्किल जेई, सुपरवाइजर, फोर्थ क्लास कर्मचारियों के संरक्षण में लग रही है, उपरोक्त सभी आवेदनों के अनुसार ही वेंडर्स को कार्य करने दिया जाए या सभी का सत्यापन कर उन्हें स्थान आवंटित कर व्यवस्थित करा जाए

## शीतलहर से बचाव के लिए गरीबों को बाटा गया कंबल

**समाज जागरण**

रामेश्वर। क्षेत्र के चंदापुर गांव में मेकिंग द डिफरेंस फाउंडेशन एवं डोनेट कार्ड द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं , बुजुर्गों व निराश्रितो को कंबल वितरण किया गया। संस्था के सचिव प्रिंस चौबे ने बताया कि उत्तर भारत में शीतलहर को देखते हुए संस्था द्वारा कंबल वितरण का कार्य कराया जा रहा है जिसमें समाज में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को चिन्हित करके लाभ दिया जा रहा है। अभियान का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा, चंद्रजीत विश्वकर्मा, डोनेट कार्ड से सारंग,



संदीप कुमार,जितेंद्र राजपुरोहित द्वारा उत्तर भारत में लगातार गर्म कपड़े वितरित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा ,आकाश मिश्रा, धर्मेंद्र राजभर, दीपक विश्वकर्मा, अजीत कुमार ,रविंद्र कुमार ग्राम प्रधान चंदापुर गीत देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे

## *सहकारिता मंत्री का अधिकारियो ने किया स्वागत

रामेश्वर वाराणसी। प्रदेश के सहकारिता मंत्री जे पी एस राठौर का गाजीपुर से वाराणसी आते समय कैथी स्थित टोल प्लाजा पर उपायुक्त सहकारिता तथा प्रभारी सहायक आयुक्त सोमी सिंह की अगुवाई मे सहकारिता विभाग के अधिकारियो ने बुके देकर और माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि सहकारिता मंत्री दो दिवसीय प्रवास पर वाराणसी आये है जहाँ वे बीएचयू मे महामना जयंती समारोह के साथ कई कार्यक्रमो मे शिरकत करेंगे।

स्वागत करने वालो मे सचिव जिलासहकारीबैंक अखिलेश कुशवाहा, डीजीएम प्रशासन उदरेज प्रजापति ,एडीसीओ मनोजसिंह ,विजय कुमार , नीरज आनंद, एडीओ अवधेश सिंह इत्यादि मौजूद रहे।



## दादाजी फाउंडेशन नें बांटा कंबल

रामेश्वर क्षेत्र के चक्का गाँव में रविवार को दादा जी फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीत गुलाबचन्द चौबे दीपक द्वारा 250 जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आयकर उपायुक्त अवधेश कुमार दूबे नें कहा कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई को चरितार्थ करते हुये फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीत गुलाबचन्द चौबे नें बहुत ही पुनीत कार्य किया है। विशिष्ट अतिथि अवधेश सिंह सारथी नें कहा जरूरतमंदों की सहायता ही सत्य सनातन धर्म है। फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीत गुलाबचंद (दीपक) चौबे नें कहा कि अपनें पुरखों की स्मृति में बनें दादाजी फाउंडेशन द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों की सहायता करना जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश तिवारी, वागीश चौबे, नागेश चौबे, अंकित चौबे, गगन चौबे, प्रेम चौबे, गुलाबचन्द चौबे आदि लोग उपस्थित रहे।



## काशी विश्वनाथ धाम और स्वर्वेद मंदिर तक चलेंगी ई-बसें

वाराणसी काशी आने वाले पर्यटकों को ई-बसों से सैर कराई जाएगी। इसकी शुरूआत एक जनवरी से होगी। कैंट स्टेशन से चलने वाली इन बसों से श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, संकटमोचन, दुगाकुंड, सारनाथ, चौबेपुर में स्वर्वेद मंदिर, मार्कंडेय महादेव, रोहनिया स्थित शूलटंकेश्वर महादेव और रामनगर का किला भी घुमाया जाएगा। वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज ने काशी दर्शन यात्रा की रूपरेखा तैयार की है। पहले चरण में छह ई-बसें काशी दर्शन के लिए लगाई जाएंगी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से काशी में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी है। दक्षिण भारतीय और अन्य महानगरों से आने वालों का क्रम बना हुआ है। ऐसे में उन्हें सिटी ट्रांसपोर्ट की ई-बसों से काशी दर्शन कराने की योजना बनाई गई है। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के अधिकारियों ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय को काशी दर्शन का प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर मुहर लग गई है।



वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के एमडी गौरव वर्मा ने बताया कि काशी दर्शन यात्रा की शुरूआत एक जनवरी से करने की योजना है। इसमें पर्यटकों को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, स्वर्वेद मंदिर, संकटमोचन, दुगाकुंड, सारनाथ आदि पौराणिक महत्व वाले स्थानों तक पहुंचाया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से ई-बसें काफी उपयुक्त हैं, सीसी कैमरे से लैस इस बसों की कंट्रोल रूम से ऑनलाइन निगरानी भी होती रहती है।

## घर घर के०सी०सी० अभियान चलाकर बैंक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करें -: मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय कुमार गौतम

### नाबार्ड द्वारा बनाए गए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना का विमोचन

**समाज जागरण**

जनपद इटावा में विकास भवन के प्रेरणा सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की विशेष बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, ऋण जमानुपात, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, माटीकला, वार्षिक ऋण योजना, स्वयं सहायता समहू, पीएम स्वानिधि योजना आदि योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी बैंक सरकारी योजनाओं में अधिक से अधिक ऋण वितरित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जिन बैंकों का ऋण जमानुपात 40 प्रतिशत से कम है, उनको 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिए कि घर घर केसीसी अभियान के अंतर्गत ऐसे प्रधानमंत्री किसान लाभार्थियों (जिनको अभी तक किसान क्रेडिट कार्ड नहीं मिल पाया है) को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएं। बैठक के दौरान राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तैयार किये गए इटावा जिले की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना (पीएलपी) 2024-25 का विमोचन अजय कुमार गौतम (आ-ईएएस), मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। नाबार्ड द्वारा जनपद इटावा के लिए बनाए गए संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25 में कुल रुपए 2400.20 करोड़ की बैंक ऋण संभाव्यता का आलकन किया। अरुण कुमार, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, ने बताया कि पीएलपी बनाते समय भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के साथ-साथ राज्य तथा केंद्र सरकार की योजनाओं तथा जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय तौर पर तैयार किए गए रोडमैप के प्रमुख तत्वों का विशेष ध्यान रखा गया है। बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि, सहायक महाप्रबंधक श्री अरुण कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक, उपायुक्त (उद्योग) सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 4



# भगवान को पूर्णता हो जाएं समर्पित,नहीं रहेंगी जीवन में इच्छाएं: महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद जी

## -रोज एनक्लेव स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में दिव्य श्री राम कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम

फरीदकोट, 24 दिसंबर (रघुनंदन पराशर) -देवभूमि हरिद्वार के अनंत श्री विभूषित 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज ने कहा कि जो मनुष्य पूर्णता भगवान को समर्पित हो जाता है फिर उसके जीवन में किसी प्रकार की अन्य इच्छाएं नहीं रहती। वे सभी इच्छाओं व तृष्णाओं से मुक्त हो जाता है। महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद जी महाराज ने ये विचार रोज एनक्लेव स्थित श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर में आयोजित दिव्य श्री राम कथा एवं आध्यात्मिक प्रवचन कार्यक्रम के दौरान प्रवचनों की अमृतवर्षा करते हुए श्रद्धालुओं के विशाल जनसमूह के समक्ष व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कर्म में स्वयं को निमित्त मात्र मानना चाहिए, क्योंकि कर्ता तो प्रभु स्वयं हैं। यदि प्रभु को कर्ता मानकर कर्म करेंगे तो लाभ होगा व खुशी होगी। अगर कुछ हानि भी होती है तो व्यक्ति को दुःख नहीं होगा। स्वामी जी ने कहा कि किष्किंधा कांड में सुग्रीव और हनुमान आदि रहते हैं। महाराज ने ऋष्यमूक पर्वत का अर्थ बताते हुए कहा कि जिस पर्वत के ऊपर ऋषि हमेशा सत्संग, उच्च कोटि की साधना व मौन होकर निरंतर प्रभु ध्यान में निमग्न में रहते हैं उस स्थान को ऋष्यमूक कहा जाता है। ऐसे स्थान पर बाली कभी आ नहीं सकता। महाराज ने बताया कि बाली कर्म है, सुग्रीव जीव है, हनुमान



जी संत हैं और श्री राम भगवान है। यदि सुग्रीव जैसा जीव हनुमान जैसे संतों की संगति में रहेगा तो बाली रूपी कर्म उसको विक्षेप नहीं करेगा एवं ईश्वर रूपी श्री राम स्वयं उस स्थल पर चले आएंगे।

महाराज जी ने कहा कि सूरदास जी एक बार लालटेन लेकर ठाकुर जी का दर्शन करने आए। किसी ने यह दृश्य देखकर व्यंग कर दिया अरे सूरदास जी! आपको लालटेन की क्या आवश्यकता है! आपको तो दिखाई ही नहीं देता। सूरदास जी ने कहा-मुझे भले ही दिखाई नहीं देता है लेकिन लालटेन के प्रकाश में भगवान को तो मैं दिखाई दे जाऊंगा कि मेरा सूरदास यहां खड़ा है। भगवत कृपा दृष्टि की अनुभूति चाहिए। महाराज ने कहा ईश्वर व्यापक हैं, व्यक्ति जो भी कर्म करता है वायु रूप में, सूर्य के प्रकाश रूप में, चंद्रमा की शीतलता के रूप में, पृथ्वी के कण-कण के रूप में व शरीर में स्थित पंच महाभूतों के रूप में यत्र-तत्र-सर्वत्र कर्म करते हुए जीव को ईश्वर देखते ही हैं।

स्वामी जी महाराज ने कहा कि हमेशा दूसरों के सद्गुण व अपने दोष देखने चाहिए। आज के समय में इससे उलट हो रहा है, लोग अपने दोष छिपाते हैं और दूसरों के दोषों का बखान करते फिरते हैं। दोष दर्शन भयानक संक्रामक रोग है, जितना हो सके हमें दूसरों के गुणों को देखकर उसका अनुसरण करना चाहिए। गुणग्राही व्यक्ति ही आत्मदर्शन का अधिकारी होता है।कथा दौरान रोजाना स्वामी श्री सुशांतानंद जी महाराज भी श्रद्धालुओं को प्रवचनों की अमृतवर्षा में स्नान कराने के साथ-साथ सुमधुर भजनों की गंगा में डुबकियां लगवा रहे हैं। कथा में बड़ी गिनती में श्रद्धालु उमड़कर पुण्य-लाभ कमा रहे हैं।

फरीदकोट स्थित श्रीमहामृत्युंजय महादेव मंदिर में श्री राम कथा करते हुए स्वामी श्री कमलानंद गिरि जी महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालु।

# शिवालिक स्कूल शिवालिक पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित

जैतो,24 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर ) : क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था शिवालिक पब्लिक स्कूल इकाई जैतो में शनिवार को पैरेंट्स टीचर मीटिंग रखी गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के अध्यापकों ने बच्चों के रिवीजन टेस्ट और पीरियोडिक परीक्षा (कक्षा दसवीं और बारहवीं)के परिणाम दिखाते हुए बच्चों की प्रतिभा पर पैरेंट्स के साथ विस्तार से चर्चा की। शिवालिक स्कूल में हर महीने के अंत में यह मीटिंग रखी जाती है जिसमें अभिभावकों को समय-समय पर बच्चों की परफॉर्मेंस के बारे में बताया जाता है। इस बार सभी माता -पिता बहुत खुश थे क्योंकि उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा में थोड़ा सा सुधार नजर आ रहा है।स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा भी इस बार पूरी कोशिश की जा रही थी कि बच्चों को किसी भी शिक्षा संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े और उन्होंने समय-समय पर हर कक्षा में खुद जाकर उनका निरीक्षण किया। पहली ट्यूशन कक्षा का परिणाम अच्छा देखते हुए उन्होंने जनवरी महीने से दोबारा ट्यूशन कक्षा शुरू करने की जानकारी दी है।प्राचार्य निखिल गांधी जी ने कहा कि पेरेंट्स टीचर मीटिंग का उद्देश्य जिन कमजोर बच्चों ने इस बार मेहनत की है उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों को स्कूल में आ रही मुश्किलों या अन्य समस्याओं के बारे में पैरेंट्स के साथ चर्चा की गई। इसके अलावा अध्यापकों द्वारा पैरेंट्स को मध्य मार्च से शुरू हो रही दूसरी टर्म की फाइनल परीक्षा की तैयारी और बोर्ड कक्षाओं के सिलेबस आदि के बारे में जानकारी दी गई।





कैप्शन - शिवालिक पब्लिक स्कूल जैतो में आयोजित पेरेंट्स बैठक के दृश्य।( पराशर )

# नागपूर में होगा महाराष्ट्र का 57वां निरंकारी संत समागम 26- 28 जनवरी को आयोजित

## यह समागम विश्वबंधुत्व का संदेश प्रसारित करेगा

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़, 24 दिसम्बर - आज संत निरंकारी सत्संग भवन जैतो में जोनल इंचार्ज फिरोजपुर एन .एस.गिल जी और स्थानक मुखी अशोक धीर जी ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम का भव्य आयोजन सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी की पावन छत्रछाया में 26, 27 एवं 28 जनवरी, 2024 को सेक्टर 12ए, 14 एवं 15, पतंजलि फूड फैक्ट्री के पास, मिहान,सुमठाणा,नागपूर (महाराष्ट्र) के विशाल मैदानों में आयोजित किया जा रहा है। मानव जीवन को अंतर्मन के सुकून से भरपूर करते हुए संसार में अमन शांति का कल्याणकारी संदेश जन मानस तक पहुंचाना ही इस संत समागम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया के फिरोजपुर जोन की सभी ब्रांचों के साथ जैतो ब्रांच से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस समागम में जाएंगे।इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन की तैयारियों के लिए स्वैच्छिक सेवाओं का विधिवत उद्घाटन संत निरंकारी मंडल के प्रचार-प्रसार के मेम्बर इंचार्ज, आदरणीय श्री मोहन छाबड़ा जी, के करकमलों द्वारा आज रविवार को नागपूर सहित मुंबई एवं महाराष्ट्र के अलग अलग स्थानो से आये हजारों श्रद्धालु भक्तों की उपस्थिति में बड़े हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में किया गया।इस अवसर पर संत निरंकारी मंडल के लेखा जोखा विभाग के मेम्बर इंचार्ज श्री जोगिंदर मनचंदा, प्रचार प्रसार के कॉर्डिनेटर, डॉ.दर्शन सिंह, समागम समिति के चैयरमन श्री शम्भुनाथ तिवारी, समन्वयक श्री




किशन नागदेवे एवं सेवादल के केन्द्रीय अधिकारी श्री गुलेरिया और श्री सुरेंद्र दत्ता आदि उपस्थित थे। समागम समिति के अन्य सदस्यों के अतिरिक्त समस्त महाराष्ट्र के क्षेत्रीय संचालकों ने सेवादल स्वयंसेवकों सहित इस समारोह में भाग लिया।

स्वेच्छा सेवाओं के उद्घाटन अवसर पर आदरणीय श्री मोहन छाबड़ा जी ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि सत्गुरु की असीम कृपा से ही इस वर्ष नागपूर में महाराष्ट्र के 57वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम का आयोजन हो रहा है और नागपूर ही नहीं बल्कि पूरे महाराष्ट्र के श्रद्धालु भक्तों को सेवा का अनुपम अवसर प्राप्त हुआ है` उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के समागमों का आयोजन सत्गुरु के दिव्य दृष्टीकोन के अनुसार मानव को मानव के साथ जोड़ने का होता है` मनुष्य जब ईश्वर के साथ अपना नाता जोड़ता है तो सहज ही में वह सभी प्रकार के भेदभावों से ऊपर उठकर विश्वबंधुत्व के सूत्र में बंध जाता है` यह समागम एक ऐसा अवसर है जहां आकर हर मनुष्य ब्रह्मानुभूती से आत्मानुभूती प्राप्त करते हुए अपना रुतबा उँचा बना सकता है तथा स्वयं सुंदर जीवन जी कर धरती के लिए एक वरदान बन सकता है । महाराष्ट्र के वार्षिक निरंकारी संत समागमों की परंपरा काफी पुरानी है। 1968 में महाराष्ट्र का पहला संत समागम मुंबई के मशहूर शिवाजी पार्क मैदान में आयोजित हुआ और तब से 52 संत समागम मुंबई महानगर में ही संपन्न हुए। पहली बार मुंबई के बाहर 2020 में नाशिक नगरी में 53वां संत समागम आयोजित किया गया। कोरोना के दो वर्ष वर्चुअल रूप में इन समागमों का आयोजन होने के बाद पिछले वर्ष 56वां समागम छत्रपती संभाजी नगर में आयोजित किया गया और इस वर्ष यह सौभाग्य नागपुर नगरी को प्राप्त हो रहा है जिसका साक्षी पूरा विश्व बनेगा। समालखा में आयोजित 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के उपरांत से ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रत्येक भक्त को महाराष्ट्र के निरंकारी संत समागम की प्रतीक्षा बेसब्री से है। अतः 57वें वार्षिक निरंकारी संत समागम में प्रत्येक श्रद्धालु भक्त अपनी पलके बिछाए हुए हर्षोल्लास के साथ सम्मिलित होकर स्वयं को कृतार्थ करने हेतु अति उत्सुक है। इस दिव्य संत समागम को पूर्णतः सफल बनाने हेतु निरंकारी सेवादल के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए श्रद्धालु भक्त लगन एवं तन्मयता के साथ तैयारियों में लगे हुए है।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने अकाली दल के प्रतिनिधिमंडल को हरिद्वार में गुरुद्वारा श्री ज्ञान गोदरी साहिब के लिए जगह आवंटित करने का आश्वासन दिया

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़, 24 दिसंबर - उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष पूर्व उपप्रधानमंत्री सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वह हरिद्वार में गुरुद्वारा श्री ज्ञान गोदरी के लिए जगह आवंटित करेंगे। आज सुबह हुई बैठक में अकाली दल के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन. श्री पुष्कर सिंह धामी ने आश्वासन दिया कि वह हरिद्वार में गुरुद्वारा साहिब के लिए स्थान तय करते समय शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को विश्वास में लेकर निर्णय लेंगे। शिरोमणि कमेटी की एक टीम इस उद्देश्य के लिए जल्द ही हरिद्वार का दौरा करेगी।शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष ने सिख समुदाय की भावनाओं को समझने और सम्मान करने के लिए मुख्यमंत्री श्री धामी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि अकाली दल श्री गुरु नानक देव नानक देव जी की प्रथम गद्दी स्थली हरिद्वार में गुरुद्वारा साहिब स्थापित करने की पंथ की लंबे समय से चली आ रही मांग को हल करने में सफल रही है। सुखबीर सिंह बादल ने पत्रकारों से बात करते हुए यह भी कहा कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री उधम सिंह नगर में हजारों किसानों और लोगों के मुद्दे



को हल करने का भी आश्वासन दिया, जिन्हें सीलिंग नोटिस और उनकी जमीन की बिक्री पर प्रतिबंध दिया जा रहा है,जब उन्होंने 70 साल पहले ये जमीनें ली थीं। उन्होंने कहा कि बाजपुर में 4805 एकड़ भूमि का यह मुद्दा सुलझ गया है और इस मामले के सुलझने से उत्तराखंड के उन हजारों सिख किसानों को बड़ी राहत मिलेगी,जिन्होंने अपनी मेहनत से उत्तराखंड के जंगलों को हरे-भरे खेतों में बदल दिया है। विवरण साझा कर रहा हूं । बादल ने कहा कि बाजपुर तहसील के 20 गांवों में हजारों लोग रहते हैं, जिन्हें पिछले 50 वर्षों के अभिलेखों में 4805 एकड़ भूमि का भूस्वामी बताया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कृषि भूमि के अलावा कारखाने,बाजार, आवासीय कॉलोनियां और स्कूल भी स्थित हैं,जिसे क्राउन ग्रांट एक्ट 1895 के तहत अगस्त 1920 से 2013 तक पट्टे पर दिया गया था। सरदार बादल ने कहा कि यह मामला अभी सुनवाई कोर्ट में है। । लेकिन उधम सिंह नगर के जिलाधिकारी ने जमीन मालिकों को जमीन जब्ती का सीलिंग नोटिस जारी कर जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि जमीन मालिकों ने पिछले महीने उनसे मुलाकात की थी और इसीलिए उन्होंने अब उत्तराखंड के मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है।उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि अब किसानों को न्याय मिलेगा और उनके खिलाफ चल रहे आदेश वापस लिए जाएंगे।अकाली दल के प्रतिनिधिमंडल में बलविंदर सिंह भूंदड़, प्रो.प्रेम सिंह चंदूमाजरा,एन.के. शर्मा, परमबंस सिंह रोमाना,सरदार कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी और बाबा तरसेम सिंह जी नानकमता डेरा कार सेवा भी उपस्थित थे।

# श्री राम जन्मभूमि समिती जैतो ने किया श्री अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत कलश वितरण समारोह

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो, 24 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर ): आज पंचायती गौशाला जैतो में श्री अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत कलश वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यअतिथि संत कमलदास जी संचालक डेरा बाबा मोहन दास जी रहे । समारोह के मुख्य वक्ता श्री हरिदेव अर्जुन जी(संजोजक, धर्म जागरण मंच पंजाब) थे। हरिदेव जी ने राम भक्तों को भगवान राम के जीवन और पीछले 496 सालों से राम जन्मभूमि के लिए चल रहे संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अयोध्या जन्मभूमि का केस कोई और नहीं बल्कि भगवान श्री राम ने खुद लड़ा है और हम जैसे राम भक्तों ने उस केस में गवाही दी है फिर यह केस जीता गया है। हम सभी सौभाग्यशाली है जिन्होंने अपने जीवनकाल में राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण होता हुआ देख रहे हैं। इस समारोह में 25 के करीब मंदिर और धर्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और पुजारी गण पहुंचे। जो पूजित अक्षत कलश अपने अपने पवित्र स्थलों पर श्रद्धा से लेकर गए। इस समारोह मौके मनीष बांसल जी(जिला संयोजक), श्री शंकर सिंगला (जैतो नगर



संयोजक),तेजपाल परवाना ,रिकी जिंदल,हरीश तायल , ईश्वर जिंदल ,डगरकांत शर्मा, केवल जिंदल,रमेश शर्मा, देवांशू मडाकिया, सुनील सिंगला, राकेश तायल, चंदरमोहन बांसल, संदीप शर्मा टोनी, हर्ष बांसल, लक्की कालिया, लवीश जिंदल, सिप्पी सिंगला, शुभम गुप्ता, अनिल शर्मा, राजेश बांसल, भरत भूषण,मोहन लाल जिंदल, काला गंगा, मारीदुल जिंदल, अमित मास्टर,ललित शर्मा, इशू गोयल सहित बड़ी संख्या में लोग मुख्य रूप से उपस्तीथ रहे।

अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे

# प्रधानमंत्री द्वारा किसानों और सिख समुदाय को लेकर किए फैसले अभूतपूर्व:- पंजाब भाजपा संगठन महासचिव श्रीनिवासलू

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्वगुरु बनने की और अग्रसर:- प्रदीप सिंगला

**दैनिक समाज जागरण**

जैतो,24 दिसम्बर (रघुनंदन पराशर ):प्रधानमंत्री नरिंदर मोदी ने किसानों और सिख समुदाय को लेकर अभूतपूर्व फैसले लिए गए है। इस बात का प्रगटावा पंजाब भाजपा के संगठन महामंत्री श्रीमंत्री श्रीनिवासलू ने जैतो में पंजाब भाजपा गौ रक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और नगर कोंसल जैतो के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंगला के निवास पर संक्षिप्त प्रेस वार्ता में किया। उन्होंने कहा कि देश की मोदी सरकार ने श्री गुरु साहिब के दर्शनों के लिए श्री करतारपुर कॉरिडोर निर्माण करवाया है। 1984 के दंगा पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए काम किया हैं। 26 दिसंबर का दिन चार साहिबजादे की याद में वीर बाल दिवस घोषित किया है। दरबार साहिब में लंगर सामग्री पर जी.एस.टी.खत्म किया। इसके अलावा गुरु साहिबान के पर्वों पर राष्ट्रीय स्तर भव्य आयोजन किए गए। और अलग अलग गुरु साहिबान के पर्वों पर प्रधानमंत्री ने नतमस्तक होकर अपने लगाव को दशार्या है।इस अवसर पर पंजाब भाजपा गौ रक्षा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और नगर कौंसिलर जैतो के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंगला ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में भारत विश्वगुरु बनने की और अग्रसर है और देश में भी हर क्षेत्र में विकास और सम्मान प्राप्त कर रहा है। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, बेरोजगारों को लिए कार्य कर और उनको आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने लगातार कार्य किया है, जैसे की किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ़्त इलाज के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, किरती लोगो के लिए विश्वकर्मा योजना, स्वच्छ भारत योजना, मेक इन इंडिया योजना, आदि और भी अन्य योजनाओं का परिणाम अब देश में साफ साफ दिख रहा है।इस अवसर पर ज़िला फरीदकोट भाजपा प्रधान गगन सुखीजा,पूर्व सहायक जी.एस.टी.कमिश्नर पंजाब भूपिन्दर भाटिया,भाजपा नेता गौरव कक्कड़,भाजपा नेता अमर सिंह, भाजपा जैतो मण्डल प्रधान कर्मचंद गुप्ता, भाजपा नेता महेश गर्ग, जैतो विधानसभा कनविनर प्रकाश सिंह, लायन क्लब चेयरमेन राकेश रोमाना, आर्यसमाज के प्रधान परवीन जिंदल,पंकज सिंगला सिप्पी, अभी मित्तल, ललित शर्मा, रमन सिंगला, संजीव शर्मा टीनू आदि मोजूद थे।



फोटोः- जैतो में प्रदीप सिंगला के निवास पर कार्यकताओं के साथ पंजाब भाजपा के संगठन महामंत्री श्रीमंत्री श्रीनिवासलू। (पराशर ) ।

# हुरनाली गांव के 49 वर्षीय संतोष भुइयां की शनिवार को हुई मौत।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी,जिला संवाददाता चतरा(झारखंड)24 दिसंबर 2023 :- जिले के इटखोरी प्रखंड के पितीज हुरनाली गांव के 49 वर्षीय संतोष भुइयां की मौत वाहन से बांस उतारने के दौरान प्राइवेट पार्ट में चोट लगने के कारण हो गई। घटना बुधवार की है। इस संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि फॉरेस्ट विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मी वाहन में लदे बांस उतारने के लिए हुरनाली गांव मजदूर खोजने आए थे। इसी दौरान संतोष भुइयां भी उनके साथ चल गए। जहां वाहन से बांस उतारने के दौरान उनके प्राइवेट पार्ट में चोट लग गई। फिर फॉरेस्ट विभाग के लोगों ने उन्हें इलाज भी करवाया। बाद में शुक्रवार को उनका दर्द काफी बढ़ गया। फिर संतोष भुइयां को इटखोरी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। इसी दौरान हजारीबाग जाने के क्रम में इटखोरी चौक पर हीं उनकी मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के आश्रितों ने फॉरेस्ट विभाग के कुछ कर्मचारियों के विरुद्ध इटखोरी थाने में आवेदन दी है।

# प्रधानमंत्री ने पिछले 10 सालों में पूरे भारत में परिवर्तन करने का काम किया : अमित शाह

## *पीएम–स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिजनों के साथ स्नेह मिलन कार्यक्रम में लिया भाग*

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली,24 दिसम्बर :: केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में पीएम-स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिजनों के साथ स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इस अवसर पर श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में ऐसी व्यवस्था की है कि अगले 5 सालों तक 80 करोड़ गरीब लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश में दशकों तक एक वर्ग ऐसा भी था। जिसने अपनी मेहनत और पसीने से देश के विकास में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी पीएम-स्वनिधि योजना लेकर आए और इसके तहत इन लोगों को काम शुरू करने के लिए छोटे ऋण की व्यवस्था की गई।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पूरे देश में एक ही शहर में डेढ़ लाख से अधिक छोटे व्यापारियों को ऋण देने का काम अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने किया है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापार के जरिए अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले व्यापारी जितनी प्रामाणिकता किसी में नहीं है। उन्होंने कहा कि अब छोटे-छोटे रेहड़ी- पटरी वाले बैंक में लोन लेने के लिए जाते हैं और गर्व से कहते हैं कि हमारे लोन के गारंटर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। उन्होंने कहा कि इन लोगों से ऋण वसूल करने का समय पूरा होने से पहले ही उन्होंने ऋण वापिस लौटा दिया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन छोटे व्यापारियों को डिजीटल युग में ले जाने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि आज देशभर में छोटे व्यापारियों को बिना किसी गारंटी के लोन मिलता है औड़ उनके बैंक खाते में सीधा लोन का पैसा आता है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा इस वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप ये लोग अब देश के देश के अर्थतंत्र के विकास के साथ जुड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि पीएम-स्वनिधि योजना से गरीबों के जीवन में स्वाभिमान व सम्मान का भाव आया है और उनके परिवारजन भी आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ रहे हैं।श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण ही देश का गरीब वर्ग आज स्वनिधि से स्वरोजगार, स्वरोजगार से स्वावलंबन और स्वावलंबन से स्वाभिमान की यात्रा पूरी करने में सक्षम हुआ है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत 50 हजार रूपए तक की वर्किंग कैपिटल 1 प्रतिशत ब्याज पर मिलने, नियमित भुगतान पर 7 प्रतिशत सालाना ब्याज सब्सिडी और डिजिटल लेनदेन करने पर सालाना 1200 रुपये रिटर्न मिलने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात में अब तक 1 करोड़ लोगों से लोन के आवेदन प्राप्त हुए हैं, इनमें से 76 लाख लोगों को ऋण दे दिया गया और इनमें से 45 प्रतिशत महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि 5 डिजिटल कंपनियों ने स्वनिधि योजना के तहत लगभग 40 लाख छोटे व्यापारियों के साथ समझौता किया है और यह सभी लोग डिजिटल पेमेन्ट के साथ जुड़ गए हैं।केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले लगभग 10 सालों में पूरे भारत में परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पीएम-स्वनिधि योजना के तहत गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के 6 लाख लोगों को 772 करोड़ से ज्यादा राशि के ऋण देने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि सिर्फअहमदाबाद में ही 3.25 करोड़ की ब्याज सब्सिडी देने का काम मोदी जी के नेतृत्व में किया गया है और 70 हजार से ज्यादा लोगों ने दफकोड के माध्यम से 2 करोड़ रुपये का कैशबैक प्राप्त किया है। श्री शाह ने कहा कि आंकड़ों से ये बात साबित होती है कि छोटा व्यापार करने वाला भी देश के अर्थतंत्र में कितना बड़ा योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि स्वनिधि योजना के साथ-साथ प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना और वन नेशन वन राशनकार्ड योजनाओं ने देश के करोडों लोगों को लाभ पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि अब पूरे देश में कोई व्यक्ति कहीं भी जाए, उसके हिस्से का अनाज वो उसी स्थान पर ले सके, ऐसी व्यवस्था वन नेशन, वन राशन कार्ड के तहत की गई है।श्री अमित शाह ने कहा कि गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में सभी सरकारी योजनाओं को लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा सेचुरेशन स्तर और सात योजनाओं को 100 प्रतिशत सेचुरेशन स्तर पर पहुंचाने का काम गुजरात सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के अंदर 5,80,000 ऐसे नागरिक हैं, जिन्हें किसी ना किसी सरकारी योजना का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि एक ही लोकसभा क्षेत्र में लाखों लोगों को लाभ पहुंचाने का काम मोदी जी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी ने एक आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की है और इसके तहत अंतरिक्ष, सैन्य, उद्योग आदि क्षेत्रों में भारत की 140 करोड़ जनता और हर गरीब व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने देश के गरीब से गरीब व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अवसर उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी द्वारा लाई गई विश्वकर्मा योजना के तहत सभी कारीगरों को विशेष ट्रेनिंग, 15 हजार रुपये लागत वाली टूल किट और 2 लाख रुपये का लोन देने का काम किया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि समाज में हर व्यक्ति सम्मान के साथ जिए, आत्मनिर्भर बने, अपने बच्चों को पढाए और एक स्वस्थ नागरिक बनाए।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 5



# चेस क्रॉप्स शतरंज में अमैरा, अंश, धानी व मानव ने मारी बाजी

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में चेस क्रॉप्स द्वारा गट्टानी परिसर तेघड़िया में रविवार को एक निःशुल्क जूनियर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अपने-अपने विभागों में अमैरा रहमान, अंश साहा,धानी अग्रवाल और मानव कुमार ने बाजी मारी। उपरोक्त जानकारी संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा चेस क्रॉप्स के सीईओ कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने बताया कि वर्ग 1 के छात्र-छात्राओं में अमैरा के बाद क्रमशः पीहू रीवा अग्रवाल, अयांश रंजन, कुंज अग्रवाल, दर्श चितलांगिया, मैनाक मंडल, किमोगना मंडल एवं अन्य ने जगह बनाई। वहीं वर्ग 2 से 3 के छात्र- छात्राओं में आरव अग्रवाल, रौनक साहा, वर्शिका चितलांगिया, ग्रंथ जैन, अयान अग्रवाल, दिवा सोमानी, कृष्णा अग्रवाल, राजवी गुप्ता एवं अन्य क्रमशः अंश साहा के पीछे-पीछे रहे। वर्ग 4 से 6 के विभाग में धानी अग्रवाल के बाद दूसरे एवं तीसरे स्थानों पर क्रमशः तनय अग्रवाल एवं रमित जैन काबिज हुए। जबकि वर्ग 7 से 10 के विभाग में मानव कुमार के बाद क्रमशः रचित बियानी, शिवम कुमार, रणवीर साहा, रजनी



गुप्ता, सुंदर कुमार, सार्थक आनंद अजितेश साहा एवं अन्य ने क्रमशः अपना वर्चस्व सिद्ध किया।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं को संघ के वरीय उपाध्यक्ष मनोज गट्टानी ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए शतरंज खेलना एक अच्छा संस्कार है।इस अभ्यास को जारी रखना चाहिए।व्यवस्था संभालने में संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, सहायक सचिव मुकेश कुमार एवं रूद्र तिवारी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# सुदूरवर्ती गांव में भी अब छात्र-छात्राओं में शिक्षा पाने की ललक जगने लगा है।

**रंजीत ठाकुर,दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

अररिया।सुदूरवर्ती गांव में भी अब शिक्षा के प्रति छात्र छात्राओं के बीच शिक्षा पाने की ललक जागने लगी है । सुरक्षित शनिवार को मध्य विद्यालय पहुसरा रानीगंज में छात्र छात्राओं को ठंठ से बचने का उपाय बताया गया । उक्त मौके पर शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया । जिसमें शिक्षकों ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि बच्चों को अधिकाधिक संख्या में स्कूल पढ़ने के लिए भेजे तथा शिक्षकों ने अभिभावकों से कहा कि मिशन दक्ष के तहत चयनित बच्चों को जहाँ शिक्षकों के द्वारा अलग से विशेष कक्षा का संचालन किया जा रहा है वहीं बच्चों के अभिभावक भी सहयोग करें ताकि बच्चों में गुणात्मक परिवर्तन आ सके । वहीं सुरक्षित शनिवार के मौके पर छात्रों के बीच विभिन्न तरह का पेंटिंग तथा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें सफल प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक भी वितरण किया गया । जिसमें चित्रकला में वर्ग 6 के प्रथम स्थान सत्यम कुमार ,द्वितीय स्मिता कुमारी ,तृतीय लक्ष्मी कुमारी ,वर्ग 5 के



नयनसी, अनुष्का, गौतमे तथा वर्ग 3 तथा 4 के प्रिंस ,आयुष ,सहना तथा डांस प्रतियोगिता मेंअनन्या ,रोहित ,रुचि ने जबकि गणित दौड़ में प्रथम काजल कुमारी ,द्वितीय नविता ,सत्यम ,नयनसी तथा तृतीय स्थान गौतम ने प्राप्त किया । सभी सफल प्रतिभागियों के बीच पारितोषिक वितरण उपस्थित अभिभावकों तथा शिक्षकों के द्वारा किया गया ।जबकि मिशन दक्ष के छात्रों को गुड इंग्लिश का किताब वितरित किया गया । उक्त मौके पर मो इस्तियाक ,कंचन कुमारी , ऋतु मौर्य ,मधु कुमारी ,प्रशांत कुमार सिंह ,रीना कुमारी आदि शिक्षक शिक्षिका तथा दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

# मस्तान चौक पर जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 7.875 लीटर विदेशी शराब के साथ 2 शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, भेज जेल

**राहुल कुमार, किशनगंज**

मध्य निषेध अधिनियम के तहत किशनगंज जिले के मस्तान चौक पर उत्पाद विभाग के द्वारा शराब पीने एवं शराब तसकरी के विरुद्ध जांच अभियान चलाई गई। इस दौरान पंजीपारा बंगाल से 7.875 लीटर बिदेशी शराब लेकर आ रहे 2 शराब तस्कर, नाम गौरीशंकर कर्मकार पिता गोपाल प्रसाद और आनंद कुमार बसाक पिता बजरंग दास को गिरफ्तार किया। वहीं रविवार को गिरफ्तार दोनों शराब तस्कर का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कर कर मध्य निषेध अधिनियम के तहत न्याय के हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# उत्पाद विभाग की टीम ने जिले के विभिन्न चेक पोस्ट से शराब पीने के आरोप में 18 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज जिले के विभिन्न चेक पोस्ट व शहर के विभिन्न स्थानों पर उत्पाद विभाग किशनगंज के के द्वारा शराब पीने व शराब तस्करी के विरुद्ध जांच अभियान चलाई गई। जांच अभियल के दौरान बंगाल की ओर से शराब पीकर आ रहे 18 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वही सभी 18 व्यक्ति को रविवार को मध्य निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# आर ई इस क्लीनिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा स्वच्छता के नाम पर नीपा-पोती

**राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज**

एक और देश व राज्य में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. आम लोगों के साथ-साथ पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि प्रतिनिधि स्वच्छता का पाठ पढ़कर संकल्प ले रहे हैं. तो वहीं दूसरी ओर शहर के चारों तरफ कचरे का अंबार लगा हुआ दिख रहा है. लोग कचरे वाले सड़क पर चलने पर मजबूर हैं. स्वच्छता को लेकर किशनगंज नगर परिषद अंतर्गत किशनगंज नगर परिषद के द्वारा आर ई इस क्लीनिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को किशनगंज शहर में बेहतर साफ-सफाई को लेकर ठीका दिया गया है. वही स्वच्छता के नाम पर आर ई इस क्लीनिंग सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कंपनी नगर परिषद किशनगंज के द्वारा बिहार सरकार से महीने का करोड़ों रुपए वसूली कर रहे हैं. लेकिन शहर में स्वच्छता के नाम पर निपा-



पोती की जा रही है. शहर के नेमीचंद रोड, महावीर मार्ग रोड, धर्मशाला रोड, गांधी चौक, पश्चिम पाली, सुभाष पल्ली, लोहार पट्टी रोड, एवं कई गली मोहल्ले में पूरे का अंबार लगा हुआ है. आम लोग कूड़े-कचरे वाले सड़क से गुजरने पर मजबूर है.

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेने केंद्रीय रक्षा एवम पर्यटन राज्य मंत्री पहुंचे बहादुरगंज

**जिला प्रशासन के समन्वय से ' विकसित भारत संकल्प यात्रा' रथ जिले के सभी पंचायत में कर रही भ्रमण,लाभुको द्वारा अपनी कहानी को किया जा रहा है साझा**

**कार्यक्रम में माननीय मंत्री ने लोगो से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का किया अपील,कई लाभार्थियों को दिया गया स्वीकृति पत्र**

**राजीव झा दैनिक समाज जागरण संवाददाता किशनगंज**

माननीय केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बहादुरगंज के झिंगाकांटा (गोवर्धन चौक) पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत किए।उनके आगमन पर स्थानीय मुखिया और त्रिस्तरीय जन प्रतिनिधि ने भव्य स्वागत किया। मौके पर किशनगंज के बिहार विधान पार्षद दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे। इस दौरान बहादुरगंज के गोवर्धन चौक,धीम टोला,पंचायत-झिंगाकांटा के बाद अपराह्न 04 बजे भाटाबाड़ी पंचायत में भाटाबाड़ी हाट में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लेकर माननीय मंत्री द्वारा स्थानीय लोगो के बीच केंद्र सरकार की योजनाओ पर जानकारी दी गई।साथ ही, कई लाभुको के बीच योजना का लाभ प्रदान किया गया। गौरतलब है कि भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के विस्तृत ढंग से प्रचार-प्रसार एवं योजनाओं में शत-प्रतिशत पूर्णता प्राप्त करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बहादुरगंज प्रखंड के झींगाकाटा और भाटाबाड़ी पंचायत में योजनाओं की जानकारी रथ के माध्यम से दी गई।विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित प्रचार वाहन में प्रचार-प्रसार सामग्री, ऑडियो विजुअल की व्यवस्था की गई है। प्रचार वाहन की सुरक्षा एवं निगरानी के लिए रोस्टर चार्ट का निर्माण किया गया है। इस कार्यक्रम के प्रचार वाहन




के द्वारा स्थानीय कार्यक्रमों के दौरान केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में राज्य सरकार एवं प्रशासनिक भागीदारी से जनता को रुबरु कराया गया।बहादुरगंज प्रखंड के झींगाकांटा पंचायत और भाटाबाड़ी पंचायत में विकसित भारत का संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। दोनों स्थलों पर प्रचार वाहन से भारत स-रकार की विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का ऑडियो/विडियो के माध्यम से प्रचार - प्रसार किया गया। इसके अलावे विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया था,जिसके माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया। दोनों स्थलों पर अभूतपूर्व संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। झिंगाकाटा पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में केंद्र सरकार की योजनाओ पर जनजागरुकता समेत विभिन्न योजना का स्टॉल के माध्यम से जानकारी दिया गया। माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित स्थानीय लोगो को विकसित भारत के निर्माण का संकल्प दिलवाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को संबोधित कर योजनाओ पर जानकारी प्रदान किया। उज्ज्वला योजना,आयुष्मान भारत,सुकन्या समृद्धि योजना आदि के स्थानीय लाभुको को स्वीकृति पत्र प्रदान भी किया गया। एसएचजी समूह ने "मेरी कहानी मेरी जुबानी"के द्वारा उपस्थित लोगो को योजनाओं के लाभ लेने के प्रति प्रोत्साहित भी किया। मौके पर माननीय मंत्री ने उपस्थित लोगो को संबोधित कर केंद्र सरकार की योजनाओ के प्रति जागरूक किया तथा लोगो को इनका लाभ लेकर विकसित भारत के लिए प्रोत्साहित किया।इसके बाद भाटाबाड़ी पंचायत के भाटाबाड़ी हाट में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में माननीय मंत्री उपस्थित हुए। कार्यक्रम में विधान पार्षद दिलीप जायसवाल भी उपस्थित रहे। लोगो के बीच योजनाओं की जानकारी देते हुए उनसे इसका लाभ लेने का आग्रह किया गया।मौके पर लोगो को विकसित भारत हेतु संकल्प दिलवाया गया।बता दें कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल ढ़ंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। जिला स्तरीय तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में योजनाओं की जानकारी दी गई। जिले के सभी 125 पंचायत तथा नगर क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। सभी स्थलों पर नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। ड्रोन के माध्यम से भी कार्यक्रम की निगरानी किया गया। प्रचार स्थल पर स्थानीय नागरिकों को अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में जन-धन योजना,उज्ज्वला योजना,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना,सुकन्या समृद्धि योजना आदि के साथ राज्य सरकार की योजनाओ के बारे में विस्तार से स्थानीय नागरिक को बताया गया। इस दौरान कराए गए ऑनलाइन क्विज में भी लोगो की भागीदारी बढ़ चढ़ कर रही।कार्यक्रम की निगरानी हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्धारित रोस्टर तिथि से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार संबंधित पंचायतों में कराने का निर्देश दिया गया है।

# लापता हुई नाबालिगा 10 दिन के बाद मिला दक्षिण 24 परगना से साथ युवक गिरफ्तार

दार्जिलिंगः-दार्जिलिंग जिला सिलीगुड़ी थाना की पुलिस ने लापता नाबालिगा को 10 दिन बाद दक्षिण 24 परगना से बरामद कर सुरक्षित लाने में सफलता हासिल की है। वहीं, पुलिस ने नाबालिगा के अपहरणकर्ता को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम अतीकुल मुल्ला है। वह दक्षिण 24 परगना का निवासी बताया गया है।

जानकारी मिली है कि सिलीगुड़ी डाबग्राम की रहने वाली एक 15 वर्षीय नाबालिगा गत 11 दिसंबर को अचानक से लापता हो गई थी। परिवार वाले काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई सुरान नहीं मिला। इसके बाद12 दिसंबर को परिवार वालों ने नाबालिगा के लापता होने की एक शिकायत सिलीगुड़ी थाना में दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी पुलिस को पता चला कि अतीकुल मुल्ला नामक एक युवक ने नाबालिगा को अपने साथ लेकर गया है। इसके बाद पुलिस अतीकुल मुल्ला का तलाश शुरू करती है।

बाद में सिलीगुड़ी थाना की एक टीम बीते कल दक्षिण 24 परगना से नाबालिगा को बरामद किया। साथ ही पुलिस ने अपहरणकर्ता अतीकुल मुल्ला को भी गिरफ्तार कर सिलीगुड़ी लाई। आज आरोपी को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से इंसान स्कूल में एक दिवस शिक्षक प्रशिक्षण शिविर किया गया आयोजन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की ओर से किशनगंज के इंसान स्कूल में एक दिवस शिक्षक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।जिसमें प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के लगभग 30 विद्यालयों ने अपने 126 शिक्षकों की ट्रेनिंग प्राप्त की प्रशिक्षण देने वालों में मजहिर उल हसन उपनिदेशक इंसान कॉलेज इन हिसार रही विशिष्ट एवं वरिष्ठ पर शिक्षक प्रोफेसर जाकिर रहमान अप प्राचार्य इंसान डिग्री कॉलेज निगार सैयद हसन वरिष्ट शिक्षिका एवं पूर्व प्राचार्य इंसान उच्च विद्यालय गुड्डी कुमारी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्तकर्ता मोहम्मद नईमुद्दीन डायट चकला किशनगंज एवं डॉक्टर फरजाना बेगम राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करता इसके अतिरिक्त नालंदा लर्निंग की ओर से भी प्रशिक्षण दिया गया। समारोह का उद्घाटन पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी श्री त्रिलोक चंद्र जैन, निर्देशिका बैठल मिशन स्कूल किशनगंज जूलियाना, प्राचार्य अंजुमन इस्लामिया, किशनगंज मोहम्मद मुमताज,अंजुम जफर, हसन अंजुम पूर्व छात्र इंसान स्कूल वर्तमान में निमार्ता निर्देशक फिल्म प्रोडक्शन एवं किताब वाला सिंगापुर आदि के कर कमल द्वारा किया गया।अपने अभिवादन सम संबोधन में किशनगंज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं इंसान स्कूल के




प्रबंधक शिफा सईद हाफिज ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से शिक्षकों को एक मार्गदर्शन मिलता है कि किस प्रकार हम पढ़ने और पढ़ने का काम करें इसलिए हमें इसकी बड़ी आवश्यकता है।अपने भाषण में श्री त्रिलोक चंद्र जैन ने किशनगंज प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह के किए गए काम सराहनीय है। धीरे-धीरे और लोग भी इसे जुड़ेंगे और इस तरह के शिविरों में भाग लेंगे इस तरह का प्रयास बहुत अच्छा है। याद रहे की इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संगठन के सभी सदस्यों की भागीदारी सराहनी रही।मंच संचालन श्री हनुमान सोहेल ने किया तथा अंत में सभी भागीदार लोगों को सर्टिफिकेट देखकर धन्यवाद दिया गया।

# जमीनी विवाद मे दो पक्षों के बीच मारपीट थाने मे दिया आवेदन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 24 दिसंबर 2023 नगर पंचायत क्षेत्र नबीनगर के वार्ड 8 सब्जी मंडी के समीप जमीनी विवाद मामले मे दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया है।मारपीट के मामले मे शनिचर बाजार ठाकुर बाड़ी रोड निवासी व्यवसाई अनील कुमार और इनके छोटे भाई मुरली प्रसाद अग्रवालअग्रवाल गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनका इलाज रैफरल अस्पताल नबीनगर मे किया गया। गंभीर स्थिति होने के कारण अनील कुमार अग्रवाल को बेहतर चिकित्सा के लिए बाहर रेफर कर दिया गया।मिली जानकारी के अनुसार जमीनी मामले में अनील कुमार अग्रवाल का विवाद लंबे अरसे से उक्त जमीन पर अन्य के साथ चल रहा है।पूरा मामला न्यायालय के अधीन है। इस बीच विवादित स्थल



पर व्यवसाई द्वारा निर्माण कार्य को लेकर दोनो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामले मे एस आई दीपक कुमार सिंह दल बल के साथ पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया और लोगो से जानकारी लिया। मामले में प्रभार मे रहे थानाध्यक्ष प्रभुनाथ के हवाले से बताया गया कि दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला आया है ।पुलिस मामले की छानबीन कर आगे की कर्रवाई कर रही है।

# एमजीएम रोड पर जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने 1 बोतल शराब के साथ 1 व्यक्ति को किया गिरफ्तार, भेज जेल

**राहुल कुमार, किशनगंज**

मध्य निषेध अधिनियम के तहत किशनगंज शहर के एमजीएम रोड पर उत्पाद विभाग के द्वारा शराब पीने एवं शराब तसकरी के विरुद्ध जांच अभियान चलाई गई। इस दौरान बंगाल की ओर से 1 बोतल शराब लेकर आ रहे 1 व्यक्ति बृजलाल रविदास ठाकुरबारी रोड वार्ड नंबर 7 निवासी को गिरफ्तार किया। वही रविवार को गिरफ्तार व्यक्ति बृजलाल रविदास का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच कर कर मध्य निषेध अधिनियम के तहत न्याय के हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# भवानीगंज में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट मे एक पक्ष के दो लोग घायल, सदर अस्पताल में भर्ती

**राहुल कुमार, किशनगंज**

किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत भवानीगंज में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहां सनी होने लगी। कहां सुनी थी ज्यादा बढ़ गई कि मामला मारपीट तक बन पड़ा, मारपीट में एक पक्ष के दो लोग बुरी तरह घायल हो गए वहीं घायल अवस्था में दोनों लोगों को परिजनों ने इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। घायल लोगों के परिजन शंकर महतो ने बताया कि जमीनी विवाद को लेकर अपने ही सगा भाई भरत महतो और कृष्णा महतो एवं कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर हम लोगों के साथ मारपीट किया। मारपीट में जय राम महतो और अनिल महतो बुरी तरह घायल हो गया हम लोग घायल अवस्था में दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया



# जनकपुर पोखरा से देसी शराब बरामद कारोबारी फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 24 दिसंबर 2023 नबीनगर थाना क्षेत्र के जनकपुर पोखरा के समीप से पुलिस ने अवैध देसी शराब बरामद किया है। एस आई दीपक कुमार सिंह एवम सशस्त्र बल ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुये सड़क किनारे छुपा कर रखे झारखण्ड निर्मित 180 एम



एल का 35 पिस देसी टनाका शराब बरामद किए ।पुलिस को आने की भनक लगते ही कारोबारी मौके से फरार हो गए

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि शराब को जप्त कर थाना लाया गया है और मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई की जा रही है।

# नबीनगर रेलवे स्टेशन पर अज्ञात बुजुर्ग की हूई मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर रेलवे स्टेशन पर ठंड से बुजुर्ग की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी अनुसार रेलवे स्टेशन पर अचानक बुजुर्ग गिर पड़ा। जिसके बाद आसपास बैठे यात्रियों ने उसे पानी पिलाया और आराम करने की सलाह दी लेकिन कुछ ही देर बाद वह जमीन पर गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। बुजुर्ग शायद ट्रेन के आने का इंतजार कर रहा था ेे। वह पहले ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म पर लगी छावनी में बैठा,



उसके बाद अचानक सीट से उतर कर प्लेटफार्म पर बैठ गया। लोगों को उसके खराब तबीयत के बारे में पता चला तो एक यात्री ने उसे पानी पिलाया। पानी पीने के बाद आसपास के रेल यात्रियों की सलाह पर वह आराम करने लगा। इसी दौरान अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। जिसके बाद उसकी सांसें थम गईं। इस बात की सूचना स्थानीय तैनात सिपाही को दी गई। वही बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है।सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने बुजुर्ग की तलाशी ली लेकिन कोई पहचान पत्र या कागजात नहीं मिले। जिस वजह से मृतक बुजुर्ग की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट व फायरिंग में में दो जख्मी।

**दैनिक समाज जागरण चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चपोखरी थाना क्षेत्र के आरा सासाराम में स्टेट हाईवे पर मलौर के समीप भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी हो गए। जिसमें हवेलीपुर निवासी मनोज सिंह के पुत्र प्रभात सिंह उम्र 33 वर्ष ओमप्रकाश सिंह उम्र 26 वर्ष शामिल है। जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।घटना के संबंध में बताया जाता है कि लगभग 2:00 बजे दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद को लेकर तू तू मैं की घटना मारपीट में बदल गई। और जमकर मारपीट और फायरिंग हो गई, जिसमे दो लोग जख़्मी हो गए।प्रभारी थाना अध्यक्ष दीपक कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार किसी भी पक्ष के द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

# प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा ने किया बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 24 दिसम्बर 2023 प्रगतिशील विश्वकर्मा महासभा की जिला स्तरीय बैठक 24 दिसंबर रविवार को रामजीत शर्मा के आरा मिल परिसर नबीनगर मे अयोजित किया गया। जानकारी देते हुए महासभा के प्रदेश सचिव रामजीत शर्मा ने बता या कि उपरोक्त बैठक में संगठन से जुड़े हुए सभी




मुद्दों पर चर्चा किया गया तथा नबीनगर प्रखंड मे नई कमेटी का गठन किया गया।इस बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से महासभा के लोगों ने भाग लिया।आज की बैठक मे नई कमिटी गठित की गई जिसमे प्रखंड अध्यक्ष कर्मदेव शर्मा, सचिव बीरेंद्र शर्मा,कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा,उपाध्यक्ष रमाशंकर शर्मा और उप सचिव विनोद शर्मा को बनाया गया है।

# खोरीबाड़ी में पांच सोलर लाइट का उद्घाटन

**रंजीत कुमार पोद्दार : समाज जागरण : संवाददाता**

खोरीबाड़ी : खोरीबाड़ी में हाईमार्क्स सोलर लाइट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन पंचायत समिति के अध्यक्ष रत्ना रॉय सिंह ने किया। इस मौके पर रानीगंज -पानीशाली ग्राम पंचायत के उपाध्यक्ष तापस मंडल, सदस्य जीबन निमला, युवा तृणमूल कांग्रेस के सचिव असित सिंह सहित अन्य



उपस्थित थे। खोरीबाड़ी पंचायत समिति के अध्यक्ष रत्ना रॉय सिंह ने बताया कि उत्तर बंगाल विकास विभाग ( एनबीडीडी) की ओर से 18 लाख रुपये की लागत से खोरीबाड़ी में 5 हाईमार्क्स सोलर लाइटें लगाई गई। रत्ना राय सिंह ने कहा, क्षेत्र में लंबे समय से लाइट की मांग की जा रही है। आज पूरे खोरीबाड़ी ब्लॉक में पांच सोलर लाइट लगाए गये हैं। उन्होंने बताया खोरीबाड़ी के बतासी हाइ स्कूल में एक ,सिमुलतला में एक ,चक्करमाड़ी में एक ,डुमरिया में एक,दूधगेट में एक सोलर लाइट लगाए गये। जिसका आज उद्घाटन किया गया। जिससे स्थानीय लोग काफी खुश हैं।

# राजनीति में शिक्षित लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत - अमर चौधरी

**दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता,ईचागढ़)**

ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता सह रांची विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टर अमर चौधरी ने बुद्धिजीवियों के साथ बैठक कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा किया। बैठक में श्री चौधरी ने उपस्थित बुद्धिजीवियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तरक्की के डगर पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कि जब तक बुद्धिजीवी राजनीति में सक्रिय भूमिका नहीं निभाते हैं,तब तक क्षेत्र में लोगों को गुमराह करने की प्रबृत्ति वाले लोग हावी रहेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षित लोगों को राजनीति में आना जरूरी है। देश एवं राज्य की राजनीति में शिक्षित युवा वर्ग आगे आएंगे तभी लोगों को जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में एक बड़े वर्ग को दरकिनार कर नही चला जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकलौता पार्टी है जो लोगों के भावना के अनुरूप कार्य करने में सक्षम है। उन्होंने देश व राज्य हित में शिक्षित समाज को आगे आने का अपील भी किया। मौके पर बृन्दावन प्रसाद, गुरूचरण महतो, परशुराम महतो, कर्मु स्वांसी, सुबल पांडे,फतुराम महतो, राज कुमार कटियार, दिलीप कुमार दास,केदारनाथ महतो, सहदेव स्वांसी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सोन नदी बराज मे डूबने से एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 24 दिसम्बर 2023 नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के सोन नदी बराज में एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना से परिजनों में मातम छा गया। मृतक की पहचान औरंगाबाद मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सहिया गांव निवासी बाल्केश्वर सिंह के पुत्र ब्रजेश कुमार पटेल 48 वर्ष के रुप मे की गयी है। प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त व्यक्ति घुमने आया था इस क्रम मे वह शौच के लिए नदी के किनारे गए थे। उसी दौरान पैर फिसल जाने से सोन नदी में गिर गए और डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर नरारि कला खुर्द थाना पुलिस ने पहुंच गोताखोर तथा स्थानीय लोगों की मदद से नदी से शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में नरारी कला खुर्द थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शौच के दौरान सोन नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई है । शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 6



# जिलाधिकारी के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम का आगाज

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सरकार भवन काराकाट में होने वाले जिलाधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में पंचायत सरकार भवन काराकाट में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण एवं सभी विभागों को तथा जनप्रतिनिधियों को भेजा गया आमंत्रण पत्र। ज्ञात होगी इससे पहले प्रखंड में



जन संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में उपायुक्त शेखर आनंद के द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। लेकिन इस बार पंचायत सरकार भवन काराकाट पर जिलाधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है, जिसको लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारी पूरी की जा चुकी है, जैसा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह के हवाले से बताया गया है। 26 दिसम्बर को जिला पदाधिकारी रोहतास नवीन कुमार के अध्यक्षता में होनेवाला जन संवाद कार्यक्रम के स्थल काराकाट पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण करते हुवे ,प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-राहुल कुमार सिंह, मुखिया काराकाट-योगेंद्र सिंह,शिक्षक-अनिल कुमार पासवान आदि मौजूद थे।

# मारपीट का आरोपी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण दावथ रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत दावथ थाना अध्यक्ष कृपाल जी के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार की देर शाम बभनवल गांव में छापेमारी कर थाना कांड संख्या 219/23 के प्राथमिकी अभियुक्त बिरेन्द्र चौधरी पिता स्व हरिहर चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि वह 307 का मारपीट का आरोपी हैं।

# कोचस पीएचसी में बीस महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

शनिवार की संध्या में सूर्या क्लिनिक के चिकित्सकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 महिलाओं का बंध्याकरण सफलतापूर्वक किया गया। इसकी जानकारी देते हुए पीएचसी प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि शनिवार को 25 महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया जहां जांच के दौरान पांच महिलाओं में शुगर बीपी पाए जाने पर उन्हें अगले



तिथि को बुलाया गया। बाकी 20 महिलाओं का जिले से आए सूर्य क्लिनिक के चिकित्सकों के द्वारा सफलतापूर्वक बंध्याकरण किया गया। बंध्याकरण किए गए महिलाओं का स्थिति सामान्य होने पर उन्हे दवाइयां दे पीएचसी एंबुलेंस से घर तक छोड़ा गया। मौके पर ब्लॉक हेल्थ मैनेजर मतिउर रहमान, वारीय उपचार पर्यवेक्षक सोनू कुमार शर्मा, लिपिक मुकेश कुमार गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुमार, लेखपाल सुरेश कुमार, कमलेश कुमार, अमन कुमार, लैब टेक्नीशियन प्रभु कुमार के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह नोखा रोहतास**

रोहताड़ जिला अंतर्गत नोखा थाना क्षेत्र के जखनी नहर पुल के पास अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक की मौत हो गई।मृतक हथिनी गांव निवासी बलराम सिंह का पुत्र विशाल कुमार बताया जा रहा है। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि जखनी नहर पुल पर शनिवार की रात्रि में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम हेतू भेज दिया है। वही मौत की सूचना मिलने पर गांव में कोहराम मच गया।

# पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधी संझौली रोहतास**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के गडूरा गांव से दो वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि काफी दिनों से फरार चल रहा वारंटी गडूरा गांव निवासी मुलायम सिंह व राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया। दोनों वारंटी के विरुद्ध कोर्ट से निर्गत वारंट था।

# थाना परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि संझौली रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत संझौली थाना परिसर में रविवार को आयोजित विदाई समारोह में स्थानांतरित एसआई को विदाई दी गई। एसआई जितेंद्र सिंह का कार्यकाल पूर्ण होने पर यहां से शिवसागर थाने में स्थानांतरण हो गया है। विदाई समारोह की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मुकेश कुमार व संचालन जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह समाजसेवी प्रभात कुमार ने की। जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि



प्रभात कुमार ने कहा कि एसआई का कार्यकाल यहां काफी अच्छा रहा। पुलिस-पब्लिक मैत्री को स्थापित कर अपनी कर्तव्यनिष्ठा को निभाया। प्रमुख समीरचन्द, पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व बीडीसी रविंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिजेन्द्र पटेल, समाजसेवी लव मिश्र, श्रीभगवान सिंह, पूर्व सरपंच उत्तम कुमार सहित अन्य कई ने एसआई जितेंद्र सिंह की कार्यकाल की सराहना की। आयोजित समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने स्थानांतरित अधिकारि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्थानांतरित अधिकारी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि यहां के लोगो का प्यार व स्नेह हमेशा याद रहेगा। लोगो ने काफी प्यार दिया व हमेशा सहयोग की भावना रही।

# धड़ल्ले से हो रही नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री, अधिकारी लापरवाह नौजवान हो रहा है इसके शिकार

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटी-छोटी कार्रवाई कर खानापूर्ति की जा रही है। बड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर आज तक विराम नहीं लगा है। ज्ञात हो कि जिले में मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि कुछ न बिगाड़ पाने की धौंस तक दे देते हैं। गांव के लोग इनका विरोध नहीं कर पाते। क्योंकि ये लोग आदतन अपराधी या बड़ी पहुंच वाले होते हैं। इससे गांवों का माहौल दिन पर दिन खराब होते जा रहा है। शाम को महिलाएं व लड़कियों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रो. बलिराम मिश्रा ने कहा कि पूरे जिले में धड़ल्ले से हो रही है नशीले पदार्थों की बिक्री में प्रशासन की मिली भगत की भी सूचना आ रही है। सैकड़ो लोगों ने बताया है कि नशीले पदार्थ बेचने वालों को प्रशासन से संबंध रहता है। जिस कारण से मादक पदार्थ को बेचने वाले तस्कर खुलेआम मादक पदार्थ बेचते हैं और उस पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं होती है। केवल दिखाने के लिए छोटी-छोटी कार्रवाइयां कर करके खाना पूर्ति की जाती है। जिस कारण से समाज आज भयभीत है। इंसान को चलना दुर्लभ हो गया है। बच्ची अगर विद्यालय जाती है तो विद्यालय जाने में भी उसे डर बना रहता है। बच्चों के अभिभावक तो हर वक्त सोचते रहते है कि मेरा बच्चा विद्यालय से कब सुरक्षित घर लौट आएग। गांव-गांव में शराब बेच रहे हैं। जिससे गांव में लोग शराब के आदी हो रहे हैं। यहां तक की बच्चों को भी शराब पीने की लत लग रही है। यह सब देखते हुए भी पुलिस द्वारा इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिनके चलते इन लोगों का कारोबार जोरों पर है। आसानी से मिल रही सनफिक्स, मुनक्का, कोरेक्स, बोनफिक्स व साल्यूशन ,काराकाट थाना क्षेत्र में कंचनपुर, इटावा, सकला, बुढ़वल, गोडारी, करूप, जयश्री ,काराकाट इत्यादि बहुत गांव में खुलेआम बिक रहा है।तो वहीं बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में धारूपुर बिक्रमगंज,धनागई, इत्यादि बहुत जगह आसानी से मिल रही है।कम लागत में ज्यादा नशा करने वाले सनन व मुनक्का गोली का गांव के लोग अधिक सेवन कर रहे हैं और दुकानदार धड़ल्ले से बेच रहे हैं। इसी प्रकार खांसी में उपयोग होने वाले सिरप कोरेक्स का प्रयोग नशे के रूप में किया जा रहा है। जिनका फायदा मेडिकल स्टोर वालों को अधिक मिल रहा है। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर मे मेडिकल वाले भी मात्र 30 से 35 रुपए में मिलने वाले सिरप को 100 रुपए में बेच रहे हैं। कई मेडिकल स्टोर में तो पूरा स्टाक रखा हुआ है। लोगों के द्वारा बोनफिक्स व पंचर बनाने में उपयोग होने वाले साल्यूशन का प्रयोग नशे के रूप में किया जा रहा है। नशाखोरी रोकने के लिए निरंतर प्रयास जारी प्रशासन से जब पूछा जाता है तो प्रशासन जवाब देती है कि हम पूरी तरह से लगे हुए हैं। मगर कहीं धरातल पर दिख नहीं रहा है काराकाट, बिक्रमगंज, सासाराम, नटावार, सूर्यपुरा, चेनारी,थाना में नशीला पदार्थ की बिक्री सबसे ज्यादा है। और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। केवल इलेक्शन कलेक्शन का चिंता है। समाज गंदा हो रहा है, लेकिन सरकार की इसके कोई चिंता नहीं है। अगर इस पर तत्काल रुक नहीं लगाया जाएगा तो आने वाले समय में महिला और बच्चियों को घर से निकलना दुभर हो जाएगा। सीधा साधा इंसान नशेड़ियों के डर से बाजार नहीं जाना चाहते। चौक चौराहा और बाजार को देखिए वहां नशेड़ियों की भरमार है। चाय दुकान, पान दुकान पर भी ढाले से नशीले पदार्थ मिल रही है। लेकिन लाख सुझाव देने के बाद भी प्रशासन सिविल में होकर के वहां जाकर के नशीली पदार्थ की मांग नहीं करता। अगर प्रशासन सिविल का कपड़ा पहन करके खरीदारी करने के लिए ग्राहक बनाकर के उन सभी दुकानों पर जाएं तो नशीली पदार्थ बेचने पर रोक लगेगी।

# ई-रिक्शा अनियंत्रित हो पलटा चालक दबकर हुआ जख्मी

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत परसथुआ बाजार मे फ्लाईओवर से उतरने के दौरान कुत्ते के बच्चे को बचाने में ई-रिक्शा पलट गया जिसमें चालक बुरी तरह घायल हो गया। घायल चालक तेंदूनित बहुआरा निवासी मैनेजर शाह का पुत्र बिलाटू शाह बताया जाता है। इसकी जानकारी देते हुए ओपी थाना अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि ई रिक्शा चालक परसथुआ बाजार मे बने ओवरफ्लाई से उतर रहा था कि उतरने के दौरान अचानक से एक कुत्ते के बच्चे सामने आ गया उसे बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा पलट गया जिसमें चालक बुरी तरह जख्मी हो गया। सुचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची ओपी पुलिस ने अपने निजी वाहन से चालक को कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जाहा ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने इलाज उपरांत उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में दो महिला घायल

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस बाजार में अलग-अलग हुए सड़क हादसे में दो महिला बुरी तरह घायल हो गई है। घायलों में लहेरी निवासी वंशी शाह की पत्नी राधिका देवी व उनाव निवासी पिंटू चौधरी की पत्नी किरण देवी बताई गई है। बताया जाता है कि उनाव निवासी पिंटू चौधरी अपने पत्नी को लेकर कोचस बाजार होते हुए कहीं जा रहे थे कि बाजार पार करने के दौरान बाइक से संतुलन खो गिर पड़ी जिसमे उनकी पत्नी बुरी तरह घायल हो गई जबकि लहेरी निवासी वंशी शाह की पत्नी कोचस बाजार में घरेलू सामान खरीदने के लिए आई थी जहां सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दि जिसमे वह सड़क पर गिर बुरी तरह घायल हो गई। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां ड्यूटी मे तैनात डॉक्टर तुषार कुमार ने दोनो को इलाज कर स्थिति नाजुक बताते हुए बाहर रेफर कर दिया है।

# वितरहित कॉलेजों के हक के लिए सीनेट सदस्य ने उठाई आवाज

## 7 अरब के पारित बजट में भी वितरहित कॉलेज रहें वंचित

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा सीनेट सदस्य डॉ० मनीष रंजन ने विरहित कॉलेजों के मांग को लेकर बैठक में आवाज उठायी। जिन्होंने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा में सीनेट की बैठक में शनिवार को शामिल होते हुए उन्होंने राज्यपाल सहित कुलपति के समक्ष मांगों को लेकर बताया कि विश्वविद्यालय के इतिहास का यह पहला अवसर है। जब कोई 700 करोड़ के घाटे के बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद भी वितरहित कॉलेज को उन्हें हक के अधिकार से वंचित रखा गया। जो काफी निंदनीय बात है। जबकि गौरतलब करने वाली बात है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा तहत



चार जिला में वितरहित महाविद्यालय का अंग होते हुए भी उन्हें मान सम्मान सहित योजनाओं से वंचित रखा जाता है। इसके लिए राज्यपाल व कुलपति से आग्रह करते हुए डॉ० मनीष ने बताया कि शाहाबाद प्रक्षेत्र के सभी चारों जिला कैमूर, आरा, बक्सर सहित रोहतास में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा द्वारा नोडल कार्यालय,सीनेट सदस्य का चुनाव, छुट्टे महाविद्यालय का चयन समिति करना, वितरहित कॉलेज को सरकारी मान्यता देने की बातें कहीं। जिनके मांगों का गहमा-गहमी बैठक में सभी उपस्थित सीनेट सदस्यों ने समर्थन किया।

# दहेज की भेंट चढ़ी एक बेटी

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला के कछवां थाना क्षेत्र के सवारी गांव में एक बेटी दहेज की भेंट चढ़ गई । सूत्रों के अनुसार यह घटना शनिवार की देर शाम घटित होने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए मृतिका के शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतिका का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सवारी निवासी अभिषेक कुमार की 25 वर्षीय पत्नी अनिता कुमारी बताई जाती है। उन्होंने कहा कि ससुराल पक्ष का कहना है कि मृतिका अनिता कुमारी फांसी लगाकर स्वयं घटना को अंजाम दी है। घटित घटना की सूचना जैसे ही मृतिका के मायके वाले को मिली तो तुरंत घटना स्थल पहुंच देखा तो शव जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना को देख मायके वाले रोने-विलखने लगे। जिस घटना को लेकर मृतिका के पिता नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चितोखर निवासी राज कुमार पासवान ने स्थानीय थाना में दहेज हत्या का मामला ससुराल पक्ष के मृतिका के पति अभिषेक कुमार, ससुर राकेश कुमार , सास पूनम देवी और देवर अमन कुमार के विरुद्ध चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है।थानाध्यक्ष का कहना है कि मृतिका के पिता के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया है कि मेरी बेटी को दहेज के लिए गला दबाकर जान से मार दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतिका अनिता कुमारी की शादी वर्ष 2018 में हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक कछवां थाना क्षेत्र के सवारी निवासी राकेश कुमार के पुत्र अभिषेक कुमार के साथ हुई थी। उन्होंने कहा कि मृतिका के एक पुत्र और एक पुत्री है। उन्होंने बताया कि मृतिका के गले पर निशान पाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतिका के पिता के द्वारा दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर ससुराल पक्ष के चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिस मामले में स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है। कहा कि मृतिका के शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दी गई है।

# जानकी मार्केट की अवैध घेराबंदी हटा प्रशासन ने खुलवाई दुकाने

## तीन थाना की पुलिस समेत मौके पर मौजूद रही अनुमंडल की बजरा पुलिस टीम

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत राजपुर स्थानीय बाजार के चौक स्थित जानकी मार्केट का अवैध तरीके से किए गए घेराबंदी को हटाकर रविवार को दोपहर प्रशासन ने दुकाने खुलवा दी। रैयत व मार्केट के दुकानदारों द्वारा जिलाधिकारी व एसपी से लगाए गए गुहार पर अनुमंडलाधिकारी ने बीडीओ व अंचलाधिकारी को अवैध घेराबंदी हटाने के लिए मजिस्ट्रेट बहाल किया। अंचलाधिकारी ने सैकड़ों पुलिस बल ले घटनास्थल पर पहुंच बांस बल्ली लगा किए गए घेराबंदी को हटवाते हुए दुकानदारों को अपनी-अपनी दुकान खोलने का निर्देश दिया। निर्देश मिलते हीं सभी दुकानदार अपनी दुकानों की सटर खोलकर बैठ गए। घेराबंदी हटाने की भनक पा रैयत के विपक्षी सरोज भीम का परिवार व महिलाएं घटनास्थल पर पूर्व से डटे थे। पुलिस प्रशासन ज्यों हीं घेराबंदी हटाने पहुंचा,रैयत के विपक्षी परिवार के लोग व मौके पर मौजूद अन्य सैकड़ों लोग विरोध करने लगे। घेराबंदी किए पक्ष के सरोज कुमार उर्फ भीम ने मौके पर पहले से हीं जुगाड़ कर किरासन का तेल रखा हुआ था,जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी हटाने के दौरान खुद पर उड़ेल लिया गया व आत्महत्या का प्रयास करने लगा। इस हरकत को देखते हीं पुलिस पकड़ने के लिए दौड़ी,लेकिन वह तेजी से दूसरी



दिशाओं में भाग निकला। घेराबंदी हटाने के दौरान सरोज भीम के बड़े भाई मुकू कुमार व उसका बेटा आनन्द कुमार ने छाती पिट खुद को पुलिस के समक्ष जमीन पर पटक लिया व छटपटाने लगे। काफी देर तक हंगामा करने पर पुलिस ने दोनों को उठाकर हिरासत में ले लिया। मार्केट से घेराबंटी हटाने के दौरान मजिस्ट्रेट के साथ मौके पर नासरीगंज, कछआ, राजपुर थाना की पुलिस समेत अनुमंडल से मिला बाजार पुलिस टीम के सैकड़ो पुलिस कर्मी मौजूद रहे। घेराबंदी हटाने के बाद भी मौके पर देर शाम तक सैकडों की संख्या में स्थानिय लोग, सरोज भीम के परिवार की महिलाएं व सैकड़ो की संख्या में पुलिस की टीम के लोग मौजूद रहे।जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी तरूलता ने बताया कि घेराबंदी किए पक्ष को समझाते हुए चार दिन पूर्व हीं कहा गया था कि रजिस्टर टू में भूमि जिसके नाम दर्ज है,न्यायालय का कोई फैसला रैयत के विरूद्ध नहीं आने तक सरकार उक्त भूमि पर रैयत का स्वामित्व मानती है। कागजातों की जांच कर घेराबंदी किए पक्ष के लोगों को समझाते हुए कहा गया था कि न्यायालय के जिस पत्र को आप दिखा रहे हैं। वो अंतिम आदेश नहीं है। आपके प्रार्थना को न्यायालय ने स्वीकार किया है कि आपलोग नबालिक थे। न्यायालय में आपके पक्ष को रखने वाला कोई लीगल तरीके से नही मौजूद था। अतः उक्त वाद को पुनर्जीवित किया जाता है.बावजूद भी इन लोगों ने घेराबंदी नहीं हटाई। मामले में रैयत और दुकानदारों ने डीएम व एसपी से गुहार लगाई थी। जिस पर अनुमंडलाधिकारी के आदेश पर अवैध तरीके से किए गए घेराबंदी को हटाते हुए दुकानदारों की दुकानें खुलवा दी गई। उक्त मकान पर वर्तमान में स्वामित्व का दावा कर रहे पक्षकार सरोज कुमार का रो-रो कर बुरा हाल रहा। वे बताते हैं कि हमारे नाबालिक होने का फायदा उठा उक्त मकान पर बेईमानी से जबरदस्ती दूसरे पक्ष ने कब्जा किया हुआ है। 16 दिसम्बर 2023 को न्यायालय ने अपने फैसले में मूल स्वत्व वाद को पुनर्जीवित किया है। अतः ये हमारे परिवार का पैतृक संपत्ति है। जिस पर हमारा भी हक है।

# दो पक्षों में हुई मारपीट चली गोली,मामला जमीनी विवाद का

**गोलियों की आवाज से थरार्या इलाका**

रोहतास जिला के काराकाट थाना क्षेत्र के हटिया(कुड़वा) में ट्रैक्टर ले जाने के क्रम में दो पक्षों के बीच उत्पन्न विवाद में चली गोली से इलाका में हड़कंप मच गया।घटना के संबंध में बताया जाता है कि एक पक्ष के लोग दूसरे पक्ष के खेत से ट्रैक्टर ले जा रहे थे । इसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों तरफ से हाथापाई, गाली-गलौज के उपरांत गोली चल गई। दो पक्षों की ओर से 20 राउंड से अधिक गोली चलने की बात बताई जा रही है। लेकिन इसमें कोई हताहत की सूचना नहीं है। इस घटना की सूचना मिलते हीं काराकाट पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना स्थल पर पहुंच दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। घटना स्थल से 315 का एक लाइसेंसी राइफल, चार जिंदा कारतूस तथा एक खोखा बरामद किया गया। इस संबंध में दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।इस संबंध में थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने बताया कि मामला कहां सुनी का मामला था। ट्रैक्टर खेत से जाने के क्रम में वाद विवाद हुआ था। घटना स्थल से संतोष कुमार उर्फ संजय कुमार सिंह पिता पवन सिंह को लाइसेंसी राइफल के साथ पकड़ा गया जो पूर्व सैनिक है। उनके नाम से लाइसेंस है। इनके अलावा अजय कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच करने के बाद जेल भेज दिया गया। एकपक्ष अजय कुमार पिता बैजनाथ सिंह के तरफ से दर्ज प्राथमिकी में चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वही पूर्व सैनिक संतोष कुमार उर्फ संजय कुमार सिंह पिता बबन सिंह की ओर से दर्ज प्राथमिकी में तीन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बक्सर जिले से चोरी हुई ट्रक भोजपुरी में बरामद

**दैनिक समाज जागरण जगदीशपुर प्रतिनिधि भोजपुर**

भोजपुर पुलिस ने बक्सर जिले के बह्मपुर से लूटे गये धान लदे ट्रक को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने 2 लोगों को पकड़ा है। जगदीशपुर, धनगाई व तीयर पुलिस के संयुक्त प्रयास से लूटे गये धान लदे ट्रक को बरामद करने में पुलिस ने सफलता पायी। बताया जाता है कि लूटे गये ट्रक में जीपीएस लगा था। लेकिन लुटेरों को इसकी जानकारी नहीं थी। ऐसे में पुलिस ने टेक्नोलॉजी कि इस्तेमाल किया। इससे लुटेरे भी पकड़े गए और धान व ट्रक भी पुलिस ने बरामद कर लिया।जानकारी के अनुसार बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर से धान लदे ट्रक की लूट हुई थी। इस घटना के बाद पुलिस टेंशन में थी। जगदीशपुर के थानाध्यक्ष राजकिशोर सिंह को घटना की सूचना मिलने पर उन्होंने धनगाई थाने की इसकी सूचना दी। इसके बाद ट्रक में लगे जीपीएस का लोकेशन ट्रैक करने के बाद धनगाई पुलिस को थाना क्षेत्र के शिवपुर चिमनी के समीप का लोकेशन मिला। इसके बाद छापेमारी करने गयी पुलिस टीम को देखकर लूटेरे ट्रक लेकर भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने पीछा किया।इसी बीच पुलिस से घिरता देखकर लूटेरे तीयर थाना क्षेत्र के हेतमपुर के समीप ट्रक छोड़कर भाग निकले। बरामद ट्रक को तीयर थाने के हवाले किया गया है। वही उस दौरान धनगाई पुलिस ने शिवपुर चिमनी के पास से ट्रक से अनलोड किये गए धान के बोरों को ट्रैक्टर समेत बरामद कर थाने ले आयी है। पुलिस ने बताया कि धान लदे ट्रक लूट की घटना का केस बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाने में दर्ज है। बरामद ट्रक व पकड़े गये आरोपितों को ब्रह्मपुर थाने के हवाले किया जाएगा।

# करंट की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव में शनिवार की देर शाम विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के अखगांव गांव निवासी नंद कुमार राय का 24 वर्षीय बेटे पवन कुमार राय है। वह पेशे से मजदूर था एवं मुंबई में रहकर काम करता था।

# यज्ञ के भंडारे में चली गोली दो की मौत

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के गोडीहां गांव में शनिवार की देर शाम दो लोगों की हत्या से पूरा इलाका दहल गया है। दरअसल गोड़ीहा गांव में पयहारी जी महाराज के यज्ञ के दौरान चल रहे भंडारे में पुरानी रंजिस को ले कर हथियारबंद बदमाश ने एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी। एक ने घटनास्थल पर एवं दूसरे ने इलाज के लिए आरा लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सरेआम हुए डबल मर्डर की वारदात के बाद गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसपी प्रमोद कुमार यादव डीएसपी राहुल कुमार सिंह और सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। मृतकों में सहार थाना क्षेत्र के गोडीहां गांव निवासी देव कुमार महतो का 27 वर्षीय पुत्र कृष्णा कुमार एवं दूसरा जनेश्वर यादव का 35 वर्षीय पुत्र लल्लू यादव है। मृतक लल्लू के पिता जनेश्वर यादव ने बताया कि पूर्व में दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसके बाद बाद दोनों पक्षों के बीच केस भी हुआ था । हालांकि पंचायती कर मामले को खत्म कर दिया गया था । आज देर शाम लल्लू भंडारा में खाने गया था, तभी उक्त लोगों ने पकड़कर गोली मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । इधर, मृतक कृष्ण कुमार के भाई मुन्ना कुमार ने बताया कि लालू यादव का उसके चाचा छोटक यादव से पूर्व से आसपी रंजिश चली आ रही है। शनिवार को उनके गांव में पहियारी जी महाराज का यज्ञ का आयोजन किया गया था। आयोजन के दौरान शनिवार की देर शाम भंडारा चल रहा था। उसी भंडारे के बीच छोटक यादव और लालू यादव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर नोकझोंक हुई। जिसके बाद छोटक यादव द्वारा भंडारे के दौरान ही फायरिंग कर दी गई।फायरिंग की आवाज सुनते हैं लोगों के बीच भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इस बीच लालू यादव भी भागने के क्रम में उनके दरवाजे पर आ गया। तभी छोटक यादव भी वहां आ गया और कहने लगे कि तुम लोगो ने ही उसे घर में क्यों छुपाया है। जब उन्होंने कहा कि मैंने उसे घर में नहीं छुपाया है। तभी उसने पहले उसके भाई कृष्ण कुमार को खड़ा कर कर गोली मारी। इसके बाद उसने लालू यादव को भी गोली मार दी। जिससे लालू यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका भाई कृष्ण कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आनन-फानन में आरा लाया जा रहा था। तभी उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद परिजन उसे आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका



पोस्टमार्टम करवाया।वहीं लल्लू यादव के शव का सहार थाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं दूसरी ओर मृतक कृष्ण कुमार के भाई मुन्ना कुमार ने गांव के ही रहने वाले मृतक लल्लू यादव के चाचा पर अपने भाई कृष्णा कुमार एवं लालू यादव की गोली मारकर हत्या करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। वही इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि देर संध्या में सहार थाना अंतर्गत गोडीहां गांव में प्राप्त सूचना के अनुसार एक भंडारा का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें वही के लल्लू प्रसाद यादव खाना खा रहे थे। पूर्व में बिहारी यादव और जनेश्वर यादव के परिवारों के बीच घास काटने और पिकअप का बकाया किराया नहीं देने को लेकर विवाद हुआ था। लल्लू के हत्या के प्रतिशोध में उसके ने छोटक यादव ने मुख्य आरोपी ब्रजेश की पीछा करने के दौरान अंधेरे में फायरिंग कर दी, जिससे गलतफहमी में कृष्णा महतो को गोली लग गई। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस टीम अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।बताया जाता है कि मृतक कृष्ण कुमार अपने चार भाई और तीन बहन में छोटा था एवं अहमदाबाद में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। वह कुछ दिन पूर्व ही वापस गांव लौटा था। उसके परिवार में तीन भाई मुन्ना, वीरेंद्र सहेंद्र और तीन बहन रेवंती, फुलवंती एवं जयंती है। मृतक की मां फूलझारो देवी की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। जबकि लल्लू यादव के घर मे पत्नी कंचन देवी, तीन बेटी डिंपल, छोटी और पायल है। घटना के बाद मृतकों के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतकों के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 7



# सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस का मनोकामना हुआ पूरा,काली मंदिर पहुंच कर मां खड्गेश्वरी व नानू बाबा का लिया आशीर्वाद

मां खड्गेश्वरी महाकाली का किया आरती व बाबा खड्गेश्वरनाथ पर किया जलाभिषेक

सुरक्षा में एसपी समेत कई पदाधिकारी का रहे मौजूद

नानू बाबा ने सभी को चुनरी व माला पहना कर दिये आशीर्वाद



**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस शनिवार की रात विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर अररिया पहुंचे। इस दौरान जस्टिस ने मां खड्गेश्वरी की पूजा अर्चना की।इस दौरान उनके साथ जिला के कई वरिय अधिकारी मौजूद थे। जस्टिस संजय करोल ने पहले मां खड्गेश्वरी महाकाली को पुष्प अर्पित व आरती कर पूजा की। वहीं बाबा खड्गेश्वरनाथ महादेव को दूध से जलाभिषेक किये। पूज्य नानू बाबा के द्वारा सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल समेत साथ में पहुंचे जज को चुनरी वह माला पहनाकर आशीर्वाद दिए। इस दौरान एसपी अशोक कुमार सिंह समेत दर्जनों पुलिस पदाधिकारी गण सुरक्षा में सुबह से ही तैनात थे। जस्टिस ने नानू बाबा को अपने आवास दिल्ली में आने के लिए भी निमंत्रण दिया। नानू बाबा ने बताया कि इससे पूर्व जब संजय करोल पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस थे। उसे समय मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना के लिए पहुंचे थे। पूजा अर्चना के बाद मां खड्गेश्वरी महाकाली का आशीर्वाद दिया गया था। बताया जाता है कि चीफ जस्टिस का मनोकामना पूर्ण होने के बाद शनिवार की रात मां खड्गेश्वरी महाकाली व नानू बाबा का आशीर्वाद व मां काली का पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। मौके पर जिला जज हर्षित सिंह, एडीजे मनोज कुमार तिवारी, सी जे एम शैलेंद्र सिंह, श्याम बिहारी, समेत सिविल कोर्ट के दर्जनों पदाधिकारीगण व पुलिस बल मौजूद थे।

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का होता है वास:प्राचार्य

**दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते अतिथि, नवोदय विद्यालय में मेडिकल कैंप में 15 चिकित्सकों ने दी सेवा**



**अररिया।** नवोदय एलुमनाई एसोसिएशन बिहार (नाब) नवोदय विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों का समूह के द्वारा हमेशा से सामाजिक कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सहयोग की भावना से अपनी सेवायें समाज को देता रहा है. इसी क्रम को जारी रखते हुए रविवार को मेडिकल कैंप का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के प्रांगण में हुआ.दीप प्रज्वलित कर उप प्राचार्य राजकुमार मिश्र के साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अभय गुरमैता, सचिव अरविंद अमर, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पूर्णियां के प्रोफेसर एवं कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग प्रमुख डा अभय कुमार , डा निलेश भूषण आदि ने मिलकर उद्घाटन किया.

हेल्थ कैंप में डॉक्टरों द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप, ट्रीटमेंट, काउंसलिंग और निशुल्क दवा वितरण किया गया. राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पूर्णिया के कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग प्रमुख पूर्णियां डॉ अभय कुमार ने इसमें काउंसलिंग किया. पूर्णियां के सर्जन डॉ अभय गुरुमैता , अररिया के सर्जन डॉ नीलेश भूषण , डॉ सुमित कुमार (जनरल सर्जन),डॉ अभय कुमार (फिजिशियन एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट), डॉ तरुण (फिजिशियन), डॉ संतोष (फिजिशियन), डॉ इफ्तेखार (पीडीएट्रशन), डॉ संदीप आनंद (ओथोर्पेडिशन), डॉ राजू कुमार (पीडिएट्रिशन), डॉ गोपाल झा (ई एन टी), डॉ शाकीब आलम (डमाटोलॉजिस्ट), डॉ सिम्मी (डेंटिस्ट), डॉ आफताब (डेंटिस्ट), डॉ अंकित राज (फिजियोथेरेपिस्ट) व आहार रोग विशेषज्ञ सूची कुमारी के द्वारा यहां के छात्र छात्राओं व शिक्षकों का चेकअप किया। कैंप में करीब 500 बच्चों व शिक्षकों को सेवा दिया गया. दवा देने व सहयोग के लिए अरविंद अमर, सुमित प्रणव सहित अन्य पूर्ववर्ती छात्र लगे रहे. इस संबंध में अररिया नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री सुशांत कुमार झा ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता की लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है. उन्होंने कहा कि यह विद्यालय का सौभाग्य है कि अभी तक का यह सबसे बड़ा कैंप हुआ जिसमे 15 से ज्यादा डॉक्टर आये. इससे भी गर्व की बात यह है कि सभी नवोदय विद्यालय से पढ़े हैं।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में परिषद कार्यकताओं पर लाठी चार्ज की बैठक में की गई निंदा

**निहत्थे छात्र-छात्राओं पर लाठी चलवा कर आखिर बिहार सरकार क्या साबित करना चाहती है?**




**अररिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अररिया का एक बैठक शिवपुरी स्थित परिषद कार्यालय परसर में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता परिषद के नगर मंत्री अंकित कुमार झा ने किया. बैठक में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं पर स्थानीय पुलिस द्वारा किए गए बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज पर एक स्वर से निंदा की गई.

बैठक को संबोधित करते हुए परिषद के पूर्णिया विश्वविद्यालय प्रमुख प्रोफेसर एमपी सिंह ने कहा कि बिहार की बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर 23 दिसंबर को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परिसर आरा में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया गया जिसमें 13 छात्र-छात्राएं घायल हुए. पुलिस ने छात्राओं को भी नहीं बक्शा. निहत्थे छात्र-छात्राओं पर लाठी चलवा कर आखिर बिहार सरकार क्या साबित करना चाहती है? एमपी सिंह ने कहा कि नीतीश सरकार कितना भी जुल्म कर ले, परिषद कार्यकताओं के आवाज को दबा नहीं सकता. उन्होंने कहा कि परिषद कार्यकर्ता लाठी चार्ज से डरने वाला नहीं है. परिषद छात्र-छात्राओं के हित के लिए आवाज उठाते रहेगा.

इस अवसर पर जिला संयोजक अजीत रंजन ने कहा कि लाठी चार्ज की विरोध में अररिया जिला में भी आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है.

बैठक में पंकज कुमार, अंकित कुमार झा, गोविंद कुमार मंडल, पीयूष कुमार, अंकित सिंहा, राजनंदनी, प्राची सिंहा, नितिन राज, अभिषेक ठाकुर, प्रिंस कुमार आदि शामिल थे।

# केंद्रीय मंत्री ने प्रखंड में विभिन्न विकास योजनाओं का किया शिलान्यास




**दैनिक समाज जागरण ओम जी तिवारी सहार भोजपुर** भोजपुर जिले के सहार प्रखंड के विभिन्न गांव का सांसद ने दौरा किया। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री सह सांसद आरके सिंह ने रविवार को केंद्रीय मंत्री ने सामुदायिक भवन, पीसीसी सड़क एवं यात्री शेड का शिलान्यास किया। इन सभी विकास योजनाओं को सीएसआर फंड से पावर ग्रिड द्वारा किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास का कार्य सभी गांव में हो रहा है। सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण और मजबूत होगा। कहीं से कोई कोताही नहीं बरता जाएगा। विकास का यह कार्य अनवरत चलता रहेगा। केंद्रीय मंत्री के पहुंचने पर कार्यकर्ता एवं ग्रामीण में काफी गर्म जोशी के साथ भव्य स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री विभिन्न गांव के दौरा के दौरान की समस्याओं से भी रूबहू हुए। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने समस्याओं का समाधान करने के साथ अन्य जरूरी योजनाओं को भी पूरा करने का भरोसा दिया।

# घर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि जगदीशपुर भोजपुर** भोजपुर जिले के तेंदुनी बलिगांव पथ पर आयर थाना क्षेत्र के ककीला गांव के समीप अज्ञात स्कार्पियो के धक्के से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान आयर थाना क्षेत्र के रौशन टोला वार्ड संख्या 03 निवासी सीताराम सिंह के 26 वर्षीय पुत्र हरेंद्र कुमार के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक पीरो अपने रिश्तेदार के घर किसी कार्यवश गया हुआ था। घर लौटने के क्रम में ककीला गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात स्कॉर्पियो ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी और भाग निकला। अगल बगल के ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों द्वारा घायल हरेंद्र को इलाज के लिए दुलौर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे आरा रेफर कर दिया। जिसके बाद इलाज के दौरान आरा ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई।

# अलग अलग मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण : नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर** भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड क्षेत्र तरारी थाना पुलिस ने घर बटवारे को ले मारपीट के मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। तरारी थाना पुलिस ने बताया कि करथ गांव में घर बटवारे को ले मारपीट के मामले में गुप्तेश्वर सिंह के पुत्र अवधेश सिंह, अजित सिंह और अनिरुद्ध सिंह को गिरफ्तार किया गया। वही इमादपुर थाना ने पूर्व के मामले में फरार आरोप को गिरफ्तार किया। इमादपुर थाना पुलिश ने बताया कि पूर्व के मामले में फरार आरोपी विशनपुर गांव निवासी विजय यादव को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# किमी आनंद के नेतृत्व में निकाला गया अक्षत कलश यात्रा, बड़ी संख्या में सनातन धर्म के लोगों ने लिया भाग

सभी सनातन धर्म के लोगों को दिया गया निमंत्रण, यात्रा के दौरान हुई फूलों की वर्षा



**अररिया।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा होगा। अयोध्या से निमंत्रण हेतु मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर से अक्षत कलश यात्रा काली मंदिर भेजा गया था। जिसे रविवार सभी सनातन धर्म के लोगों को निमंत्रण के लिए मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर से एक विशाल अक्षत कलश यात्रा निकल गया। जिसमें हजारों की संख्या में सनातन धर्म के लोगों ने भाग लिया। इस अक्षत कलश यात्रा को मां खड्गेश्वरी महाकाली के साधक परम पूज्य नानू बाबा ने आशीर्वाद देकर विदा किया। अक्षत कलश यात्रा में जय श्री राम से शहर गुंजामान होता रहा। वहीं सभी सनातन धर्म के लोगों को अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण भी दिया गया। अक्षत कलश यात्रा में ढोल नगाड़ा व हाथी भी साथ चला। वहीं अक्षत कलश यात्रा में सभी भक्तगण नाचते झूमते देखे गए। जबकि यह अक्षत कलश यात्रा मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए अररिया आरएस ठाकुरबाड़ी मंदिर में समापन हुआ। कलश रथ को रोक कर जगह-जगह पर भक्तों ने फूल बरसा हुआ आरती किया। अक्षत कलश का नेतृत्व कर रहे हैं नानु बाबा के शिष्य किमी आनंद ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन धर्म के लोगों में काफी उत्साह है। रविवार को विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर से अक्षत कलश लेकर नगर भम्रण के लिए निकाला गया।इस कलश यात्रा में हजारों सनातन धर्म के महिला पुरूष भक्तों ने भाग लिया।कलश यात्रा के साथ ढ़ोल, नगारा,घौड़ा भी साथ रहा। इस दौरान सभी सनातन धर्म के लोगों को निमंत्रण दिया दिया।इसको लेकर मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर समेत नगर को भगवा झंडा से भव्य रूप से सजाया गया था।अयोध्या से कलश मुजफ्फरपुर पहुंचा था।कार्यक्रम प्रमुख बबलू कुमार ने बताया कि मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर से अक्षत कलश को लेकर शोभा यात्रा निकाला गया।इस दौरान सभी सनातन धर्म से जुड़े लोगों को निमंत्रण दिया गया।सभी धर्म सभी सनातन धर्म से जुड़े लोगों को यह बताया जाएगा की 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा है।इस मौके पर सभी भक्त अपने घर व मंदिरों में दीया से भव्य रूप से सजावट करें। मौके पर सह प्रमुख किमी आनंद, सह जिला कार्यवाहक नागेंद्र मिश्रा, प्रांत संयोजक मथुरा दास, जिला मंत्री शुभम चौधरी समेत हजारों सैकड़ो सनातन धर्म के लोग अक्षत कलश यात्रा में मौजूद थे।

# विभागीय समीक्षा बैठक में शामिल होने अररिया पहुंचे पंचायती राज अपर मुख्य सचिव को संतोष झा ने सौंपा ज्ञापन

संघ के जिलाध्यक्ष ने पूर्व की तरह समुचित अधिकार देने की मांग की



**अररिया ।** बिहार सरकार पंचायती राज विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह शनिवार को जिले के दौरे पर थे। इस दौरान कार्यक्रम समापन के बाद जिला उपमुखिया वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम उर्फ पप्पू अजीम के माध्यम अपनी दस सूत्री मांग पत्र अपर मुख्य सचिव को सौंपते हुए अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। मुख्यरुप से पूर्व की तरह वार्ड सदस्यों के माध्यम सात निश्चय टू योजना के क्रियान्वयन का अधिकार, ससमय मानदेय भुगतान व पांच हजार प्रतिमाह मानदेय बढ़ाने, मनरेगा योजना में प्रशासनिक स्वीकृति व भुगतान का अधिकार सुनिश्चित करने, बंद प्रधानमंत्री आवास योजना को जल्द लागू करने सहित दस सूत्री मांग पत्र देकर निचले स्तर के जनप्रतिनिधियों को सम्मान देने की मांग की गई। वहीं जिला परिषद अध्यक्ष श्री अजीम ने मांग को जायज ठहराते हुए अपर मुख्य सचिव से इस गंभीर मुद्दे पर पहल करने अपील की। जबकि संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने बताया कि वार्ड सदस्य जमीनी स्तर पर काम करते हैं। वार्ड सदस्य के अधिकार में कटौती होने से गांव के विकास पर ग्रहण लगा है। जल्द वार्ड सदस्य को संपूर्ण अधिकार मुहैया करने की मांग की गई।

# महिला निर्माण श्रमिकों एवं निर्माण क्षेत्र के स्टेकहोल्डर्स की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**उदाकिशुनगंज।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस( इंटक) से संबद्ध कंस्ट्रक्शन लेबर युनियन के तत्वाधान में ग्लोबल युनियन बिल्डिंग एंड उड वर्कस युनियन (बी.डब्ल्यू आई.) द्वारा संपोषित महिला निर्माण श्रमिकों एवं निर्माण क्षेत्र के स्टेकहोल्डर्स की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन मधेपुरा के उदाकिशुनगंज में किया गया।

बी एस एस चंद्रकांता महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यशाला में निर्माण क्षेत्र की कंपनियों, अभियंताओं एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स के बीच महिला निर्माण श्रमिकों के सशक्तिकरण ,प्रशिक्षण एवं उनकी सहभागिता बढाने के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी.

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश इंटक के उपाध्यक्ष एवं एआईसीसी सदस्य केशर कुमार सिंह ने कहा कि निर्माण के क्षेत्र में महिला श्रमिकों की भागेदारी काफी कम हैं.श्री सिंह ने बी डब्ल्यू आई और डीजीबी द्वारा महिला निर्माण श्रमिकों को पेंटिंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए आभार प्रकट किया.श्री सिंह ने प्रदेश इंटक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह जी से मधेपुरा जिले में भी महिला निर्माण श्रमिकों के बीच पेंटिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया! श्री सिंह ने कहा कि कोशी क्षेत्र निर्माण श्रमिकों का हब है परन्तु अधिकांश कुशल प्रशिक्षित निर्माण श्रमिक दूसरे राज्य में पलायन कर जाते हैं ऐसी स्थिति में महिलाओं को लाभ लेना चाहिए! निर्माण क्षेत्र से जुडे. संवेदक दिव्य प्रकाश एवं एम भी कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि ने महिला निर्माण श्रमिकों की भागेदारी बढाने का आश्वासन दिया।जिला इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कंस्ट्रक्शन लेबर युनियन के तत्वाधान में गठित महिला निर्माण श्रमिकों की सहकारी समिति का गठन कर महिला निर्माण श्रमिकों की भागेदारी बढाने के लिये बी डब्ल्यू आई और चंद्र प्रकाश सिंह जी की प्रशंसा करते हुए कोशी क्षेत्र में भी सहकारी समिति के निबंधन हेतु महिला निर्माण श्रमिकों को आगे आने पर बल दिया।

कंस्ट्रक्शन लेबर युनियन के जिला अध्यक्ष हीरा लाल पासवान ने कंस्ट्रक्शन वर्कस बोर्ड द्वारा श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए लाभ लेने की अपील की .कार्यशाला में आबो देवी आदि ने भाग लिया. धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश ऋषिदेव ने किया।

# पंडित अजय झा के नये प्रतिष्ठान भी टू मॉल फारबिसगंज में ब्राह्मण दिग्गजों का हुआ जुटान

सन ऑफ मिथिला संजीव मिश्रा ने की अगुवाई, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**फारबिसगंज ।** एक लंबे समय के बाद परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह अररिया विधानसभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे पंडित अजय कुमार झा के नए प्रतिष्ठान भी टू मॉल फारबिसगंज में ब्राह्मण दिग्गजों का जुटान हुआ। इस दौरान इस जुटान कार्यक्रम को मूर्त रूप देने में सन ऑफ मिथिला के नाम से चर्चित पैनोरमा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजीव मिश्रा की पहल सराहनीय रही। कहा गया है कि सुबह का भूला अगर शाम को घर आ जाये तो उसे भूला नहीं कहते। ये सभी दिग्गज अपने आप में काफी चर्चित हैं और कोई परिचय के मोहताज नहीं हैं।काफी दिनों बाद पंडित अजय झा जी के नये प्रतिष्ठान भी तू मॉल फारबिसगंज में जानें माने ब्राह्मण के हस्ती सह लोजपा के राष्ट्रीय नेता शंकर झा (बाबा),अभिभावक तुल्य के एन डिग्री, इंटर कॉलेज के संस्थापक सह डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. त्रिलोकनाथ झा , सीमांचल में भाजपा के चाणक्य के नाम से मशहूर प्रेम कुमार मिश्रा इस दौरान वहां मौजूद थे। पंडित अजय झा, संजीव सर ने कई मुद्दों पर चर्चा किया एवम सभी अपनों के संग आत्मीय पल में सुखद अनुभूति का एहसास किया।

# विधान पार्षद को दिया ज्ञापन



**दैनिक समाज जागरण सतीश कु० पीरो भोजपुर** भोजपुर जिले के पीरो प्रखंड के जमुआंव गांव स्थित ऐतिहासिक विनोबा भक्ति स्थल से सटे फाल की जीर्णोद्धार करने की मांग को लेकर जमुआंव निवासी एंकर व अभिनेता रविरंजन राय ने विधान पार्षद अवधेश नारायण सिंह से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। विधान पार्षद को दिए गए ज्ञापन में रविरंजन राय ने उन्हें जमुआंव गांव स्थित ऐतिहासिक विनोबा भक्ति स्थल से सटे फाल की जीर्ण शीर्ण अवस्था से अवगत कराते हुए पार्षद निधि से फाल का जीर्णोद्धार करने का अनुरोध किया गया है। रविरंजन राय के अनुसार उक्त फाल से होकर की जाने वाली जलापूर्ति से सैकडों एकड खेतों का पटवन होता है। फाल के जीर्ण शीर्ण होने से ज्यादातर पानी बेकार बह जाता है जिससे चकटोला, बलवा, पहाडीह,तार आदि गांवों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है जिससे ये खेत परती पडे रहते हैं। फाल का जीर्णोद्धार हो जाने पर बहुत से किसानों को लाभ होगा। विधान पार्षद सह पूर्व सभापति ने रविरंजन को उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

# पूज्य नानू बाबा के शिष्य किमी आनंद ने सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस को भेंट किया पुस्तक



**अररिया।** विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल को भारतीय जनता पार्टी लोकसभा अररिया के मीडिया संयोजक सह मीडिया प्रभारी अभिनव आनंद उर्फ किमी आनंद ने काली मन्दिर की पुस्तक उन्हें भेंट की।

इस मौके पर पूज्य नानू बाबा के अलावा एसपी अशोक कुमार सिंह समेत दर्जनों पुलिस पदाधिकारी जिला जज हर्षित सिंह, एडीजे मनोज कुमार तिवारी, सी जे एम शैलेंद्र सिंह, श्याम बिहारी, समेत सिविल कोर्ट के दर्जनों पदाधिकारीगण एवम स्थानीय लोग मौजूद थे।

# कथा के छठे दिन गीता ज्ञान यज्ञ स्थल पर पहुंचे स्थानीय विधायक विद्यासागर केशरी किया कथा श्रवण



**फारबिसगंज ।** श्री मद्भागवत कथा गीता ज्ञान यज्ञ के छठे दिन व्यास गद्दी से बालसंत श्री हरिदास जी ने जीवन में प्रेम के महत्व को सारगर्भित ढंग से कथा के माध्यम द्वारा रामायण की चौपाई जहां सुमति वहां सम्पत्ति नाना, जहां कुमति वहां बिपत्ति समाना का उल्लेख करते हुए कहा कि अगर परिवार में सुख, समृद्धि और शांति चाहते हैं तो प्रेम के साथ उदारता का भाव रखें जिस प्रकार राजा दसरथ ने अपने पुत्र कामना की इच्छा को अपने गुरु वशिष्ठ जी को सुनाया और समाधान पाया उसी प्रकार घर की बातें इधर-उधर नहीं बता कर भगवान, संत और अपने गुरु को बता कर समाधान पाना चाहिए। संत ने कहा कि इस जग का यह हाल है कि लोग रो कर पुछेंगे लेकिन हंस कर जग जाहिर करेंगे। प्रेम और उदारता का एक उदाहरण देते हुए उन्होंने एक सास और उसकी नवविवाहिता बहू की कहानी सुनाई कि बहु पर्व के समय अपने मायके से ग्यारह किलो लड्डू आने की बात कहती थी लेकिन उसके पिता धन के अभाव में मात्र पांच किलो लड्डू ही भेज पाए सास ने बहू को बिना बताए छः किलो लड्डू अपनी ओर से मिलाकर बहू को उसके मायके से ग्यारह किलो लड्डू आने की जानकारी उदारता पूर्वक दे कर बहू का दिल जीत लिया। बच्चों में बाल्यकाल से ही अच्छे संस्कार देने और उनका भविष्य सुरक्षित करने की शिक्षा अभिभावको को दी।

सीता -जय प्रकाश अग्रवाल, उषा -हेमु बोथरा के आयोजक तत्त्व में हो रही इसभागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव काफी उल्लास पूर्वक मनाया गया। कथा सजीव झांकियो का मनमोहक चित्रण किया गया। कथा स्थल पर भीड़ काफी बढ़ चुकी है और पूरा कथा स्थल भागवत मय सा हो गया है। इस अवसर पर कथा के छठे दिन कथा स्थल पर स्थानीय विधायक विद्यासागर केशरी उर्फ मंचन केशरी भी पहुंच कर कथा श्रवण किया।

# बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष वाली कार्यक्रम में राजद नेता मंच पर रहा हावी

संस्कृत विद्यालय के सेवानिवृत हेडमास्टर हरिनंदन झा उर्फ ललन झा शिक्षक सरंक्षण सम्मान से हुए सम्मानित



**कुसाकांटा ।** प्रमंडलीय समीक्षा बैठक में शामिल होने शनिवार को संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवम सचिव के कार्यक्रम के दौरान पगडेरा मंच पर राजद नेता हावी रहे । बोर्ड के अध्यक्ष भोला यादव राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव के दाहिना हाथ माने जाते हैं।

संस्कृत शिक्षा बोर्ड का अध्यक्ष पद राजद कोटे में चले जाने से उक्त पद के कई उच्च कोटि के दावेदार को किनारा कर भोला यादव को अध्यक्ष का ताज दिया गया।आयोजक समिति ने अध्यक्ष सहित अतिथियों का मिथिला का पाग, बुके व अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया. ना तो आयोजक द्वारा किसी भी संस्कृत स्कूल के शिक्षकों को कार्यक्रम में आने का न्योता दिया न बोर्ड से हीं कोई चिट्ठी निकाली गई। संस्कृत शिक्षक चाह कर के भी उस कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर सके वहीं डर इस बात की भी थी कि स्कूल के पठन पाठन कार्य के दौरान यदि कार्यक्रम में गया तो के के पाठक सर का डंडा कौन सहन करेगा। के के पाठक के आदेश को मानते हुए बहुसंख्यक संस्कृत टीचर इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिए। कार्यक्रम में भाग लेने वालों ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध बोर्ड से शो काउज भेजे जाने की बात मंच द्वारा कही गई जो उपास्थित शिक्षा विदों को पचा नहीं। बहरहाल जो हो मंच पर पूर्व सांसद सराफराज आलम, जिला राजद की टीम, राजद टिकट के प्रबल दावेदार डा शत्रुघ्न मंडल आदि मौजूद थे जिसे आयोजक मंडल ने शॉल और बुके द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर आयोजक सह अगुआ संस्कृत विद्यालय के सेवानिवृत हेडमास्टर हरिनंदन झा उर्फ ललन झा को शिक्षक सरंक्षण सम्मान से सम्मानित किया गया। सबों ने अध्यक्ष महोदय के संबोधन पर जोरदार तालियां बजाईं,और उनके संबोधन का स्वागत किया।

# ऐतिहासिक मंदिर सुंदर नाथ धाम पहुंचे चीफ जस्टिस संजय करोल, किया पूजा अर्चना

मन्दिर न्यास समिति के अध्यक्ष विधायक विजय मंडल ने चीफ जस्टिस को सौंपा मोमेंटो

**कुसाकांटा ।** जिला अररिया के ऐतिहासिक मंदिर सुंदर नाथ धाम पहुंचे चीफ जस्टिस संजय करोल का बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक विजय कुमार मंडल ने मंदिर का मोमेंटो भेंट कर मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष की



हैसियत से उनका भव्य स्वागत किया । चीफ जस्टिस संजय करोल मंदिर पहुंचकर बाबा भोले नाथ का जल अभिषेक एवं वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर जगत कल्याण की कामना महादेव से किया । इस मौके पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सुशील कुमार सिंह, मंदिर न्यास कमेटी के सम्मानित सदस्य, स्थानीय प्रशासन मौजूद रहे।

# काशी एक देवस्थली में भक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों ने मनमोहा

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी। आर्य महिला नागरमल मॉडल स्कूल का 65 वा वार्षिकोत्सव समारोह 23 दिसंबर को आर्य महिला पी जी कॉलेज के सभागार में मनाया गया। "काशी एक देवस्थली"शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । कार्यक्रम के आरंभ में मॉडल स्कूल की कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना दीक्षित और सीनियर कोऑर्डिनेटर रुद्र प्रताप सिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विद्यालय के वार्षिक रिपोर्ट का वाचन डीन ऑफ एकेडमिक वंदना अग्रवाल ने किया ।इसके पश्चात विद्यालय की सेवानिवृत शिक्षिका विमला मिश्रा को आजीवन उत्कृष्ट शैक्षिक सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया ।सम्मान के इस क्रम में विद्यालय के कक्षा 10 और 12 के उन छात्राओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने इस वर्ष अपनी बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर माता -पिता सहित विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इन छात्राओं में कक्षा 12 की मजीनाह तनवीर 96 %, वंशिका श्रीवास्तव 94% , जागृति वर्मा 90%, और कक्षा 10 की रिमझिम सिंह,श्रुति शोलापुरकर और आरना यादव 90%हैं। यह दोनों सम्मान विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्या अंजना दीक्षित तथा डीन ऑफ एकेडमिक श्रीमती वंदना अग्रवाल ने सम्मिलित रूप से दिया। सम्मान और पुरस्कार वितरण के पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा समारोह के शीर्षक के अनुरूप काशी की देव परंपरा को समर्पित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। *ॐ गन गणपतये नमो नमः अष्ट विनायक की वंदना से आरंभ हुए इस भक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के नन्हे मुन्हों ने मेरा भोला है भंडारी बोल पर मनमोहक नृत्य कर बाबा विश्वनाथ एवं कालभैरव से आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात बजरंगबली को समर्पित कर दो अंजनी के लाल मेरा छोटा सा एक काम भजन को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर छात्राओं ने जनसमूह को भावविभोर कर दिया। भक्ति की इस रसधारा में बहते हुए दर्शकदीर्घा में उत्साह और उमंग का संचार करते हुए छात्राओं ने दुर्गा,सरस्वती और लक्ष्मी त्रिवेणी का स्वरूप धरकर भगवती- वंदना भी की । कार्यक्रम को सूफियाना अंदाज देते हुए दमा दम मस्त कलंदर कव्वाली गाकर छात्राओं ने सभागार को जहां तालियों की गूंज से भर दिया वही गुरु गोविंद दोउ खड़े कबीर अमृतवाणी की शांत प्रस्तुति से प्राचीन भारत की गौरवशाली गुरु महिमा की याद दिलाते हुए सभी को उनके प्रति श्रद्धा से भर दिया।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य के आकर्षण राम अभिषेकम नृत्य नाटिका रही। इस नृत्य नाटिका में विद्यालय की छात्राओं ने रामजन्म से लेकर उनके अभिषेक तक के जीवन चरित्र को अति सुंदर और मनमोहक ढंग से प्रस्तुत कर सभी का दिल जीता और तालियों के साथ अनगिनत आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर शशिकांत दीक्षित, डॉ केपी अग्रवाल, अंबरीश अग्रवाल, अजय त्रिवेदी, पूजा दीक्षित, श्री अमूल्य शर्मा, श्री राजीवरमन राय , डॉक्टर डॉक्टर अखिलेंद्र त्रिपाठी ,डॉ अनुराग दीक्षित, श्री राजेश राय, अशोक सिंह, श्री शंभू चतुवेर्दी ,श्रीमती मीना त्रिवेदी , शिवालिक अग्रवाल, मुकुंद लाल अग्रवाल , अशोक सिंह एडवोकेट, प्रोफेसर रचना दुबे सहित छात्राओं के अभिभावकजन तथा शिक्षक शिक्षिकाएं एवं गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की हेड गर्ल मनीषा यादव तथा वाइस हेड गर्ल वंशिका खरे तथा धन्यवाद शिक्षिका सपना सिंह ने दिया। ।

# विश्व हिंदू महासंघ ने निकली शोभायात्रा

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी। विश्व हिंदू महासंघ के द्वारा एक शोभायात्रा मलदहिया से निकल गई शोभायात्रा में आगे आगे स्कूल के स्काउट गाइड बैंड बाजे के साथ चल रहे थे



सभी के हाथों में केसरिया ध्वज जैसे प्रभु श्री राम का आज ही अभिषेक होने जा रहा है राम सनातन संस्कृति के महानायक हैं . राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा , भारत की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा की वापसी है. महासंघ इसका श्रीगणेश वाराणसी की शोभायात्रा से किया गया। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि , अयोध्या में राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा , आततायियों द्वारा क्षतिग्रस्त किये गए मान बिंदुओं को महिमा मंडित करने तथा भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की आधारशिला है .

शोभायात्रा के संयोजक तथा वाराणसी के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि , रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का दिन सनातन संस्कृति के स्वाभिमान , पौरुष व पराक्रम का दिन होगा . प्राण प्रतिष्ठा को भव्य बनाने के लिए २४ दिसंबर को विश्व हिंदू महासंघ के बैनर तले एक विशाल शोभा यात्रा निकाली गई . अपराह्न ०१ बजे से मलदहिया चौराहा से निकलीं शोभा यात्रा लहुराबीर, चेतगंज, बेनियाबाग, नयी सड़क, गिरजाघर चौराहे से होती हुई राजेंद्र प्रसाद घाट पर पहुंची, वहां पर शीतला माता, प्रभु श्रीराम व गंगा आरती से संपन्न हुआ । शोभायात्रा में डमरू दल , पंजाबी ढोल ,नगाड़ा, डीजे के साथ प्रभु श्रीराम, काशी विश्वनाथ, संकट मोचन, गुरु गोरखनाथ , मा. प्रधानमंत्री जी व मा. मुख्यमंत्री जी के कट आउट शोभा बढ़ा रहे थे. प्रयागराज से पधारे जितेंद्र निषाद बजरंगी, हनुमान जी की जीवंत भूमिका में शोभायात्रा के आकर्षण के केंद्र रहें.

यात्रा की व्यवस्था देख रहे श्रीवास्तव ने कहा कि, शोभा यात्रा में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ शहर के हजारों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे और यहीं से महासंघ का,, हर घर अयोध्या, घर घर राम, , कार्यक्रम शुरू हो गया।

.प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि, मा. मुख्यमंत्री योगी जी महाराज अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को वापस लाने तथा पूरी नगरी को राममय करने के लिए प्रयत्नशील हैं.

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रुद्र कुमार पाठक , जयशंकर केसरी , तपेश्वर चौधरी , गंगाशर्मा कौशिक , संतोष मिश्र, रेखा श्रीवास्तव , अमृता श्रीवास्तव , मनोज कुमार प्रजापति, संजय पांडे , दिग्विजय सिंह राना, दिग्विजय किशोर शाही ,अखिलेश सिंह , प्रेमनाथ दुबे ,अमृता श्रीवास्तव जी बाबूलाल आशीष श्रीवास्तव, बीना राय, पूनम जायसवाल, संजय तिवारी शशि कला सिंह ओम प्रकाश यादव किरण देवी, राधिका साहनी अनीता देवी मणि मिश्रा संजय सिंह, तरनदीप सिंह गांधी,निश्चित सेठ, हजारों की संख्या में भी सिंधु महासंघ के कार्यकर्ता पदाधिकारी और मातृ शक्ति शोभायात्रा में सम्मिलित रहे।

# काशी विश्वनाथ धाम और स्वर्वेद मंदिर तक चलेंगी ई-बसें, जनवरी की इस तारीख से होगी शुरूआत

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

काशी आने वाले पर्यटकों को ई-बसों से सैर कराई जाएगी। इसकी शुरूआत एक जनवरी से होगी। कैंट स्टेशन से चलने वाली इन बसों से श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर, संकटमोचन, दुगाकुंड, सारनाथ, चौबेपुर में स्वर्वेद मंदिर, मार्कंडेय महादेव, रोहनिया स्थित शूलटंकेश्वर महादेव और रामनगर का किला भी घुमाया जाएगा।



वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज ने काशी दर्शन यात्रा की रूपरेखा तैयार की है। पहले चरण में छह ई-बसें काशी दर्शन के लिए लगाई जाएंगी। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद से काशी में पर्यटकों की संख्या काफी बढ़ी है। दक्षिण भारतीय और अन्य महानगरों से आने वालों का क्रम बना हुआ है। ऐसे में उन्हें सिटी ट्रांसपोर्ट की ई-बसों से काशी दर्शन कराने की योजना बनाई गई है। सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के अधिकारियों ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय को काशी दर्शन का प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर मुहर लग गई है।

वाराणसी सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के एमडी गौरव वर्मा ने बताया कि काशी दर्शन यात्रा की शुरूआत एक जनवरी से करने की योजना है। इसमें पर्यटकों को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, स्वर्वेद मंदिर, संकटमोचन, दुगाकुंड, सारनाथ आदि पौराणिक महत्व वाले स्थानों तक पहुंचाया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से ई-बसें काफी उपयुक्त हैं, सीसी कैमरे से लैस इस बसों की कंट्रोल रूम से ऑनलाइन निगरानी भी होती रहती है।

# हमला कर युवक से छीना 3,50 लाख रुपए मोबाइल

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी घाट इलाके में स्थित पुष्कर तालाब के समीप शुक्रवार की रात में सुयश राय की पिटाई कर हमलावरों ने साढे तीन लाख रुपए दो मोबाइल गले से चेन छीन लिया।युवक के ऊपर एट डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने सुयश राय की शिकायत पर दीपतेश सिंह तीन अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने आईपीसी 342,307,394 दर्ज किया।चितईपुर थाना क्षेत्र के ब्रह्मदेव कॉलोनी के रहने वाले डॉक्टर मधुकर राय का पुत्र सुयश अस्सी घाट जाने वाले रास्ते पर स्थित तेराकोटा कैफे के सामने से अपनी कर से जा रहा था।तभी रास्ते में तीन अज्ञात लोग खड़े हो रास्ता रोक लिया।जिस पर सुयश ने रास्ते से हटाने के लिए तीनों से कहा.तभी पीड़ित के सर पर हत्या की नीयत से लोहे के राड से मार दिया.जिस गाड़ी की चाबी हाथ से छूट गई।गाड़ी की चाबी लेकर आरोपियों ने बैग में रखा 3,50 लाख रुपए उसके गले से सोने की चेन और दो मोबाइल फोन निकाल लिया.युवक को मरणासन्न जानकर छोड़ दिया।सुयश के पास पैसा होने की जानकारी आरोपी को थी।जिसके कारण आरोपी कैफे का संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया.

# दो शराब तस्करों को कंटेनर वाहन में कुल 810 पेटी(7218.36 ली0) अवैध अंग्रेजी शराब वाहन सहित कुल अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपए के साथ गिरफ्तार कर भेजा गया था जेल

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

थाना ऊंज क्षेत्र अंतर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की चेकिंग के दौरान पीछा करते हुए फर्जी नंबर प्लेट लगे कंटेनर ट्रक वाहन में कुल 810 पेटी (7218.36 लीटर) इंपिरियल ब्लू व्हिस्की पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए दो अंतर्राज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर तत्समय ही शराब तस्करों के विरुद्ध मु0अ0सं0-87/2023 धारा-60/63 आबकारी अधिनियम व 420, 467, 468, 471 भा0द0वि0 व 207 एमवी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया था। उक्त निर्देश के क्रम में थाना ऊंज पुलिस टीम द्वारा 10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित/व्यापक पैमाने पर शराब तस्करी में लिप्त वांछित अभियुक्त दालू राम जाट उर्फ वीरू राम निवासी बिशनपुरा थाना पिलानी जनपद झुनझुनू राज्य राजस्थान को वहीदा मोड़ के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

# आज काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विधि संकाय में शताब्दी वर्ष के अंतर्गत "पुरातन छात्र मिलन समारोह" का आयोजन किया गया।

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

आज का यह कार्यक्रम "सामाजिक परिवर्तन में विधि संकाय की भूमिका : संभावनाएं और चुनौतिया" विषय पर आधारित था।

कार्यक्रम में 15 से अधिक राज्यों से विधि संकाय के अधिकांश पुरातन छात्र शामिल हुए।

जिनमें विभिन्न शिक्षाविद, न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, सार्वजनिक क्षेत्र के विधिक अधिकारी, तथा प्रबंधक एवम् अभियोजक अधिकारी शामिल हुए।

कार्यक्रम में अरविंद मिश्रा, अध्यक्ष,उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन अधिकरण, ने लॉ स्कूल की संभावनाओं की चर्चा की। उन्होंने छात्रों से बदलते समय के साथ सामंजस्य बनाकर स्मार्ट वर्क करने की सलाह दी।

उन्होंने संकाय में अन्य गतिविधियों के लिए विभिन्न क्लब बनाकर प्रयास करने की सलाह दी।

अपने भाषण के दौरान भावुक होकर एलुमनी मीट की तुलना मायके आने से की और कहा की " मायके में आकर तो अच्छा ही लगता है।"

तत्पश्चात, दक्षिण विहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, बोधगया के हेड एवम् डीन, प्रो. संजय प्रकाश श्रीवास्तव ने अपनी बात रखी। उन्होंने गुरुः ब्रह्मा गुरुः विष्णु के श्लोक से अपनी अभिभाषण की शुरूआत की। उन्होंने प्रो ए के पांडे जी की बोली हुई एक पंक्ति "शिक्षक की पहचान उसकी जिह्वा से होती है" का उद्धरण किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया की वर्तमान छात्रों में समस्या ज्ञान की नहीं बल्कि अभिव्यक्ति की है और विश्वविद्यालयों को इस संदर्भ में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

तत्पश्चात प्रो. अली मेहंदी, पूर्व संकाय प्रमुख, विधि संकाय, बी एच यू, ने देश में संवैधानिक और अन्य विधिक विकास में विधि संकाय के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेसिक स्ट्रक्चर, आर्टिकल 21, कंज्यूमर एक्ट में संकाय के योगदान और पर्यावरण कानून में मुख्य रूप से प्रो. सी एम जरीवाला के योगदान की चर्चा की।

उन्होंने अपने अनुभव बताए जहां उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रो. एस के वर्मा द्वारा उन्हें अपने 'बी एच यू परिवार' से बताने की खुशी की यादें साझा की।

अगली कड़ी में प्रो. बी एन पांडे, पूर्व संकाय प्रमुख, विधि संकाय, बी एच यू, ने कहा की 100 वर्षो की यात्रा पूरी करके विधि संकाय एक महान हस्ती बन चुका है, अब आवश्यकता है की इसे महान बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा की इस बात में कोई शंका नहीं है कि इसकी महानता सुरक्षित रहेगी।

अपने अभिभाषण में फली सैम नरीमन की आत्मकथा "बिफोर मेमोरी फेड्स" में संकाय के भूतपूर्व छात्र एवम् प्रतिष्ठित एडवोकेट स्वर्गीय कन्हैयालाल मिश्र जी के संदर्भ में लिखे हुए शब्दों की पढ़ा "कन्हैयालाल मिश्रा सबसे प्रभावशाली अधिवक्ताओं में से एक थे।" साथ ही उनकी जयंती मानने की बात कही।

तत्पश्चात प्रो. जयशंकर सिंह, संकाय प्रमुख, विधि संकाय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, ने अपना अभिभाषण किया। उन्होंने बताया की उनके संपूर्ण जीवन में विधि संकाय का बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अपने अनुभव से कहा की यहां का छात्र जीवन में जहां भी होगा, वहां उसका न केवल प्रभाव होगा बल्कि उसका दबदबा होगा। उन्होंने कहा की विधि संकाय पर बुक लिखी जानी चाहिए।

उन्होंने पारंपरिक विश्वविद्यालयों में आधुनिक क्रांति के आवश्यकता की बात की ताकि इनके उज्जवल भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

और अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. बी सी निर्मल, पूर्व कुलपति, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रांची ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि छात्रों को स्वयं को केवल न्यायिक सेवा तक ही सीमित नहीं रखना चाहिए बल्कि विभिन्न अन्य वैश्विक संस्थानों तक अपनी पहुंच स्थापित करनी चाहिए।

उन्होंने अपने अभिभाषण में रॉबर्ट फ्रॉस्ट की कविता "माइल्स टु गो बिफोर आई स्लीप" को उद्धृत किया।

कार्यक्रम में शताब्दी की विभिन्न विशिष्ट स्मृतियों को साझा किया गया, जिसमें,

1. संकाय के 1923 से अब तक के सभी संकाय प्रमुखों, एवम् उनके योगदान को रेखांकित किया गया।
2. वर्तमान विधि संकाय के वर्तमान भवन के पूर्व कला संकाय पर कक्षाओं के संचालन की स्मृतियों को याद किया गया।

आपको बता दें की विधि संकाय के वर्तमान भवन की नींव 1964 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के द्वारा रखी गई।

3. पुरातन छात्रों से संबंधित वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। साथ ही,
4. सभी पुरातन छात्रों को "विशिष्ट पुरातन छात्र सम्मान" से सम्मानित किया गया।।कार्यक्रम का स्वागत संबोधन संकाय प्रमुख सी पी उपाध्याय जी ने किया तथा कार्यक्रम का निर्देशन एवम् संचालन डॉ. क्षेमेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया।

# भारत सुरक्षा परिषद अपनी 40वीं वर्षगांठ पर विभिन्न क्षेत्रों से विशिष्ठजन सम्मानित

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी ।भारत की प्रमुख स्वयंसेवी संगठन भारत सुरक्षा परिषद अपनी 40वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ महामना मालवीय सभागार ,काशी सेवा समिति ,रामकटोरा ,वाराणसी में मनाया इस अवसर पर संस्था ने अपनी ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट जनों को दी जाने वाली( अलंकरण ) अवार्ड - 2023 को दिया जिसमें सर्वश्री डा. प्रमेंद्र सिंह ( शल्य - चिकित्सा ),डा. सावित्री त्रिपाठी - मरणोपरांत (समाज सेवा) ,डॉ अशोक पांडेय (शिक्षा ), डा.कुमार उत्सव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य - फेफड़ा रोग )मेजर रविंद्र कुमार पांडेय (राष्ट्रीय सुरक्षा एवं संरक्षण )को बनारस - तथा सर्वश्री पंडित राकेश कुमार पांडेय (ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र ),डा. अंशु सिंह (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा) हेतु बनारस - रत्न तथा वरिष्ठ सर्जन डा. जे.पी .सिंह (शल्य- चिकित्सा )हेतु शल्य - रत्न तथा बलिया जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार पं शिवजी पांडेय "रसराज" को साहित्य - भूषण एवं वरिष्ठ पत्रकार स्नेह रंजन को पत्रकारिता सेवा - प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हेतु बनारस- गौरव अवार्ड - 2023 का सम्मान दिया गया ।




इस समारोह की अध्यक्षता सिंह मेडिकल एवं सर्जिकल सेंटर वाराणसी के प्रबंध निदेशक डॉ.अशोक कुमार सिंह ने किया तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ ओम प्रकाश सिंह (पूर्व महानिदेशक ,चिकित्सा एवं स्वाथ्य सेवाएं)उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व सीएमओ डा.वी.बी.सिंह एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डा.राम अवतार पांडेय थे ।समारोह में मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में संगठन के कार्यों को साराहा और तदन्तर 40 वर्षों से कार्यक्रम आयोजित कर समाज एवं देश तथा राष्ट्रहित व जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित होने पर संगठन एवं संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए ऐसे पुनीत कार्यों के प्रति देश की सभी स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्वयंसेवकों को आगे आकर बढ़ चलकर हिस्सा लेनी चाहिए और संगठन भारत सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं निदेशक डा.अरविंद गांधी (एडवोकेट उच्च न्यायालय इलाहाबाद ) ने संगठन के उद्देश्यों और उनके कार्यगतिविधियों पर विस्तृत प्रकाश डाला और देश की जनमानस से देश की विकास सुरक्षा और तथा समस्या के निवारण तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संस्था से जुड़ने और सहयोग की अपील की एवं सहयोगों के आदान-प्रदान की अपील की समारोह के अध्यक्ष ने अपने अध्यक्ष संबोधन में संस्था के कार्यों की प्रशंसा के साथ उनके उद्देश्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए चर्चा की और निरंतर आगे भी कार्यगत वीडियो को मजबूती से चलते रहने का वहन किया एवं सभी सम्मानित विशेष जानू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी समझ में सर्वश्री कार्यक्रम की आयोजन डॉ शिव सुंदर गांगुली ने आगतों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया तथा स्वागत परिषद की सचिव एवं प्रमुख गैर - सरकारी गुप्तचर संगठन सीपीआईबी की निदेशक डा.सविता पूनम एवं परिषद के सचिव डॉ राजकुमार सिंह ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्व श्री युगुल किशोर विश्वकर्मा,डा.अनिल कुमार वर्मा , अधिवक्तागण एस.एस.यादव,वीर बहादुर सिंह "पंकज",कृपा शंकर तिवारी,अखिलेश गुप्ता,डा.अदील सिद्धिकी,उपेंद्र यादव,सोनी चकवाल, दीप्ति प्रजापति, डा.कंचन दुबे,जी.पी.गुप्ता , डा.पी.के.मुखर्जी,गौरी त्रिपाठी,इत्यादि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# 25 दिसंबर को होगा नवप्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि चंदौली जनपद में असंगठित क्षेत्र के नव प्रवर्तकों यथा मिस्त्री, मजदूर, कारपेंटर, किसान, मोटर मिस्त्री, इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री, इलेक्ट्रिक मिस्त्री, प्लंबर, सामान्य विद्यार्थी, देसी औषधी द्वारा गंभीर रोगों का इलाज करने वाले जनपद के सभी नव प्रवर्तकों के नव प्रवर्तन प्रदर्श निर्माण एवं सम्मान हेतु जनपद स्तरीय नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का आयोजन आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज चकिया चंदौली के प्रांगण में 25 दिसंबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। जिला विज्ञान क्लब के अध्यक्ष व जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक चन्दौली ने जनपद के सभी खंड विकास अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, निदेशक कृषि विज्ञान केंद्र, महाप्रबंधक उद्योग, जिला प्रोबेशन अधिकारी, उपायुक्त स्वतः रोजगार, जिला खादी ग्राम उद्योग अधिकारी, समन्वयक कौशल विकास मिशन, समन्वयक नेहरू युवा केंद्र, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य , जिला उद्यान अधिकारी, सहित सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को पत्र जारी कर जनपद के तृणमूल नव प्रवर्तकों को चिन्हित कर उक्त कार्यक्रम में प्रतिभा करने का निर्देश दिया है। जिला विज्ञान क्लब चंदौली के समन्वयक डॉ. कृष्ण मुरारी सिंह ने बताया है कि विभाग की ओर से चयनित नव प्रवर्तकों को पुरस्कार एव सम्मान की व्यवस्था की गई है। प्रथम पुरस्कार ₹8000 द्वितीय पुरस्कार ₹5000 तृतीय पुरस्कार 3000 एवं 2000 के सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे श्रेष्ठ नव प्रवर्तकों के नव प्रवर्तन को विभाग द्वारा पेटेंट भी कराया जाएगा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के अंतर्गत कार्यरत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ के मार्गदर्शन में कार्यरत जिला विज्ञान क्लब चंदौली द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# एक शातिर अभियुक्त को नाजायज गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

अपर पुलिस अधीक्षक नगर बृजेश कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर शुभम तोदी के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष चंदन कुमार राय मय हमराह पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान शातिर अभियुक्त शाकिब कुरैशी पुत्र सफीउल्लाह उर्फ मुन्ना कुरैशी निवासी मानीकला थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को नाजायज गांजा के साथ मानीकला हाल्ट के पास से चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-291/ 2023 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है

# विद्युत उपकेंद्र पर कर्मचारियों के साथ गाली धमकी देने वालों लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी भेलूपुर थाना क्षेत्र के भदैनी स्थित विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार की रात में चोरी की लाइन जुड़वाने के लिए राजेश सोनकर उर्फ प्रधान भदैनी का रहने वाला पहुंचा।उसके साथ 8 से 10 की संख्या में उसके साथी मौजूद थे।राजेश कर्मचारियों पर चोरी का लाइन जुड़वाने के लिए दबाव बनाते हुए गाली धमकी देने लगा।कर्मचारियों ने उपद्रव करने वालों को समझने की कोशिश किया तो सभी मारपीट करने के लिए तैयार हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को वहां से भाग गए।पुलिस ने इस मामले में अवर अभियंता राजनाथ यादव की शिकायत पर राजेश सोनकर उर्फ प्रधान सहित 8,10 की संख्या में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में लगी है।

# चोरी की मोबाइल के साथ एक को किया गिरफ्तार, कब्जे से मोबाइल बरामद

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

वाराणसी लंका पुलिस ने चोरी की मोबाइल के साथ राजू खान नामक शातिर चोर को रविवार को गिरफ्तार किया।उसके कब्जे से चोरी की एक मोबाइल बरामद किया गया। आरोपीसाकेत नगर नरिया लंका का रहने वाला है।प्रभारी निरीक्षक लंका शिवाकांत मिश्रा ने रमना स्थित बजबजा प्लांट से की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# बलिया के सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की एक्सीडेंट में मौत

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

समाजवादी पार्टी बलिया के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव की सडक दुर्घटना में मौत हो गयी है। इसकी सूचना मिलते ही चहुंओर शोक की लहर दौड़ गयी। बताया जा रहा है कि सपा जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव रविवार की सुबह लखनऊ में स्कूटी से जा रहे थे, तभी स्कार्पियो की टक्कर से उनकी मौत हो गयी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबी राजमंगल यादव बलिया जनपद के गड़वार थाना क्षेत्र के बिसुकिया गांव के रहने वाले थे। बलिया शहर से सटे गड़वार रोड में उनका आवास है। राजमंगल यादव बलिया जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके है।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने वाले आरोपी अमित कुमार पटेल को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के पर्यवेक्षण में तथा सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा के कुशल नेतृत्व में थाना बड़ागाँव पुलिस मु0अ0स0 397/2023 धारा 363/366 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त अमित कुमार पटेल पुत्र शिव नाथ पटेल निवासी बेरवाँ थाना बड़ागाँव वाराणसी को मुखबिर की सूचना पर बाबतपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अपहृता/पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बड़ागाँव पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए महाप्रबंधक ने "विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार" से किया

**समाज जागरण वाराणसी मंडल ब्यूरो**

हाजीपुर वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित समारोह में महाप्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया । समारोह का उद्घाटन महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह सहित मुख्यालय एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा रेखा खंडेलवाल सहित संगठन की सदस्याएं भी इस अवसर पर उपस्थित थीं । इस समारोह में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा वर्ष 2022-23 में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिये कुल 110 अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु विभागों/मण्डलों के मध्य दक्षता एवं सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल के उन 05 रेलकर्मियों को भी स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया जिन्हें पिछले दिनों अखिल भारतीय स्तर पर माननीय रेल मंत्री पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया था । समारोह के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि पूर्व मध्य रेल अपनी स्थापना काल से अब तक के अविस्मरणीय सफर के दौरान कई उपलब्ध्यिां हासिल कर चुका है । सभी रेलकर्मियों के लगन, परिश्रम एवं सहयोग से वित्तीय वर्ष 2022-23 में इसमें और गति आई । उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पूर्व मध्य रेल ने 179 मीलियन टन माल लदान कर चौथा सबसे अधिक माल लदान करने वाला क्षेत्रीय रेल बनने का गौरव हासिल किया और हमें आशा है कि पूर्व मध्य रेल इस वित्तीय वर्ष में 200 मीलियन टन के बेंचमार्क को भी पार कर लेगा । इस अवधि के दौरान अकेले धनबाद मंडल द्वारा 170 मीलियन टन माल लदान किया गया जो भारतीय रेल के इतिहास में किसी भी मंडल द्वारा एक वित्तीय वर्ष में किया गया सर्वाधिक माल लदान है। हमारी प्रारंभिक आय वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान पिछले सभी रिकॉर्डों को पार करते हुए 26,766 करोड़ रूपए रही जिनमें यात्री आय से 3580 करोड़ रूपए एवं माल ढुलाई से 22601 करोड रूपए तथा शेष आय अन्य मदों से प्राप्त हुए । हमें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि पूर्व मध्य रेल प्रारंभिक आय के क्षेत्र में भारतीय रेल में प्रथम स्थान पर है तथा पूर्व मध्य रेल ने कल ही 23 हजार करोड़ रुपये के प्रारंभिक आय के बेंचमार्क को पार कर लिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के क्षेत्र में भी 142 किमी दोहरीकरण, 73 किमी नई लाईन तथा 48 किमी आमान परिवर्तन सहित कुल 264 किमी रेलवे ट्रैक के निर्माण का कार्य पूरा किया गया । साथ ही 228 रूट किमी का इलेक्ट्रिफिकेशन तथा 55 आरआरआई/ ईआई/पीआई का कार्य पूर्ण किया गया है। पूर्व मध्य रेल ने स्क्रैप बिक्री से रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 240 करोड़ रुपये की तुलना में 343 करोड़ रुपये की आय प्राप्त की

स्टेशनों पर यात्रियों को एक सुखद एहसास हो, और सभी आधुनिक सुविधाएं मिलें, इसके लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास और कायाकल्प का काम पूरे देश मे चल रहा है । इनमें पूर्व मध्य रेल के 92 स्टेशन भी शामिल है । प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा 06 अगस्त, 2023 को पूर्व मध्य रेल के 57 स्टेशनों सहित पूरे देश में 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया गया।स्वदेश में निर्मित विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेल की पहचान बन रही है । हमें गर्व है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री जी द्वारा पूर्व मध्य रेल को पटना से हावड़ा एवं पटना से रांची के लिए एक-एक वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी गयी है ।

पूर्व मध्य रेल द्वारा यात्री एवं रेलवे ग्राहकों के हित में उठाए गए कदमों को उन तक पहुंचाने में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । यह गर्व की बात है कि वर्तमान में ट्विटर पर फॉलोअर की संख्या 01 लाख 76 हजार तथा फेसबुक पर हमारे फालोअर की संख्या लगभग 1.5 लाख है । पूर्व मध्य रेल राष्ट्र के सशक्तिकरण एवं सतत विकास तथा 05 ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

□□ □□□□□□ □□□□□□□ QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 9



# डॉ देशराज बरवाला ने भाजपा प्रदेश प्रभारी और हिसार लोकसभा प्रभारी को किया सम्मानित

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा): भाजपा द्वारा गांव सिंघानी (लोहारु) में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन में कुम्हार महासभा बरवाला प्रधान व टीएसी मैम्बर डॉक्टर देशराज बरवाला सैकड़ो कार्यकताओं के साथ गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचे इस दौरान प्रधान डॉक्टर देशराज बरवाला ने पूर्व जिला संयोजक अश्विनी गूंदली के साथ प्रदेश प्रभारी व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिपुरा विप्लव देव और बीजेपी हिसार लोकसभा प्रभारी सुनील शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित कियो वहीं भाजपा प्रदेश प्रभारी विप्लव देव ने हिसार लोकसभा प्रभारी सुनील शर्मा के आवास भिवानी से हजारों की तादाद में गाड़ियों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और सम्मेलन में भाजपा की ताकत दिखाई इस अवसर पर



सरपंच विजय ढाणी खान बहादुर, सरपंच प्रतिनिधि रोहतास दुग्गल, सरपंच देवेंद्र, सरपंच निहाल सिंह, सोनू, सुरेश भाटीवाल व नवीन सिंह आदि मौजूद रहे

# माउण्ट ग्लोरी मैपल हाईस्कूल ने किया क्रिसमस कार्निवल का आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। माउण्ट ग्लोरी मैपल हाई स्कूल ठाकुरगंज मे क्रिसमस कार्निवाल का आयोजन अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ अयोजित किया गया इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एस.एच.ओ. ठाकुरगंज, श्रीकांत राय व विभिन्न स्कूल के प्रबंधकों द्वारा दीप प्रज्जवलित एवं सरस्वती जी को मालायर्पण करके किया गया।



कार्यक्रम में विभिन्न - विभिन्न प्रकार के खेल, खाने के स्टॉल, संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। तत्पश्चात नन्हे बच्चों द्वारा आयोजित बेबी शो कार्यक्रम से अभिभावकों को मत्रंमुग्ध कर दिया। इस आयोजन में सेल्फी पॉइंट मुख्य केंद्र बिंदू रहा। कार्यक्रम के अन्त में आयोजित लकी ड्रॉ विजेताओं के नामो की घोषणा की गयी। तत्पश्चात निदेशक संजय शाह और कविता शाह ने विद्यार्थियों एवं उनके माता पिता- के सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा स्टार अस्पताल संचालक डॉक्टर राजीव जैन पर की गई एफ आई आर समाप्त

23 दिसंबर 2023 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय देते हुए डॉ राजीव जैन शिशु रोग विशेषज्ञ संचालक स्टार अस्पताल जबलपुर पर दिनांक 15 नवंबर 2021 को पुलिस प्रशासन द्वारा की गई एफआईआर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। यह एफ आई आर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी डॉक्टर सुनीता तिवारी एफएसएल ऑफिसर द्वारा लोकल पुलिस में पदस्थ होने के कारण पुलिस ऑफीसरों से मिली भगत करके अपने प्रभाव के द्वारा दर्ज कराई गई थी।



यह बात स्पष्ट करना अति आवश्यक है कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान अप्रैल एवं मई महीने में जब चारों तरफ लॉकडाउन लगा हुआ था एवं अफरा तफरी मची हुई थी डॉ राजीव जैन शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा पीड़ित मानवता के सेवा में शहर का एकमात्र कॉविड-19 चाइल्ड सेंटर शुरू किया गया था।

जिसमें अप्रैल एवं मई 2021 महीने में लगभग 200 बच्चों का इलाज किया गया जिसमें से एक भी कॉविड -19 पॉजिटिव बच्चों की मृत्यु नहीं हुई थी परंतु एक अन्य बच्ची जिसमें कोविड-19 जैसे लक्षण थे विगत 13 वर्षों से उनके इलाज में जीवित थी, उसका नाम खुशी तिवारी था, वह बच्ची पूर्व से ही मानसिक रूप से कमजोर थी, वह जन्म से ही कंजेटियल रूबेला सिंड्रोम एवं दिल में छिद्र की बीमारी , एवं आंशिक अंधेपन, एवं फेफड़ों के इन्फेक्शन से ग्रसित थी जिसकी 13 वर्ष पूर्व 2008 में डॉक्टर राजीव जैन द्वारा ही अन्य प्राइवेट बच्चों के अस्पताल में जान बचाई गई थी। उसकी मृत्यु पर आज भी अस्पताल को सभी कर्मचारियों को दुख एवं सहानुभूति है। बच्ची खुशी तिवारी कोविड 19 की दूसरी लहर के दौरान अति गंभीर अवस्था मे रात्रि 11:00 बजे स्टार अस्पताल ला लाई गई थी भरती के समय उसका दिल काम नहीं कर पा रहा था ,ब्लड प्रेशर अत्यधिक कम था , फेफड़ों में गंभीर इंफेक्शन था, एलडीएच एवं डी डाइमर समान्य से अधिक थे, यह सभी परिस्थितिया कोविड-19 जैसी जटिलता को प्रदर्शित करती है ऐसी स्थिति में इलाज के दौरान बच्ची माता-पिता के द्वारा अस्पताल स्टाफ के मना करने के बावजूद पानी पिलाने से सांस की नली में चोकिंग के कारण बच्चे की मृत्यु हो गई थी।

डॉ राजीव जैन द्वारा सभी जीवन रक्षक प्रयास किए गए थे, परंतु बच्ची की जान नहीं बचाई जा सकी थी।

बच्ची की माता एफ एस एल ऑफिसर होने के बावजूद भी बिना पोस्टमार्टम के शव को ले गई थी एवं मृत्यु के 10 दिन बाद उनके द्वारा लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिकायत कराई गई थी ,शिकायतकर्ता श्रीमती सुनीता तिवारी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं एफएसएल ऑफिसर होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा अपने अधिकारी का समर्थन करते हुए डॉक्टर राजीव जैन पर केस दर्ज कर दिया था।जबकि इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जबलपुर द्वारा की गई जांच में उचित दिशा में इलाज किया जा रहा है इस तरह की रिपोर्ट आई थी।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा पूरे मुद्दे पर दोनों पक्ष की दलीलें सुनी गई एवं गहन विचार करने के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि इस तरह का कोई आरोप एवं एफ आईआर डॉक्टर राजीव जैन पर नहीं बनता है एवं उनके द्वारा कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान मानवता की सेवा में यथासंभव प्रयास किया गया था।

ऐसी स्थिति में उन पर लगे सभी आरोपो को समाप्त करते हुए सभी प्रकार की प्रक्रियाएं जो इस शिकायत से संबंधित चल रही हैं को पूरी तरह विराम दे दिया है।

माननीय हाई कोर्ट द्वारा यह भी कहा गया है कि मृत्यु एक कटु सत्य है जिसे सभी को स्वीकार करना चाहिए यदि इसी प्रकार मृत्यु होने पर शिकायतों से डॉक्टर पर केस दर्ज होते रहेंगे तो आने वाले समय में डॉक्टर सीरियस मरीजों का कभी भी इलाज नहीं कर पाएंगे एवं उन्हें इलाज देने से हमेशा डरेंगे।

पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सीरियस मरीजों का इलाज देने के लिए डॉक्टर को प्रेरित करने के लिए माननीय हाईकोर्ट ने आज ऐतिहासिक निर्णय किया है। यह बताना अति आवश्यक होगा कि इस मामले में पैरवी एडवोकेट वरिष्ठ एडवोकेट श्री अनिल खरे एवं एडवोकेट सत्येंद्र जैन एवम एडवोकेट अमिताभ भारती द्वारा की गई है।

# हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद भागवत कथा व संत सम्मेलन का समापन

दैनिक समाज जागरण फिरोजाबाद । अखिल भारती सोहम महामंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा हवन यज्ञ एवं संत सम्मेलन का रविवार को समापन हो गया। कथा के समापन क अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान संत सम्मेलन के समापन पर सोहम पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद जी महाराज ने दान के महत्व को बताते हुए कहा कि सत्संग से जीव का कल्याण निश्चित है धन की तीन गति होती हैं जप तप धन और भोग जो धन दान के काम में लगेगा वह जीवन में अनेक गुणा फल दायी होता है दान और धर्म कार्य ही जीवन में अंतिम समय काम आते हैं दान और पुण्य कर्म से पापों का नाश



होता है जीवन में हर समय भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। महाराज श्री ने सभी के कल्याण की कामना के साथ तथा धार्मिक आयोजन में सभी कार्यकताओं और जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग की भी सराहना की। महाराज श्री ने बताया कि अगला सत्संग फिरोजाबाद में 18 मई से 24 मई तक जैननगर स्थित आश्रम पर आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर कथा व्यास पंडित राम गोपाल शास्त्री ने श्रीमद् भागवत को अलौकिक ग्रंथ बताते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत पुराण कथा मात्रा नहीं है इसमें स्वयं कृष्ण का बात है कथा को सच्चे मन से सुनने पर स्वयं भागवत में कृष्ण के दर्शन होते हैं इसलिए भागवत पुराण अलौकिक ग्रंथ है। कथा पंडाल में स्थित समस्त भक्तजनों ने यज्ञ में पूर्णाहुति प्रदान करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य यजमान संजय शर्मा यज्ञपती सौरभ तिवारी चंद्र प्रकाश शर्मा डीएम शर्मा उमाकांत पचौरी एडवोकेट सर्वेस दीक्षित संजय अग्रवाल माता दीन यादव शिवरायण यादव पप्पू महेश यादव महेश गुप्ता विद्याराम राजोरिया अश्वनी शर्मा प्रवीण अग्रवाल विकास लहरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पुराने लाभार्थियों को ही बांट दी चाबी और प्रमाण पत्र

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। जसराना में केंद्र सरकार द्वारा निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जसराना के तहसील परिसर पहुंची। जहां सांसद की मौजूदगी में अधिकारियों एवं लाभार्थियों को शपथ दिलाई गई। वहीं कई लाभार्थियों को आवास की चाबी देने के साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

नगर पंचायत की तरफ से तहसील परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत की तरफ से लाभार्थियों को बुलाया गया। मौहल्ला बेलमपुरी निवासी राजू एवं शमीम अहमद को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में राजू को रायबरेली निवासी शिवलाल का जबकि शमीम अहमद को जौनामई निवासी रामशंकर का प्रमाणपत्र थमा दिया। दोनों ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक वर्ष पूर्व योजना के तहत दस हजार रुपए मिले थे। कार्यक्रम के दौरान शीशपुरी निवासी जावेद अख्तर एवं पोतपुरी निवासी मंजूर अख्तर को आवास की चाबी दी गई। दोनों ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका आवास दो वर्ष पहले ही पूर्ण हो चुका है। जबकि कार्यक्रम में पहुंची मौहल्ला बेलमपुरी निवासी सुमन ने बताया कि योजना में आवेदन करने के बाद भी उन्हें आवास नहीं मिल सका है। विकसित भारत संकल्प योजना के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ. चंद्रसेन जादौन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर हैं। कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। जिसे हम सब को मिलकर पूरा करना है। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ शर्मा ने किया। कार्यक्रम में एसडीएम आदेश सिंह सागर, एसडीएम न्यायिक सुरेंद्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, ईओ अवनीश कुमार के साथ नगर पंचायत के सभासद एवं लाभार्थी मौजूद रहे।

# कंप्यूटर शिक्षकों ने किया शिक्षमन्त्री निवास पर प्रदर्शन

## कंप्यूटर शिक्षक संघ को शिक्षा मंत्री ने दिया 27 दिसम्बर को आधिकारिक मीटिंग का न्यौता

चंडीगढ़(संदीप शर्मा)प्रदेश के लगभग 2200 कंप्यूटर शिक्षक बहुत लंबे समय से अपनी मांगों के लिए संघर्ष कर रहे है सरकार ने 2014 के चुनाव में हरियाणा में भाजपा सरकार आने पर कंप्यूटर शिक्षकों को पक्का करने का भरोसा दिलाया था लेकिन आज तक सरकार ने अपना वायदा पूरा नही किया , बता दें कि कंप्यूटर शिक्षको की उ-ऊअउ मोहाली सरकारी नियोक्त एजेंसी द्वारा ली गई लिखित परीक्षा व शिक्षा विभाग द्वारा बनाई मेरिट के आधार पर नियुक्ति की गई है योग्यता इ-ळएउळ ट-ळएउळ टउअ टरउ है पिछले 10 वर्षों से हरियाणा के सरकारी विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे है , कंप्यूटर शिक्षा देने के साथ-साथ विद्यालय का ऑनलाइन काम भी सम्भाला हुआ है ,कंप्यूटर शिक्षकों को इछड ओर इलेकेशन में लगातार काम दिया जाता है लेकिन हरियाणा सरकार ने पक्का करना तो दूर आजतक ना सम्मानजनक वेतन दिया नाही भविष्य सुरक्षित किया ,सम्मानजनक वेतन व भविष्य सुरक्षित करने की मांग को लेकर आज प्रदेश भर के कंप्यूटर शिक्षक जगाधरी अनाज मंडी में इकठ्ठे हुए ,अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया ,जैसे ही कंप्यूटर शिक्षक जगाधरी में इकठ्ठे हुए प्रशाशन के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षकों को शिक्षामन्त्री ने बातचीत का न्योता दिया ,15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को शिक्षा मंत्री ने मीटिंग के लिए अपने निवास स्थान जगाधरी बुलाया , कंप्यूटर शिक्षक संघ ने अपनी मांगे शिक्षा मंत्री के सामने रखी ,जो फाइल शिक्षा विभाग में फाइनान्स विभाग में अटकी हुई है उसे पास करवाने का भरोसा दिलाते हुए शिक्षा मंत्री ने कंप्यूटर शिक्षक संघ के 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को 27 दिसम्बर को शिक्षा विभाग में आधिकारिक मीटिंग का न्यौता दिया ,यह मीटिंग शिक्षा विभाग पंचकूला के सेक्टर-5 में शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में होगी ,जिसमे शिक्षा विभाग की निदेशक आशिमा बराड़ ,शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल व कंप्यूटर शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल शामिल होगा।कंप्यूटर टिचर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष बलराम धीमान ने कहा कि उनको बहुत उम्मीदें है कि 27 दिसम्बर को शिक्षा मंत्री की तरफ से टिचर्स की मांगें मानी जाएंगी और जो फाइल अटकी हुई है उसे पास करवाके विभागीय आदेश जारी करवाएं जाएंगे , अगर मांगे नही मानी जाती तो कंप्यूटर टिचर्स दोबारा सड़को पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे ओर अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।मीटिंग में विकास जींद , सुनील वर्मा ,रजिया यमुनानगर ,रजनेश ,रीटा ,सुशील ,बजरंग ,कुलदीप ,सन्दीप रेढू ,योगेश यादव ,सोनू , वीनेश करनाल शामिल रहे।



# नगर के सेंट जोसेफ चर्च में क्रिसमस की तैयारियां शुरू

पूरनपुर। नगर के एक मात्र चर्च को खुबसूरती से सजाया गया है। पर्व से एक दिन पूर्व चर्च में सजावट की गई। विशेष प्रार्थना की भी तैयारियां हुईं। रविवार की सुबह भी प्रार्थना हुई। रात देरी तक ईसाई समुदाय के लोग प्रार्थना में मशगूल रहे।

सेंट जोसेफ चर्च क्रिसमस से एक दिन पहले रोशनी में जगमगा उठा। ईसा मसीह के जीवन से जुड़ी झांकी जिसे क्रिब कहा जाता है उसको सजाया जा रहा है। लोगों ने मिलकर सजावट का काम पुरोहित फादर राजेश की देख रेख में किया। रोशनी में डूबा चर्च अलग छठा बिखेर रहा था। शाम नौ बजे प्रार्थना शुरू हो गई देर जो देर रात तक चली। रविवार को क्रिसमस के दिन सुबह नौ बजे विशेष प्रार्थना की जायेगी। इसमें आसपास के क्षेत्र सहित ईसाई समुदाय के लोग जुटेंगे। नगर व आसपास के क्षेत्रों में ईसाई समुदाय के लोग इसकी तैयारी में लगे रहे। हालांकि इस समुदाय के लोगों की संख्या कम होने के बावजूद भी लोगों का सहयोग मिलता है। त्योहार के मौके पर दूसरे समुदायों के लोग ईसाई भाइयों के इस त्योहार की मुबारकबाद देते हैं। क्षेत्रवासियों के प्यार को देखकर ईसाई समुदाय के लोग काफी खुश हैं। बड़ी संख्या में अभिभावकों और मेहमानों का आना लगा रहता है जो अपनेपन का एहसास दिलाता है।

अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे

# 24 दिसंबर 2023 से 9 जनवरी 2024 तक चलने वाले यूपी महोत्सव का शानदार आगाज

**यूपी महोत्सव मे शानदार शुरूआत श्री हरि कीर्तन की समाप्ति के उपरांत आरंभ हुई मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक नोएडा पंकज सिंह विशिष्ट अतिथि डॉ नीरज बोरा विधायक उत्तरी क्षेत्र लखनऊ एवं राघव राम तिवारी क्षेत्रीय पार्षद की गरिमा में उपस्थिति में हुआ**

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सिंह एवं उपाध्यक्ष बीबी सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया सनातनी परंपरा को आगे बढ़ते हुए महोत्सव का आरंभ 24 घंटे चले

**ऐसे ही महोत्सव से आगे बढ़ेगा देश और प्रदेश– पंकज सिंह**

**यूपी महोत्सव की सबको रहती है प्रतीक्षा –डॉ नीरज बोरा**

**सबका इस महोत्सव में हृदय से स्वागत– राघव राम तिवारी**

हरि कीर्तन के समाप्ति के उपरांत हुआ। मुख्य अतिथि सहित सभी गड़मान व्यक्तियों ने भगवान की आरती की तथा इसी आरती की दीप से दीप प्रज्वलित करके यूपी महोत्सव को आरंभ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को पौधा एवं प्रतीकात्मक राम मंदिर मॉडल भेंट करके स्वागत किया गया।



विधायक नोएडा पंकज सिंह ने कहा की पूरे लखनऊ में महोत्सव की धूम पिछले 16 सालों से लगातार जारी है और इसकी लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है इसके लिए अध्यक्ष विनोद सिंह का मैं बहुत आभारी हूं। विधायक नोएडा ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश चारों तरफ विकास हो रहा है और इस विकास में इस तरह के महोत्सव का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। डॉ नीरज बोरा ने कहा कि इस पूरे क्षेत्र को यूपी महोत्सव की हमेशा प्रतीक्षा रहती है क्योंकि उन्हें हर जरूरत का सामान सिर्फ प्रदेश का ही नहीं अपितु कई राज्यों के उत्पाद यूपी महोत्सव में मिल जाते हैं। प्रथम दिवस रविवार को ही सुबह से ही भारी भीड़ ने बनाया महोत्सव को खास और जमकर की खरीदारी, लिया लजीज व्यंजनों का लुत्फ।

प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट एवं प्रगति इवेंट के संयुक्त तत्वावधान मे सेक्टर ओ, पोस्टल ग्राउंड निकट केंद्रीय विद्यालय अलीगंज मे आरंभ हुए यूपी महोत्सव 2023 में नृत्य और संगीत में झूमे लोग। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत ग्रेस एंड पीस स्टूडियो की सुजाता श्रीवा संचालन अरविंद सक्सेना ने किया।

# राजनाथ सिंह की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण हेतु नि:शुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्रों का शुभारंभ

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । रक्षा मंत्री भारत सरकार एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शहर के विभिन्न मुहल्ले में खोले जा रहे सिलाई सेंटरों की योजना के तहत खोले गए चार और केंद्रों के अंतर्गत आलमबाग लेबर कॉलोनी, कश्मीरी मोहल्ला, कन्हैया माधोपुर 2 और न्यू हैदरगंज 2 वार्ड में स्थापित सिलाई केन्द्रों का उद्घाटन महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने किया। डॉक्टर राघवेंद्र शुक्ल सांसद प्रतिनिधि के रूप में साथ में उपस्थित रहे।



सेंटर में फीम फाउंडेशन के सहयोग से सीएसआर फंड द्वारा महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसके द्वारा केंद्र में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण दिया जाएगा। आनंद द्विवेदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण अभियान को प्रसारित करने के अंतर्गत महिलाओं को हुनरमंद व आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से खोले गए केंद्र में सिलाई को रोजगार के रूप में अपनाने के नजरिए से महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोले जा रहे है। कार्यक्रम में अंजनी श्रीवास्तव, महिला मोर्चा लखनऊ महानगर अध्यक्ष सीता नेगी, मंडल अध्यक्ष अजय सोनी, पार्षद धर्म धर्मेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, सत्येन्द्र सिंह , और क्षेत्रीय महिला एनजीओ संगठनों की प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

# शम्सुद्दीन तुर्क शम्सुद्दीन तुर्क पनीपति के 744 वें उर्स के मौके आयोजित हुआ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का "सूफी संवाद " कार्यक्रम

## " सूफी संवाद " महाभियान के राष्ट्रीय प्रभारी ने कलियर से आये साबरी झंडे को किया रिसीव

**दरगाहों की समस्याओं की आवाज को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रहा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा**

पानीपत : शाह विलायत ख्वाजा शम्सुद्दीन तुर्क पनीपति के 744 वां सलाना का आगाज हुआ। हजारों अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर दुआ माँगी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के सूफी संवाद अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. असलम ने मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के निर्देश पर सूफी संवाद " महा-अभियान के हरियाणा, पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रभारी सज्जादानशीन सय्यद मेराज हुसैन साबरी की सरपरस्ती में साबरी पाक की दरगाह कलियर शरीफ से आये साबरी झण्डे को मुख्यद्वार पर बड़ी शानो-शौकत से हजारो अकीदतमंदो के साथ रिसीव किया। इस दौरान देश भर से आये सज्जादानशीनों , सूफियों और बुध्दिजीवियों से " सूफी संवाद " महाभियान के अंतर्गत संवाद किया गया। देश और दुनिया के लिए अमन चैन, और भाईचारा कायम होने के किये दवाएं की। गौरतलब है कि शाह विलायत ख्वाजा शम्सुद्दीन तुर्क पानीपति हजरत सैय्यद अलाउद्दीन अहमद सबीर पाक के लाडले और इकलोते खलीफा है। जिन्होंने सबीर पाक के बाद साबरी सिलसिले को उरूज आता फरमाया।और लोगों तक साबरी सिलसिले को पहुंचाया।



अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने बताया कि हर साल उर्स के मौके पर साबीर पाक की दरगाह कलियर शरीफ से साबरी झंडा आता है। इस साल भी हजरत ख्वाजा शम्सुद्दीन तुर्क पनीपति के 744 वें उर्स के मौके पर साबरी झंडा कलियर शरीफ दरगाह से रुड़की व हरिद्वार होकर पैदल लाया गया झंडा मुज्जफरनगर, शामली व कैराना से पानीपत पहुंचा। जिसे मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी की तरफ से सूफी संवाद महाभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. असलम ने रिसीव किया। इस मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा वक़्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन मौजूद रहे।

इस मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा के द्वारा चलाये जा रहे " सूफी संवाद " के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. ने " सूफी संवाद" अभियान कार्यक्रम के दौरान मीडिया को बताया कि प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर हम " सूफी संवाद " महा अभियान को देश भर मे लेकर जा रहे हैं और खुशी इस बात की है की सूफी समाज दिल खोल कर इस अभियान का स्वागत कर रहा है। अल्पसंख्यक मोर्चे के इस महा अभियान के जरिये दरगाहों की समस्याओं की आवाज हम सरकार तक पहुँचा रहे हैं। हम सभी को मिलकर हिंदुस्तान को मजबूत करना है। उन्होंने कहा की भाजपा सबको एक मंच पर लेकर चलती है। आज तक किसी सरकार ने सूफियों की चिंता नही की है। सूफियों को एक मंच पर लाना और उनकी हिफाजत करना भाजपा का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से सूफी विचारधारा के प्रति विशेष प्रेम रखते रहे हैं। प्रधानमन्त्री का मानना है कि सूफीवाद एक नूर की तरह है, जो हिंसा से सहमी दुनिया को एक रोशनी दिखा सकता है। इस्लाम शांति का धर्म है और सूफी पंथ इसकी आत्मा है। आगे आने वाले दिनों में लोकसभा चुनाव के पहले तक पार्टी का अल्पसंख्यक मोर्चा देश के सभी दरगाह और खानखाओं में जाकर संपर्क स्थापित करेगा।

इस क्रिसमस डे को बनाईये कुछ खास, न हो दूर रहने का ऐहसास।।
अपने को भेजिए शुभकामना संदेश, समाज जागरण मे
आप सभी देशवासियों को समाज जागरण की ओर से मैरी क्रिसमस डे

# श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बना बनौली का शिव मन्दिर

## भोलेनाथ की भक्ति से मिलती है अध्यात्मिक शक्ति : शिवपूजन गुप्ता

**दैनिक समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के बांसी तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा बनौली में स्थित भगवान भोलेनाथ का मन्दिर श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। इस मन्दिर पर प्रतिदिन भक्तजन बड़े ही आस्था और विश्वास के साथ भगवान भोलेनाथ का पूजा पाठ करते हैं और शिवलिंग पर जल अर्पित करते हैं। मन्दिर के पुजारी श्री शिवपूजन गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती केसरी देबी के द्वारा मन्दिर में भगवान भोलेनाथ की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चारण के साथ करवाया गया था। मन्दिर के पुजारी श्री शिवपूजन गुप्ता ने बताया कि सावन महीने में शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ की बड़े ही धूमधाम से पूजा अर्चना व वंदना की जाती है। और भण्डारे का भी कार्यक्रम संपन्न होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मौके पर ग्राम वासी व आसपास के गांव से श्रद्धालु भक्तजन आते हैं और भगवान भोलेनाथ का दर्शन करते हैं और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं। मन्दिर के पुजारी श्री शिवपूजन गुप्ता ने आगे बताया कि भोलेनाथ की भक्ति से आध्यात्मिक शक्ति की प्राप्त होती है। इसी वजह से जब से भोलेनाथ के मंदिर का स्थापना हुआ है और मंत्र उच्चारण के साथ शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तभी से मैं प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ की कृपा से भगवान भोलेनाथ का पूजा पाठ करता हूं और भोग लगाता हूं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रतिदिन सुबह शाम भगवान भोलेनाथ की पूजा पाठ करने के बाद ही मुझे शान्ति मिलती है।

# जयपुरिया स्कूल मलवा के वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति 2023 के समापन के अवसर पर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ने की आयोजन की सराहना

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मलवा में वार्षिकोत्सव "अभिव्यक्ति 2023" का बड़े धूमधाम से समापन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह उपस्थित रहे साथ ही साथ अभिभावकगण व शहर के कई गणमान्य व्यक्ति समारोह स्थल पर पहुंचे और कार्यक्रम का आनंद उठाया। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद सरस्वती वंदना स्वागत गीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति हुई, तत्पश्चात प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्यों, प्रबंधिका रंजना सिंह व प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह ने पुलिस अधीक्षक महोदय को पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुषी छटा बिखेर दी।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों व अभिभावकगणों को संबोधित करते हुए अनुशासन के महत्व को बताया और कहा कि अनुशासन एक क्रिया है जो हमारे शरीर, दिमाग और आत्मा को नियंत्रित करके नियमों का पालन करना सिखाता है। समय का पाबंद, बड़ों का सम्मान, नियमित दिनचर्या व बुरी आदतों से दूर रहकर हम बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। अनुशासन के पालन से व्यक्ति का जीवन सफल और सार्थक बनता है और बेहतर चरित्र का निर्माण होता है।एक अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन को बेहतर बनाने में सफल होता है और अपनी सफलता की छाप दूसरों पर छोड़ता है। देश की सुरक्षा भी एक अनुशासित सेना द्वारा की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने छात्र जीवन में अनुशासन का विकास करना चाहिए।छात्रों ने समूह गीत समूह नृत्य तथा हिंदी और अंग्रेजी नाट्य मंचन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, इस अवसर पर जयपुरिया स्कूल को नवबधू की भांति सजाकर माहौल को जीवंतता प्रदान की गई थी। शैक्षणिक एवं सह पाठ्यक्रमी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि, विद्यालय प्रबंधन समिति एवम प्रधानाचार्य द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती रंजना सिंह ने आश्वासन दिया कि हमारा संस्थान शैक्षणिक स्तर पर सुपर 30 जैसी संस्थाओं के साथ संबद्धता करते हुए सांस्कृतिक प्रयासों के माध्यम से हमेशा शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने का प्रयास करता रहेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राणा संग्राम सिंह भदौरिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अभिभावकों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदर्शित नैतिक मूल्य, आदर्श व समसामयिक विषय सराहना के योग्य हैं। उन्होंने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और सह पाठ्यक्रमी उपलब्धियों के लिए विद्यालय परिवार को बधाई दी और बच्चों के बीच नैतिक मूल्यों को विकसित करने में माता पिता और शिक्षकों की भूमिका को निर्दिष्ट किया।

कार्यक्रम की समाप्ति देश के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रगान के साथ हुई, इस अवसर पर जयपुरिया स्कूल फतेहपुर शाखा के संस्थान प्रमुख सीजो वर्गीस, बिन्दकी शाखा की संस्थान प्रमुख श्रीमती उर्वशी पांडेय, मुख्य संबंध अधीक्षक जरीना अंजुम व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# फतेहपुर ने सरौली को हरा के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

## किशनपुर के नागा बाबा मैदान में चल रहे क्रिकेट टूनार्मेंट में सरौली बनाम फतेहपुर का मैच खेला गया फतेहपुर ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**



किशनपुर के स्वर्गीय करण सिंह मेमोरियल कैनवास बाल क्रिकेट टूनार्मेंट में आज फतेहपुर और सरौली के बीच मैच खेला गया सहर फतेहपुर की टीम ने टास जितने के बाद फील्डिंग का विकल्प चुना और पहले बल्लेबाजी के लिए सरौली को आमंत्रित किया सरौली की तरफ से ओपनिंग जोड़ी के रूप में आदर्श और विनय आए जो पहले ही ओवर में बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए दूसरे और तीसरे विकेट की साझेदारी भी तीसरे ही ओवर में टूट गई गोपी और राबिन भी जीरो में आउट हो गए पांचवे बल्लेबाज के रूप ने आए पुस्पेंद्र ने मैच को संभालते हुए ताबड़तोड़ 56 रनो की पारी खेली मनीष और रवि की बल्लेबाजी से सरौली की टीम निर्धारित 14 ओवर में 113 रनो का लक्ष्य फतेहपुर को दिया जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान गोपाल तिवारी की शहर फतेहपुर की टीम की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज रवि और बाबी ने 60 रनो की साझेदारी की और विख्यात ने लगातार 7 छक्के की मदद से फतेहपुर ने सरौली से हुआ मुकाबला 8 वे ओवर में जीत लिया फतेहपुर ने सरौली की टीम को 8 विकेट से हरा के टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली फतेहपुर की तरफ से विख्यात मैन आफ मैच रहे जिन्हे कस्बे के व्यापारी सुशील शुक्ला द्वारा मैन आफ मैच का पुरस्कार दिया गया

मैच की व्यवस्थाओं में कमेटी के सदस्य अरविंद मिस्त्रा पम्मू मिश्रा शालू यादव, जय बहादुर सिंह , विनोद सिंह, अनिल निषाद रहे

# कोहरे के चलते तीन गाड़ियां टकराई, दो हुए चुटैल

## अनियंत्रित गाड़ी डिबाइडर से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त, दो गाड़िया और भिड़ी

**दैनिक समाज जागरण**



शिकोहाबाद। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 69 के समीप एक अनियंत्रित कार डिबाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके पीछे आ रही दो गाड़ियां टकरा गईं। जिसमें दो लोग मामूली घायल हुए हैं।

रविवार सुबह सवा पांच बजे के करीब नगला खंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एलएस 69.200 किलोमीटर पर एक कार जो दिल्ली से औरैया जा रही थी। जिसे चालक इमरान पुत्र साबिर खान निवासी ब्लॉक के पीछे सतेश्वर औरैया चला रहा था। कोहरे के चलते चालक को साइड दिखाई नहीं दी और कार डिबाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके पीछे आ रही एक अन्य सफारी कार जो दिल्ली से लखनऊ जा रही थी। इसको चालक बकर्तुल्ला पुत्र शराफातुल्लाह निवासी रानी लक्ष्मीबाई मार्ग पुराना बाजार जनपद बलरामपुर चला रहा था। कार में मोहम्मद मोहन, बुशरा, ज्ञानेंद्र कुमार थे, लेकिन किसी को कोई चोट नहीं आई। सफाई कार के पीछे एक अन्य कार बैलोनो भी टकरा गई। यह फरीदाबाद से लखनऊ जारही थी। इसको सुमित पुत्र राकेश गुप्ता निवासी बी ब्लाक गलीनंबर 586 ए संगम विबाह नई दिल्ली चला रहा था। जिसके साथ में मनोज कुमार पुत्र करण,अमित कुमार पुत्र धीरेंद्र निवासी 75 दयालबाग सूरज फरीदाबाद हरियाणा, अश्विनी डोंगर पुत्र जसवंत सिंह निवासी सी 49 थे। मनोज तथा अश्वनी के साधारण चोट आई है। जिन्हें एंबुलेंस से पीजीआई सैंफई भेजा गया है। तीनों क्षतिग्रस्त कारों को हाइड्रा मंगवा कर एक्सप्रेस वे से हटवा कर यातायात को सुचारू करा दिया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को अस्पताल भिजवाया।

थाना उत्तर के क्षेत्र नई आबादी रहना निवासी वीरू उर्फ किच्चू 38 वर्ष पुत्र लाखन सिंह झरना नाले के समीप ट्रेन की चपेट में आ गया।

उसकी मौत हो गई। वहा काफी लोग एकत्रित हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम को जिला अस्पताल भिजवाया।

बाद में उसके भाई कालीचरण ने अस्पताल पहुंच शव की पहचान वीरू के रूप में की। थाना प्रभारी ने बताया मृतक के भाई की माने तो वह शराब पीने का आदी था। वीरू कारखाने में काम करता था। रेलवे लाइन पार करते समय वह तीन की चपेट में आ गया था। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# थाना थरियाव व हसवा पुलिस चौकी के अंतर्गत में चोरों का आतंक नहीं है बेखौप चोरों को पुलिस का कोई डर

## थाना थरियांव और हसवा चौकी गुडवर्क के चक्कर में नहीं कर रही छोटी चोरी का खुलासा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर ज़िला के थरियांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसवां चौकी क्षेत्र के हसवा ग्राम में लगातार दे रहे हैं हसवा चौकी पुलिस को चुनौती बेखौफ चोर चोरों को नही है एक भी डर आपको को बता दे की बीती रात को अज्ञात चोरों ने पसिनपुरवा किसान कमलेश पुत्र जगन्नाथ के घर में रात को करीब एक बजे वाहन से अज्ञात चोरों ने कमलेश पासवान के घर में दीवार से चढ़ कर घर के अंदर घुस गए और दो बकरियां को खोल लिया और दोनो बकरियों को वहन से लेकर मौके से फरार हो गए बकरियां मालिक का कहना है कि हम रात में जंगल में खेत में पानी लगा रहे थे और घर में मेरी पत्नी और बच्चे सो रहे थे चोर मौके का फायदा उठाकर दो बकरियां ले कर फरार हो गए आपको बता दें कि तीन दिन पहले सिद्दीक पुत्र सब्बीर के घर के अंदर बांधी बकरियां को अज्ञात चोरों ने ताला काट कर चार बकरियां ले कर मौके से फरार हो गए जिसकी सूचना हसवा चौकी इंचार्ज को दी गई छोटी चोरी समझ कर मामले को दर किनारा किया गया पुलिस की नाकामी देकर कर चोरों के हौसले और बुलंद हो गए फिर तीसरे दिन एक घर को बनाया निशाना और दे दिया घटना को अंजम चार दिन के अंदर हसवा चौकी क्षेत्र में दो चोरियों में से एक भी चोरी का नहीं हुआ खुलासा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत उर्वरकों का ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन सम्पन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**




फतेहपुर विकसित भारत संकल्प के साथ केंद्र सरकार द्वारा कृषि तकनीकी का प्रयोग कर किसान की आय दोगुनी हो सके ,इसको लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसी क्रम में आज असोथर नगर पंचायत की किसान विभा अग्निहोत्री व मनोज सिंह के सरसों के खेतों में इफको नैंनों व सागारिका रसायन का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया गया, वहीं उपरोक्त असोथर विकास खंड के ही सुदूरवर्ती यमुना कटरी के गांव जरौली में महिला कृषक मंजू सिंह के पीले सरसों व चने के खेतों में सागारिका का कुशल ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन किया गया,, मौके पर उपस्थित भाजपा प्रवक्ता प्रवीण कुमार सिंह द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आय कैसे दोगुनी हो इस पर सरकार कितनी गंभीर है विषय पर सम्बोधित किया गया, भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि आज देश वैश्विक स्तर पर शिषरोन्मुख है जिसमें तकनीकी खेती का महत्वपूर्ण योगदान है,आज की वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा किसानों को बीज व उर्वरक के साथ ही इनके संन्तुलित प्रयोग विधियों का प्रदर्शन किसान के खेत में और किसानों की मौजूदगी में किया जा रहा है जिसके कारण आज हमारे किसान कृषि को आसानी से कर रहे हैं,, इस अवसर पर इफको क्षेत्र कृषि प्रदर्शक पवन पटेल, स्प्रेंड्रोन चालक निर्मल कुमार, किसान आदित्य अग्निहोत्री, क्षेत्र के प्रगतिशील किसान जयदेव सिंह गौतम, अखिलेश सिंह, नवीन सिंह, कमलेश तिवारी,सौरभ अग्निहोत्री, विवेक भदौरिया, दुर्गा प्रसाद दीक्षित, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, मुन्ना, जगरूप निषाद, अनमोल निषाद बुद्धू सिंह सहित किसान बंन्धु उपस्थित रहे।। शुभेच्छु प्रवीण कुमार सिंह जिला मीडिया प्रभारी भाजपा फतेहपुर

# युवा कल्याण विभाग द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान लाने वाले जवानों को किया गया पुरस्कृत

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर युवा कल्याण विभाग द्वारा खंड स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का प्रेम शंकर गौतम क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्र0 वि0 द0 अधिकारी विकास खंड तेलियानी के द्वारा सब जूनियर जूनियर एवं सीनियर आई वर्ग में पटेल सेवा धर्म इंटर कॉलेज सैनीपुर के मैदान पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य विश्वनाथ तिवारी एवं ग्राम प्रधान सैनीपुर जितेंद्र पटेल द्वारा फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया प्रतियोगिता में भाग लेने वालों ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए 100 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार अनीता द्वितीय पुरस्कार सीमा व तृतीय पुरस्कार आरती इसी क्रम में प्रथम पुरस्कार राघवेंद्र द्वितीय पुरस्कार अभिजीत तृतीय पुरस्कार जयकरण को प्राप्त हुआ इसी क्रम में 200 मी सीनियर वर्ग प्रथम पुरस्कार घनश्याम द्वितीय पुरस्कार नितिन तृतीय पुरस्कार अभिजीत को दिया इसी क्रम में 800 मीटर दौड़ में प्रथम पुरस्कार आदर्श द्वितीय पुरस्कार बिजनेस तृतीय पुरस्कार आदित्य को दिया गया 1500 मी सीनियर वर्ग दौड़ में प्रथम पुरस्कार नितिन द्वितीय पुरस्कार अभिजीत तृतीय पुरस्कार आलोक को दिया गया लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बिजनेस द्वितीय पुरस्कार अंश मौर्य तृतीय पुरस्कार दीपक को दिया गया कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शमशेर द्वितीय पुरस्कार राघवेंद्र तृतीय पुरस्कार संजय को प्राप्त हुआ इसी क्रम में प्रतियोगिता के आयोजन प्रेम शंकर गौतम ने बताया कि समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन कर बच्चों को खेल कूद के माध्यम से अपनी चुस्त और दुरुस्त रहने की सीख दी जाती है

# शातिर जहर खुरान गिरफ्तार चोरी के रुपए और मोबाइल बरामद

**दैनिक समाज जागरण**



फिरोजाबाद। जीआरपी फिरोजाबाद द्वारा एक शातिर जहर खुरान को शिकोहाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के रुपए और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

राजकीय रेलवे पुलिस के अधीक्षक आगरा अनुभाग आदित्य लागहे और क्षेत्राधिकार रेलवे उदय कुमार के निर्देशन में जीआरपी द्वारा लूट और चोरी की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जीआरपी थाना अध्यक्ष जय किशोर गौतम फिरोजाबाद के नेतृत्व में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में जीआरपी फिरोजाबाद ने शिकोहाबाद के रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर एक बटा दो से एक शातिर जहर खुरान को गिरफ्तार कर लिया तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी के ₹5000 और एक एंड्राइड मोबाइल बरामद हुआ पुलिस ने शातिर अपराधी का नाम राधेश्याम पुत्र गौरीशंकर निवासी रामनगर थाना मक्खन पुर बताया है। क्षेत्राधिकार इटावा सर्किल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शातिर किस्म का जहर कुरान है उसके खिलाफ विभिन्न थानों में 23 मुकदमे पंजीकृत हैं उन्होंने बताया कि इस अपराधी की काफी दिनों से तलाश थी। इसकी गिरफ्तारी के लिए जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज और सुरागरशि कर गिरफ्तार किया है इसने 25 नवंबर को अशोक कुमार पुत्र गिरधारी लाल निवासी हिसार हरियाणा को जहर खुरानी का शिकार बनाकर उसके साथ लूट की थी जिसका मुकदमा कानपुर में पंजीकृत हुआ था और विवेचना थाना फिरोजाबाद जीआरपी को सौंप थी।

# कैबिनेट मंत्री ने 293 छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**



शिकोहाबाद। नारायम महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण समारोह का रविवार विद्यालय परिसर में आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने स्मार्ट फोन वितरित किये। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन का प्रयोग अपने जीवन में आगे बढ़ने और उच्च शिक्षा प्राप्त कर कैरियर बनाने में करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य वीके सिंह ने स्टाफ के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कैबिनेट मंत्री नेकिया। इसके बाद मंत्री ने 293 छात्र.छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये। इस दौरान मंत्री ने कहा कि स्मार्ट फोन आपके जीवन में खुशी लेकर आया है। प्रदेश सरकार ने आपको स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। जिससे आप शिक्षा के क्षेत्र में जिन समस्याओं का समाधान इधर-उधर ढूंढते हो वह सब आपके मोबाइल में एक क्लिक पर मिल जाएगा। इससे आप अपनी पढ़ाई की तैयारी अच्छी तरह से कर सकते हो। लेकिन अगर आपने इसका प्रयोग गलत चीजों में किया तो यह आपके जीवन की गाड़ी को पटरी से उतार भी देगा। इस लिए आप लोग इसका प्रयोग अपनी पढ़ाई केलिए ही करें।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबंधक डॉ. एलसी मेहरा,प्रबंधन समिति सदस्य अवधेश पाठक,चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, उप जिलाधिकारी विवेक मिश्रा, थाना अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने भी स्मार्टफोन वितरण में सहयोग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विजय कुमार सिंह ने और संचालन डॉ. संतोष कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. अरविंद कुमार,प्रो. मनोज कुमार,डॉ. कविता यादव,डॉ. स्वीटी सिंह,प्रियंका राजपूत,डॉ. मृदुला यादव एवं नोडल अधिकारी प्रोफेसर एसएस यादव, डॉ. पीके जादौन और राहुल यादव का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रोफेसर अनुपमा चतुर्वेदी,प्रोफेसर हेमलता सुमन,प्रो. विनीता कटिहार,डॉ. रेखा पचौरी,डॉ. शुभी पटेल,डॉ. अलख नारायण आदि शिक्षक एवं शिक्षणेततर कर्मचारी मौजूद रहे।

# एल-यू-सी-सी-शाखा का हुआ शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह**




जहानाबाद फतेहपुर कस्बा में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पंजीकृत, द- लोनी- अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी ( एल यू सी सी) शाखा का शुभारंभ रविवार को कस्बे के मुगल मार्ग हाईवे किनारे स्थित सेंट्रल बैंक की शाखा के समीप हुआ।

सोसाइटी सीनियर इमरान खान व मोहम्मद यूनुस ने शाखा का उद्घाटन फीता काट कर किया। उन्होंने बताया कि इस शाखा में बचत खाता, एफ,डी ,ए टी एम,के अतरिक्त किसानों को कृषि ॠण की सुविधा उपलब्ध रहेगी, साथ ही साथ सोसाइटी द्वारा शाखा में एक एंबुलेंस वाहन सेवा उपलब्ध रहेगी। जो गरीबों व निसहाय लोगों तथा मार्ग दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु सीएचसी, पीएचसी सहित जिला चिकित्सालय ले जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक मोहम्मद हसनैन नकवी,डाक्टर हबीबुर्रहमान , संतोष सिंह, सिद्धार्थ कुमार , शानदार नकवी, गुड्डू सेठ, असद नकवी, डॉक्टर सुनील कुमार , नीरज पटेल, आलिम,मेराज नकवी, मैकश, आबिद रजा, हामिद रजा, फैसल नकवी, फाजिल नकवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूल पढ़ने गई नाबालिग किशोरी के साथ ई रिक्शा चालक ने किया दुष्कर्म

**दैनिक समाज जागरण/अभय प्रताप सिंह**

जहानाबाद/ फतेहपुर कस्बा के एक मोहल्ला निवासी युवक ने थाना जहानाबाद में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री कस्बे के एक विद्यालय में पढ़ने गई थी स्कूल की छुट्टी होने के बाद उसकी पुत्री उम्र लगभग 13 वर्ष काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने अपनी पुत्री की खोजबीन शुरू किया काफी देर तक खोजबीन के बाद जब उसकी पुत्री घर वापस लौटी तो उसकी पुत्री ने बताया उसे ई रिक्शा चालक राजू शाह पुत्र माशूक शाह निवासी मोहल्ला गढी.जहानाबाद मुझे जबरदस्ती अपने रिक्शे में ले जाकर थाना क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुर के समीप रास्ते में एक सरसों के खेत पर जबरन दुष्कर्म किया जिस पर किशोरी के पिता ने आरोपी के विरुद्ध थाने में तहरीर देते हुए अभियोग पंजीकृत कराया।इस संबंध में क्षेत्राधिकारी बिदंकी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर 363, 376,3/4 पास्को एक्ट सहित विभिन्न धाराओं पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।आरोपी के गिरफ्तारी के लिए टीम बना दी गई है,शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन भागवत से होता है मानव को कर्तव्यबोध ...आचार्य देव शरण

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेई**

किशनपुर गढ़ा खास के गढ़बीर बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास आचार्य देव शरण त्रिपाठी ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं।




कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निस्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। सृष्टि वर्णन की कथा सुनाते हुए आचार्य ने बताया हरि विष्णु की नाभि से कमल के फूल पर बैठे ब्रह्मा जी की उत्पत्ति हुई और भगवान श्री हरि विष्णु के आदेश के अनुसार ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। उन्होंने मनु और सतरूपा की उत्पत्ति की। मनु और सतरूपा से पांच संतानें दो पुत्र और तीन कन्या हुईं। इसके बाद कहा कि एक दैत्य पृथ्वी को पातालपुरी ले गया और पृथ्वी को वापस लाने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु ने वराह अवतार लिया। इसी तरह बालक ध्रुव की कथा भी व्यास ने सुनाई। कथा में बिहारी जी के भजनों का सुंदर गुणगान हुआ। कथा कार्यक्रम में हजारों की संख्या में गढ़ा खास वा आस पास के लोगो के साथ ही , रवि तिवारी , नेहा तिवारी,मनोरमा तिवारी,संजय तिवारी ज्वाला गुप्ता, राममूरत शर्मा समेत आयोजन करता मौजूद रहे

# आरसीसी मार्ग का भाजपा सदर पूर्व विधायक ने फीता काटकर किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**





फतेहपुर जनपद के विकासखंड भिटौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलाका में विधायक निधि से सिद्धनाथ शुक्ला के घर से ललित तिवारी के घर तक100 मीटर निर्मित की गई आरसीसी मार्ग का आज 24 दिसंबर को पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने फीता काटकर शिलान्यास किया।जहां लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे तथा ग्राम प्रधान शिवाकांत मिश्रा,प्रदीप कुमार यादव(बीडीओ), लवधीर सिंह(क्षेत्रीय लेखपाल),सत्येंद्र कुमार (ग्राम विकास अधिकारी),दुर्गेश कुमार (ग्राम रोजगार सेवक),रमाकांत शुक्ला (कानूनगो),आशीष कुमार (पंचायत सहायक),मंजू शुक्ला (हसवा मंडल प्रभारी),सानू सिंह (हसवा महामंत्री),योगेंद्र(सेक्टर अध्यक्ष),अभिषेक सिंह (युवा मोर्चा),आशीष कुमार,बच्चा तिवारी आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।।

# सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया गया।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। वहीं, वक्ताओं ने विद्यालय से जुडे.स्मरण को सुनाया। इस अवसर पर स्मारिका अभ्युदय का विमोचन भी किया गया।

नगर निगम के पालीवाल हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर विधायक मनीष असीजा एवं अध्यक्षता हनुमान प्रसाद गर्ग, राहुल सिंघल, गौरव गुप्ता, पीके जिंदल, ललितेश जैन ने संयुक्त रूप से दीप्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय के सहव्यवस्थापक सुनील पौगोरिया ने विद्यालय के 50 साल के इतिहास पर प्रकाश ड़ाला।



स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कत्थक, नृत्य, जनजागरण, होली गीत पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, पुलवामा अटैक, महारास आदि की प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया।हाल में मौजूद लोगों बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की। ललित कला एकेडमी के कलाकार आकाश गुप्ता द्वारा भगवान राम का सुंदर चित्र बनाया। समारोह में स्मारिका अभ्युदय का विमोचन संपादक देवव्रत पांडेय द्वारा कराया गया। इस दौरान पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया। संचालन अनिल अग्रवाल व रामशरण दुबे ने किया। इस दौरान एडीएम अभिषेक कुमार सिंह,अजय जिंदल, मनोज जिंदल, नितिन, विपुल बंसल, डा. आशुतोष शर्मा, राकेश नवरंग, गोविंद मित्तल, नमन बंसल, सचिन, मनीष गर्ग आदि शामिल रहे।

## नौड़ीहा बाजार प्रखंड मे मनरेगा योजना मे मची है लूट,सबंधित पदाधिकारी है मौन।

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड)24दिसंबर 2023ःप्तनौड़ीहा बाजार प्रखंड के चराई -2 पंचायत अतर्गत मननदोहर समेत कई गाँवों मे भारत सरकार के महत्वकांक्षी




योजना मनरेगा के तहत संचालित योजना आमबागानी,डोभा ,टीसीबी,कूप निर्माण जैसे अन्य योजना मे भारी मात्रा मे लूट मची हुई है। सबंधित पदाधिकारी ,मनरेगा कर्मी के मिलीभगत से संचालित योजनायों मे भारी अनिमियता बरती जा रही है ।आगे बताते चलें कि संचालित योजना में मनरेगा गाइड लाइन के ताख पर रख कर डोभा,टीसीबी,कूप निर्माण ,आम बगवानी जैसी योजना की कार्य करायी गई है। धरातल पर की गई योजनाओं मे किसी प्रकार की योजनायों की शिलापट्ट धरातल पर नहीं लगायी गई है,जिससे स्पष्ट होता है कि सबंधित पदाधिकारी के मिलीभगत इस योजनायों मे अधी अधूरा कार्य करा कर ,राशि की निकासी कर बंदरबाट की गई । इस क्षेत्र मे संचालित योजना मे जाँच के बाद कई बड़ी कमी उजागर हो सकता है। समाचार लिखें जानें से पहलें प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी श्री दीपक कुमार से दूरभाष के माध्यम से बातचीत किया गया ।उन्होंने बताया कि वैसी योजनाओं की जाँच करने की बात कहा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्कूली बच्चों को स्वेटर और बिरहोर परिवारों के बीच किया कम्बल वितरण।

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी,जिला संवाददाता**

चतरा(झारखंड)24 दिसंबर 2023 :-जिले के इटखोरी प्रखंड के धुना पंचायत कटुआ में स्कूली बच्चे और बिरहोर परिवार को बिच प्रखंड के बीडीओ सोमनाथ बाकीरा ने स्वेटर व कम्बल वितरण किया। शुक्रवार को कटुआ में स्टॉल लगा कर आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बिरहोर परिवार को ठण्ड से बचने के लिए सभी छोटे बच्चों को स्वेटर और बुजुर्ग लोगों को कम्बल वितरण किया गया। जिनका कोई खाता नहीं खुला था उनलोगो को बैंक ऑफ इंडिया का खाता खोलने के लिए आवेदन लिया गया।बिधवा और बृद्धा





पेंशन जिनको नहीं मिल रहा है उसका भी आवेदन जमा किया गया। 18 साल से कम उम्र वाले बच्चे का जन्म प्रमाणपत्र बनाने को लेकर कुल 20 आवेदन जमा किया गया। कटुआ टोला के सभी बिरहोर परिवार को खिचड़ी का वितरण किया गया। चिकत्सा का शिविर आयोजन किया गया। शिविर में बीमार बच्चे बिधवा और गर्भवती महिला का इलाज कर मुप्त में दवा दिया गया। मौके पर बीडीओ सोमनाथ बांकीरा ने कहा ठण्ड को देखते हुए स्कुल में पढ़ने वालों सभी बच्चों और बुजुर्गों को कम्बल और स्वेटर वितरण किया गया। सरकारी योजना भी इन लोगों को मिले इसका मेरे तरफ से पूरा सपोर्ट रहेगा। एक यह मेरा विचार है की कई बीडीओ मैंने देखा पर इनके जैसा नहीं, वहां पर मैं दो घंटे तक रुका और जो मैं दो घंटे तक देखते रह गया, मै इनको देख कर हैरान हो गया, बीडीओ साहेब को देख कर ऐसा लग रहा था की यह कोई बीडीओ नहीं बल्कि इनके बिरहोर परिवार से एक सदस्य हैं। जैसे की अपने बच्चे को एक पिता की और मिलता है, जो प्यार और दुलार मुझे देखने के लिए मिला वह कोई भी पदाधिकारी नहीं कर सकते हैं उन्होंने छोटे बच्चे से नम्बर देना और लोगों से नम्बर लेना यह सब देख कर मै बिलकुल हैरान हो गया। इस मौके पर इटखोरी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सतेंद्र गिरी, साहरजाम मुखिया जीतेन्द्र रजक, अनुसूचितजनजाति जिला अध्यक्ष,संजय कुमार, प्रदीप कुमार,अंजू देवी, रूबी देवी, मनीष कुमार मौजूद थे।

## सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जैसे व्यक्तित्व का जन्म विरले ही होता है - पंचम कुमार

### *शिक्षा की अलख जगाने के प्रति समर्पित थे आर्किटेक्ट सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल - पंचम कुमार*

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया प्रखंड संवाददाता नौडीहा बाजार**

पलामू (झारखंड) 24 दिसंबर 2023 छतरपुर जो बसते हैं दिल में लोगों के, वो जाकर भी कहीं न जाते हैं, ऐसे थे आर्किटेक्ट सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल। सड़मा, छतरपुर के जमींदार, गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज के संस्थापक, शैक्षणिक उत्थान व कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले, महान विचारक, समाजसेवी एवं शिक्षाविद सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल जी की पुण्यतिथि पर उन्हें शतझ्रशत नमन। आपको बतां



दे कि वर्ष 2008 में सड़मा के जिस स्थान पर कभी नक्सलियों का डेरा लगता था वहाँ अब विद्यार्थियों का मेला लगता है। विद्यार्थियों का मेला लगाने वाले, शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने वाले छतरपुर को शिक्षा का हब बनाने में सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल ने बहुत बड़ा योगदान दिया है । मैं समझता हूँ कि उनके जैसा कोई इंसान विरले ही जन्म लेते हैं । सड़मा, छतरपुर जैसे अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में अपना खानदानी जमीन का लगभग 32 एकड़ जमीन को ट्रस्ट में डोनेट कर तीन - तीन कॉलेज को स्थापित कराया एवं छतरपुर का गौरव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्किटेक्ट सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल शैक्षणिक उत्थान के लिए अपना जीवन न्योछावर कर दिया। वे अंतिम समय में भी अपने संस्थान के बारे सोचते रहे एवं इसे शीर्षत्तम स्थान तक ले जाने के लिए संघर्षरत रहे । वर्ष 2008 में जब छतरपुर ग्रामीण अंचल में मैट्रिक के बाद कोई शिक्षण संस्थान नहीं था तब उन्होंने अपने नेक इरादे, आर्थिक एवं शारीरिक बल बूते पर इंटर एवं डिग्री महाविद्यालय की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति जलाकर अपने क्षेत्रवासियों को शिक्षित करने का पुनीत कार्य किया है। वे संस्थान के हित में दिन रात काम करने वाले तथा एक अनुशासन प्रिय व्यक्ति के साथ एक जीवंत उदाहरण थे। इनके साहसिक कार्यो को लोग युगों - युगों तक याद करेंगे। छतरपुरवासियों ने शिक्षा की क्रांति लाने के लिए उन्हें बहुत प्यार और स्नेह दिया।

# राष्ट्र शहीद सम्मान समिति ने कुमीर में मनायी भजहरि महतो की पुण्य तिथि

## *नि:शक्त लोगो के बीच बांटे कंबल*

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा



पटमदाः स्वतंत्रता सेनानी सह जमशेदपुर के प्रथम सांसद स्व०भजहरि महतो का रविवार को राष्ट्र शहीद सम्मान समिति ने कुमिर स्थित स्मारक शहीद बेदी पर निर्मित स्वङ्ग भजहरि महतो की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पुण्यतिथि मनायी गयी। भजहरि महतो एक आदर्श पुरुष के साथ गांधीवादी विचार धारा के पथ प्रदर्शक जन नेता थे । उन्होंने कभी भी जातिभेद को नहीं माना। अंग्रजों के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले भजहरि बाबू ने आजाद भारत निर्माण के लिए अहम भूमिका निभाई थी । वे शोषण के विरुद्ध एवं गरीबों ,मजदूरों, किसानों के हक के लिए आवाज उठाई ।बंगला भाषा आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के नेता थे ।उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शो पर चलने का शपथ लिया ।

पुण्य तिथि के अवसर में निःशक्त लोगो के बीच कंबल बंटा गया। कंबल मिलते ही निःशक्त लोगो मे खुशी दिखाई दी। मौके पर राष्ट्र शहीद सम्मान समिति के अध्यक्ष श्री छुटुलाल महतो, सचिव श्री भीष्म नाथ महतो,जिला पार्षद श्री खगेन चंद्र महतो, पंचानन दास,प्रबोध कुमार महतो, मदन सरकार , सेक सिराजउद्दीन ,अतुल महतो सह दर्जनों लोग उपस्थित था ।

## लायाडीह में हीरो स्पोर्टिंग आंधारझोर ने लालमोहन स्पोर्टिंग को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हरा कर बना चैंपियन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा प्रखंड के महुलबना (लायाडीह) हाटतला फुटबॉल मैदान में रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महुलबना(लायाडीह) फुटबॉल टीम के द्वारा किया गया। जिसमें पटमदा-बोड़ाम के 16 फुटबॉल टीमों ने भाग लिया।प्रतियोगिता का फाइनल मैच हीरो स्पोर्टिंग आंधारझोर और लालमोहन स्पोर्टिंग के बीच खेला गया।निर्धारित समय में दोनों टीमें बराबर पर रही, पेनाल्टी शूटआउट में हीरो



स्पोर्टिंग आंधारझोर की टीम ने लालमोहन फुटबॉल टीम को 3-1 से हरा कर चैंपियन बना। विजेता हीरो स्पोर्टिंग आंधारझोर की टीम को 20 किलोग्राम पोल्ट्री और 1000 रुपया, उपविजेता लालमोहन फुटबॉल टीम को 15 किलोग्राम पोल्ट्री और 800रुपया,तृतीया एस एस जूनियर टीम और चतुर्थ डेमेज स्पोर्टिंग दोनों टीमों को 10-10 किलोग्राम पोल्ट्री और 500 - 500 रूपया देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में रंजन माण्डी,जयराम माण्डी ,सहन हांसदा, गबर्धन मुर्मू,जगदीश मुर्मू,सागुन मुर्मू,मिठुन मुर्मू, चैतन मुर्मू,बिहारी माण्डी ,जलेश्वर टुडु आदि का अहम योगदान रहा ।

## कोयरा में बिंदास क्लाब पाकोटोड़ा ने हाथाडीह को पेनाल्टी शूटआउट में 5 - 3 से हरा कर बना चैंपियन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत आदिवासी ग्रीन क्लब कोयरा (जोजराडीह )मैदान में रविवार को एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आदिवासी दलमा ग्रीन क्लब कोयरा (जोजराडीह ) की ओर से किया गया। जिसमें पटमदा - बोड़ाम प्रखंड के 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच बिंदास क्लब पाकोटोड़ा



और हाथाडीह फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबर पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में बिंदास क्लाब पाकोटोड़ा ने हाथाडीह को 5 - 3 से हरा कर चैंपियन बना। बिंदास क्लब पाकोटोड़ा को 30,000 रुपया, उपविजेता हाथाडीह को 25,000 रुपया, तृतीया किंग पावर एफसी और चतुर्थ काशीडीह एफसी को 15,000-15,000 रुपया देकर कमिटी की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बोड़ाम प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि श्रीमान अंगद सिंह, पहाड़पुर पंचायत के मुखिया श्री अजब सिंह, जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष शामापद महतो,20 सूत्रीय सदस्य क्षेत्रमोहन गोप, काजल सिंह, शम्भू नाथ सिंह, प्रहलाद कर्मकार, इन्द्र सहिस, क्लाब के अध्यक्ष मंगल सिंह, सचिव अंगद सिंह, उपाध्यक्ष श्रीचरण सिंह, सदस्य श्री सनातन सिंह, सुदर्शन सिंह, शिक्षक चणडिचरण सिंह, आदित्य सिंह, ग्राम प्रधान बुचण सिंह, रघुनाथ सिंह, रेशन डिलार दोलगोबिंद कुंभकार आदि उपस्थित थे।

# झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के बड़े भाई का निधन, क्षेत्र मे शोक की लहर

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा के लावा टोला कामारडीह निवासी झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के बड़े भाई कार्तिक कर्मकार की रविवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे टीएमएच में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। करीब 41 वर्षीय कार्तिक मिर्गी की बीमारी से ग्रसित थे और ठंड लगने की वजह से सुबह करीब 6 बजे बेलटांड़ चौक में चाय पीने के दौरान गिर गए थे

सूचना पाकर पहुंचे सुभाष कर्मकार ने अन्य लोगों की मदद से पहले माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु टीएमएच ले जाया गया। इलाज के क्रम में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वह अपने पीछे माता-पिता व पत्नी



के अलावे एक पुत्र और दो पुत्री को छोड़ गए हैं। वह तीन भाइयों में मझले थे।

बताते हैं कि अन्य दिनों की भांति सुबह करीब 5 बजे घर से निकलकर तालाब गए थे और वहां से शौच करने के पश्चात चाय पीने के लिए बेलटांड़ चौक गए थे। वह पेशे से राजमिस्त्री थे और जमशेदपुर में मजदूरी करते थे। दोपहर 12 बजे तक शव को टीएमएच से घर लेकर लौटने पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। अंतिम दर्शन को पटमदा के जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा, भाजपा के पूर्व प्रत्याशी मुचीराम बाउरी, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू, शिवराम दास, विश्वनाथ माझी, अश्विनी सिंह, खादिम अंसारी, वंशी दास, मिलन दास समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

## बेंगलुरु जल्द ही भारत का स्पोर्ट्स हब कहलाएगा - केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र बेंगलुरु का दौरा किया, युवाओं और प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साथ माई भारत संवाद में भाग लिया

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मौसम की उपयुक्त स्थितियों और खेलों के सर्वोत्तम बुनियादी ढांचे के साथ बेंगलुरु जल्द ही भारत का स्पोर्ट्स हब कहलाएगा। श्री ठाकुर ने खेल और एथलेटिक्स के प्रति उत्साह की सराहना की। उन्होंने अनुभवी खिलाड़ियों के सक्रिय रहने और अपनी अकादमियां शुरू करने, ज्ञान साझा करने, प्रशिक्षण या मूल्यांकन शिविरों में भाग लेने, खेलों में देश के नए प्रभुत्व में बहुमूल्य योगदान देने की प्रशंसा की।

श्री ठाकुर ने माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने, स्वयंसेवी गतिविधि शुरू करने, समुदाय के साथ जुड़ने के लिए मंच का उपयोग करने, अपने अच्छे कार्यों को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने तथा दूसरों को माई भारत पहल का लाभ उठाने के लिए आगे आने हेतु प्रेरित करने



पर जोर दिया। श्री ठाकुर ने देश भर के युवाओं को प्रभावित करने के लिए खिलाड़ियों से माई भारत के अंतर्गत अपनी प्रेरक कहानियां सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का आग्रह किया

उन्होंने खेलो इंडिया कार्यक्रम, विशेष रूप से हाल ही में आयोजित प्रथम खेलो इंडिया पैरा गेम्स की रूपरेखा भी प्रस्तुत की, जिसमें 3000 खिलाड़ियों, कोचों और सहायक कर्मचारियों ने भाग लिया। श्री ठाकुर ने यह भी कहा कि आगामी खेलो इंडिया युवा खेल तमिलनाडु में आयोजित किए जाएंगे, जिसमें देश भर के प्रतिभागी भाग लेंगे। खेलो इंडिया प्रतिभा की पहचान करने, उसको प्रोत्साहन देने, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना के माध्यम से सहायता देने की एक योजना है, ये सभी कदम विकसित भारत की अवधारणा में योगदान दे रहे हैं।

श्री अनुराग ठाकुर आज बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण के क्षेत्रीय केंद्र में क्रमशः 330 और 300 बिस्तरों वाले दो नवनिर्मित छात्रावास भवनों और 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

330 बिस्तरों वाले छात्रावास की परियोजना लागत 28.72 करोड़ रुपये है। यह भूतल+5 मंजिला भवन है, जिसमें संलग्न शौचालय के साथ 110 कमरों की सुविधा है। छात्रावास के कमरे एथलीटों के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिनमें एथलेटिक्स, खेल और मनोरंजन के लिए सभी सुविधाओं के साथ उनके लिए उपयुक्त माहौल है। महिलाओं के छात्रावास को राष्ट्रीय खेल विकास कोष द्वारा वित्त पोषित किया गया है, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड ने 25 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। अत्याधुनिक सुविधा, महिला एथलीटों के लिए आवासीय क्षमता का विस्तार करती है।

खेलो इंडिया योजना के तहत पुरुषों के लिए 300 बिस्तरों वाला छात्रावास 26.77 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया है। लगभग एक एकड़ के भूखंड पर स्थित छात्रावास में भूतल + 4 मंजिल हैं, जिसमें रहने वालों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

सिंथेटिक ट्रैक पूर्ण पीयूआर और श्रेणी-1, वर्ग-5 के लिए आईएएएफ प्रमाणपत्र प्राप्तक है। 8 पूर्ण लेन और 2 लेन के सिंथेटिक ट्रैक के अलावा, परियोजना में उच्च कोटि के प्रदर्शन प्रशिक्षण के लिए 500 मीटर क्ले ट्रैक और 100 मीटर रेत ट्रैक शामिल हैं। ट्रैक में एथलेटिक ट्रैक की सतह के नीचे एकीकृत हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर दोनों के साथ टाइमिंग गेट्स तकनीक जैसी अनूठी विशेषताएं हैं। इसमें

# सीआईएससी लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने एनडीए के 75 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जेएसडब्ल्यू-एनडीए कार रैली को हरी झंडी दिखाई

चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीआईएससी) के चेयरमैन एकीकृत रक्षा स्टाफ के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी मैथ्यू ने 24 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 75 गौरवशाली वर्षों के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के अवसर पर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से जेएसडब्ल्यू-एनडीए कार रैली के दिल्ली से ग्वालियर चरण को हरी झंडी दिखाई।

ऑपरेशन 'बादली' को श्रद्धांजलि के रूप में शुरू की गई यह रैली, मेजर जनरल इनायत हबीबुल्लाह के नेतृत्व में वर्ष 1954 में शुरू की गई। देहरादून से अपनी यात्रा शुरू करते हुए, रैली ग्वालियर, मिलिट्री हैडक्वाटर ऑफ वॉर (एमएचओडब्ल्यू) , नासिक, मुंबई जैसे महत्वपूर्ण सशस्त्र बल स्टेशनों से होकर गुजरेगी और छह दिनों के भीतर पुणे में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में अपनी 1800 किलोमीटर की यात्रा पूरी करेगी।

वायु सेना उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह, नौसेना उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जे सिंह, कार्यवाहक उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल तरूण कुमार आइच, कमांडेंट एनडीए वाइस एडमिरल अजय कोचर और तीनों सेनाओं के अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

इस रैली के लिए महिंद्रा ऑटो के समर्थन द्वारा मुंबई से वाहन प्रतिस्थापन की सुविधा दी गई थी। आईडीएस और आईएनएस इंडिया के मुख्यालय द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण प्रशासनिक और लॉजिस्टिक समर्थन मिला।

जैसे-जैसे रैली अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा पर आगे बढ़ती है, यह एनडीए की विरासत को परिभाषित करने वाले साहस, बहादुरी और बलिदान के प्रमाण के रूप में विराजमान होती है। इस कार्यक्रम का समापन आयोजन में उपस्थित वरिष्ठ



अधिकारियों, महिंद्रा ऑटो, आयोजकों, प्रतिभागियों और सभी योगदानकर्ताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए, उत्कृष्टता, अखंडता और राष्ट्र-निर्माण के लिए निरंतर समर्पण के सामूहिक आह्वान के साथ हुआ।



# कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह 25 दिसंबर, 2023 को सुशासन दिवस का उद्घाटन करेंगे

**आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 3 नई सुविधाओं माई आईजीओटी, ब्लेंडेड प्रोग्राम और क्यूरेटेड प्रोग्राम का शुभारंभ**

**डीओपीटी की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) के हिस्से के रूप में 12 डोमेन विशिष्ट ई-लर्निंग क्षमता निर्माण पाठ्यक्रमों की शुरूआत**

**मध्य प्रबंधन कार्मिकों के लिए विकास (वेरिएबल एंड इमर्सिव कर्मयोगी एडवांस्ड सपोर्ट) क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शुभारंभ**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में सुशासन दिवस का शुभारंभ और उद्घाटन करेंगे।

इस विशेष अवसर पर डॉ. जितेन्द्र सिंह आईजीओटी कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर 3 नई सुविधाएं माई आईजीओटी (एकीकृत सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण), ब्लेंडेड प्रोग्राम और क्यूरेटेड प्रोग्राम का शुभारंभ करेंगे।

माई आईजीओटी - माई आईजीओटी व्यक्तिगत अधिकारी के होम पेज पर लक्षित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो सीधे उस अधिकारी की अद्वितीय क्षमता निर्माण आवश्यकताओं को पूरा करता है जैसा कि उनके मंत्रालयों/विभागों के लिए क्षमता-निर्माण योजना में चिन्हित किया गया है। इससे अत्यधिक व्यक्तिगत, केंद्रित और लक्षित क्षमता-निर्माण की सुविधा मिलती है, जिससे व्यक्तिगत और संगठनात्मक प्रवीणता की जरूरतों के बीच एकदम दुरुस्त संबंध सुनिश्चित होता है। इस प्लेटफॉर्म पर अब तक 28 लाख से अधिक उपयोगकर्ता जुड़ चुके हैं और लगभग 830 उच्च गुणवत्ता वाले ई-लर्निंग पाठ्यक्रम प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए गए हैं।

ब्लेंडेड प्रोग्राम - आईजीओटी-कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर ब्लेंडेड प्रोग्राम अधिकारियों की गतिशील प्रशिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी स्तरों पर प्रशिक्षण पद्धतियों तक समान पहुंच की सुविधा प्रदान करेंगे। ब्लेंडेड प्रोग्राम पारंपरिक ऑफलाइन (व्यक्तिगत रूप से) कक्षा पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन शिक्षण घटकों के साथ जोड़ते हैं। यह अधिकारियों और संकाय को आमने-सामने कक्षा में बातचीत के अमूल्य लाभों को बरकरार रखते हुए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लचीलेपन और सुविधा का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

क्यूरेटेड प्रोग्राम - आईजीओटी कर्मयोगी पर क्यूरेटेड प्रोग्राम मंत्रालयों/विभागों और प्रशिक्षण संस्थानों की विविध शिक्षण जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। पाठ्यक्रम प्रदाता एक अनुरूप शिक्षण यात्रा प्रदान करने के लिए प्रोग्रामेटिक दृष्टिकोण के साथ आईजीओटी से प्रासंगिक सामग्री, संसाधनों और मूल्यांकन को क्यूरेट करने में सक्षम होंगे।

इस विशेष दिन पर डॉ. जितेन्द्र सिंह डीओपीटी के कर्मयोगी डिजिटल लर्निंग लैब (केडीएलएल) द्वारा डीओपीटी की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) के हिस्से के रूप में दो महीने की अवधि में विकसित 12 डोमेन विशिष्ट क्षमता निर्माण ई-लर्निंग पाठ्यक्रम भी लॉन्च करेंगे। सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण हेतु ई-लर्निंग पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए अगस्त 2021 में राज्य मंत्री (पीपी) ने केडीएलएल का उद्घाटन किया था। डीओपीटी की वार्षिक क्षमता निर्माण योजना (एसीबीपी) 27 सितंबर 2023 को केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने शुरू की थी। ये 12 पाठ्यक्रम न केवल डीओपीटी में कार्यरत सिविल सेवकों की डोमेन योग्यता जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि अन्य सरकारी संगठनों को दैनिक आधार पर कार्यात्मक मामलों को प्रभावी तरीके से संभालने में भी मदद करेंगे।

डॉ. जितेन्द्र सिंह केंद्रीय सचिवालय में मध्य प्रबंधन सिविल सेवकों की क्षमता निर्माण के लिए वीआईकेएएस (वेरिएबल एंड इमर्सिव कर्मयोगी एडवांस्ड सपोर्ट) नामक एक नया मिश्रित शिक्षण कार्यक्रम भी लॉन्च करेंगे। यह वीआईकेएएस यानि विकास आईजीओटी के साथ एक मिश्रित कार्यक्रम है जिसमें केंद्र सरकार के लिए आवश्यक कार्यात्मक, व्यवहारिक और तकनीकी दक्षताओं के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईएसटीएम में 33 घंटे के ऑफलाइन प्रशिक्षण के साथ 30 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है।

QXP 26-10-2023:Layout 1 12/25/2023 1:44 AM Page 12



# करूआताल मे श्री रामकथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का समापन।।



सिंहपुर/ ग्राम करूआताल के प्रतिष्ठित नागरिक एवं मेकलांचल क्षेत्र मे धर्म निष्ठ तथा धार्मिक स्तम्भ श्री राम कृपाल सिंह गहरवार ( पूर्व प्रधानाध्यापक ) के निज आवास पर गत 13 दिसम्बर से 23दिसमबर तक "" श्री राम कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ "" परम्परागत श्रद्धापूर्वक उत्साहपूर्ण वातावरणमे सम्पन्न हो गया ।

इस पुनीत धार्मिक अनुष्ठान महोत्सव के कथा व्यास मुरारी जी महराज प्रयागराज उ.प्र. थे जिन्होनें मयार्दापुरुषोत्तम श्री राम जी के आलौकिक कथामृत का रसास्वादन श्रोतागणो को कराकर कलश-यात्रा कथा प्रारम्भ श्री राम नाम महिमा से लेकर राजा राम जी का राज्याभिषेक तक 10 दिवसीय भगवान की अलौकिक अद्वितीय कथा का रसास्वादन कराते हुए समस्त क्षत्रिय परिवार ग्राम वासियो तथा क्षेत्र वासियो एवं श्रोताओ को कृतार्थ किया तथा पुण्य लाभ अर्जित करवाया । कथावाचक व्यास पीठ से मुरारी जी महराज के श्रीमुख से अपरान्ह 2बजे कथा होती थी जो गौ धूलि बेला मे ही समाप्त होती थी इस कार्य-क्रम के प्रेरणास्रोत स्वर्गीय श्री जनकदेव एवं जगतदेव सिंह गहरवार थे । आचार्य पंडित अरूण कुमार तिवारी थे , कथा के मुख्य यजमान ठा. रामकृपाल सिंह श्री मती बबबी सिंह गहरवार रहे थे ।

गत दिनांक 23 दिसंबर को श्री राम कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम सम्पन्न के उपलक्ष्य मे विशाल भंडारे का आयोजन हुआ इस कार्यक्रम मे बडी संख्या मे भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । इस कार्यक्रम मे श्री मती मिथिलेश सिंह, हवन सिंह गहरवार श्री मती उर्मिला सिंह शिक्षिका तथा समाजसेवी चन्द्र भान सिंह गहरवार रविकांत सिंह, शशिकांत सिंह, सोमकांत सिंह, डा. पुष्पेनद्र सिंह डा. शिवम सिंह सहित सभी क्षत्रिय परिवार के लोगो का सहयोग -बहुत हीसराहनीय योगदान रहा है । यह कार्यक्रम इस क्षेत्र मे धर्म ध्वजा लहराने तथा धार्मिक महोत्सव अनुष्ठान को लेकर अपनी छाप छोड गया ।

# ठेकेदार के आदमी महिलाओं से करते है बदसलूकी-पीड़िता ने की शिकायत

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी उमरिया**

शराब ठेकेदार के आदमियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक से पीड़ित महिला ललिया बर्मन निवासी बकेली ने शिकायत दर्ज कराई है,शिकायती प्रपत्र में कहा गया है कि ठेकेदार के आदमी रात को घर मे घुसकर महिलाओं का हाथ पकड़कर बदसलूकी की है और जबरन हाथ पकड़कर घर से बाहर ले जा रहे थे,हालांकि पड़ोसियों ने किसी तरह उन लोगों से जान बचाई है,इसकी शिकायत जब सम्बंधित इंदवार थाने में की गई तो शिकायत भी नही ली गई है।पीड़ित महिला की माने तो इस घटना के बाद आबकारी निरीक्षक पिंकी हिंदुजा भी मौके पर पहुंची पर उन्होंने भी हमारी मदद नही की,बल्कि उल्टा हमारे पूरे परिवार पर प्रकरण कायम करा दिया है।पीड़ित महिला ने यह भी बताया कि हमारे परिवार ने किसी तरह आबकारी कार्यवाही का विरोध नही किया,बावजूद इसके हमारे खिलाफ शिकायत दर्ज कर प्रकरण कायम किया गया है।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक ने जांच का भरोसा दिलाया है।सूत्रों की माने तो अवैध शराब विक्रय के संदेह पर शराब ठेकेदार के आदमी घर पर घुसे थे,बाद में जिम्मेदार आबकारी अधिकारी भी पहुंची थी।इस मामले में आबकारी निरीक्षक की शिकायत पर लल्ला बर्मन,पत्नी लललिया बर्मन एवम इनके भतीजे पिंटू बर्मन एवम इसकी पत्नी संगीता बर्मन के विरुद्ध अपराध क्रम 644/23 धारा 294,323,332,353,506,34 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।इस मामले में क्या सच है ये तो जांच उपरांत साफ हो सकेगा,पर पीड़िता की शिकायत में अगर सच्चाई है तो ठेकेदार के लोगों को कोई भी अधिकार नही है कि वो किसी के घर बिना अनुमति अंदर जाए और महिलाओं के साथ बदसलूकी करे,ऐसे मामलों में ऐसे लोगो पर कड़ा एक्शन लेने की जरूरत है।

**गली गली बेची जा रही है अवैध शराब**

उमरिया जिले में जिला मुख्यालय सहित चंदिया मानपुर पाली नवरोजाबाद घुनघुटी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में जिला आबकारी विभाग उमरिया के संरक्षण में आबकारी ठेकेदार के गुर्गों द्वारा शराब बिकवाई जा रही है। गांव गांव एवं गली-गली में अवैध रूप से शराब परोसी जा रही है जिस कारण गांव एवं मोहल्ले में अशांति का वातावरण भी रहता है। आबकारी विभाग के अलावा अवैध रूप से शराब पर अंकुश लगाने की जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की भी रहती है लेकिन पुलिस प्रशासन भी इस अवैध कारोबार पर ध्यान नहीं दे रहा है जिसके कारण शराब ठेकेदार के हौसले बुलंद हैं।

# खनिज विभाग निष्क्रियता का फायदा उठा रहे रेत माफिया

## सोन, बनास, कुनुक सथिनी नदी से कर रहे अवैध रूप से कर रहे है उत्खनन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। शहडोल जिले के ग्राम जनकपुर ,बुढ़वा आदि स्थानों से सोन एवं बनास नदी में मशीनों से रेत का अवैध उत्खनन दिन रात किया जा रहा है।जिस से शासन को लाखो के राजस्व की छती पहुचाई का रही हैं यहां से रोज 40 से 50 डंपर सप्लाई की जाती है। ये अवैध उत्खनन करने वाले नदी को छलनी कर रहे है

यह कहना गलत होगा की इस अवैध कारोबार की जानकारी खनिज विभाग,राजस्व विभाग या पुलिस विभाग को नही होगी सब देखते हुए भी अंजान बने हुए है। अवैध उत्खनन करने वाले बे रोक, टोक बजरी से भरे डम्फर व्यवहारी बाणसागर थाना के सामने से निकलते रहते है तो फिर कैसे माना जाय की इस अवैध उत्खनन की से प्रशासन अंजान है।

इन दोनों नदी से रेत निकालने का कोई ठेका सरकार द्वारा अभी तक नही किया गया है इस अवैध उत्खनन में बो जमीन वाले भी बराबर के हिस्सेदार है जिनकी जमीन (खेत) नदी से लगे हुए हैं राजस्व विभाग इन खेत मालिको पर कार्यवाही कर दे तो ये अवैध रेत उत्खनन हमेशा के लिए बन्द हो जायेगा। प्रशासन जब कभी दिखावा करने के लिए कार्यवाही के नाम पर एक दो ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ कर अपनी खाना पूर्ति कर लेते हैं । इसके अलावा जैतपुर क्षेत्र में कुनुक नदी से भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है जिसमें वन विभाग की भी मिली भगत है क्योंकि वन विभाग की सीमा से गाड़ी आवागमन कर रहे हैं।

# पीआरटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग अनूपपुर में जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर हुई गोष्ठी



अनूपपुर /- जिला स्वास्थ समिति अनूपपुर जे द्वारा 09/11/2023 को जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम पर छात्र- छात्राएं के साथ हुई गोष्ठी । जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए.के. अवधिया जी ने बताया कि वायु प्रदूषण से सर्वाधिक प्रभावित युवा 25 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग नागरिक, श्वसन रोगी व हृदय रोग पीड़ित लोग हो रहे हैं। इससे बचाव के लिए धुंआ करने वाले पटाखे का प्रयोग नहीं करने, कचरों को नहीं जलाएं, और चिमनी वाली जगह पर घर से जरूरत पड़ने पर निकलने बेहद आवश्यक है। डॉ अवधिया जी बताया कि हमें व्रक्षारोपण अधिक से अधिक करना चाहिए इससे हमें ऑक्सिन मिलती है। उन्होंने कहा कि सभी को प्रातः 30 मिनट तक योग करनी चाहिए इससे हमारा ऑक्जिन लेवल बढ़ता है कार्यशाला में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ शिवेंद्र कुमार द्विवेदी जी ने कहा कि धूम्रपान सेहत के लिए हानिकारक है। यह जानते हुए भी युवा इसके चपेट में आ हैं। आश्चर्य की बात है कि देश के 37 प्रतिशत पुरूष धूम्रपानकरते हैं। इसके खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। जब 10 प्रतिशत से कम लोग धूम्रपान करेंगे तो इसपर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

नर्सिंग कॉलेज के संचालक डॉ देवेंद्र कुमार तिवारी जी बताया कि प्रदूषण से आंख में जलन, सांस का फूलना आदि बीमारियां तत्काल प्रभाव से नजर आने लगती हैं। उन्होंने छात्राओं को भी आम लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

इस गोष्ठी के दौरान महाविद्यालय के चेयरमैन श्री उमेश कुमार तिवारी जी प्राचार्य श्री शिवेंद्र तिवारी जी सहित स्टाफ श्री रणवीजय शाही, श्रीमती सविता सोनी, श्री रवि त्रिपाठी , सुश्री दोहिता सोनवानी श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्री अशोक कुमार मिश्रा, सुश्री संगीता , श्रीमती अंजना साहू, सुश्री देवकी पटेल , सुश्री तुलसी पटेल, सुश्री दीपिका श्रीवास श्री रणभान सिंह व छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# घोड़े पर सवार दान पत्र उखाड़ने वाले चोर को कानपुर में जनता ने दौड़ाया, तलाश में ड्यूटी पुलिस

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां सक्रिय कर लोगों का जीना हराम किए हैं वह कोई न कोई बात आते हैं लगातार कर रहे हैं । ऐसी ही एक घटना में घोड़े पर बैठकर आए चोर ने मंदिर के दान पत्र को उखाड़ने की कोशिश की ,जिसका सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है`

इसी दौरान दो स्थानीय लोगों की नींद खुल गई। उन्होंने चोरों को दौड़ा लिया, लेकिन चोर मौके से भाग निकले। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। अब वह उसकी तलाश कर रही है

यह घटना बर्रा थाना क्षेत्र स्थित बर्रा-6 केडीए धर्मशाला के पास राधा-मोहन मंदिर है। मंदिर की देखरेख करने वाले निखिल सोनी ने बताया कि रात लगभग एक बजे दो चोर घोड़े पर सवार होकर आए थे। उन्होंने बताया कि एक चोर घोड़े पर बैठा रहा। जबकि दूसरा चोर मंदिर का दानपात्र उखाड़ने का कोशिश कर रहा था। इसी दौरान स्थानीय रवि और जतिन की नींद खुल गई। उन्होंने शोर मचाया, तो दोनों मौके से घोड़े पर सवार होकर भाग गए। पुलिस ने बताया कि सोनू की तलाश की जा रही है

# स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुई स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उज्वला कहा , समय समय पर रुटीन चेकप जरूरी

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। तालपारा खिदमत ए खल्क मुस्लिम जमात ने बिलासपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नूरानी मस्जिद के पास निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में लोगों को विभिन्न रोगों की जांच के साथ-साथ निशुल्क दवाई भी प्रदान की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. उज्वला कराड़े, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस आयोजन से पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार हुआ है। शिविर में सभी प्रकार के रोगों की जांच, महिलाओं की समस्या की जांच, बच्चों की जांच के अलावा बीपी, शूगर, सहित अन्य रोगों की जांच हुई और उपस्थित चिकित्सकों ने लोगों का उपचार कर स्वास्थ्य सलाह दी इस शिविर में खुद डॉ. उज्वला कराड़े, स्त्री रोग विशेषज्ञ ने अपनी सेवाएं दी और स्थानीय चिकित्सकों के साथ बाहरी चिकित्सकों ने भी अपनी सेवाएं दीं और लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का निदान किया। इस अद्वितीय पहल के माध्यम से संस्था ने लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाने का काम किया और उन्हें नियमित जांच कराने की बात कही इस मौके पर डॉ. उज्वला कराड़े ने आम जनता से अपील की कि वे समय-समय पर अपनी जांच करवाएं और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस प्रयास से समाज में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

# आयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धर्म नगरी मां डिडनेश्वरी में अक्षत कलश का भव्य स्वागत

## अक्षत कलश की पूजा कर मंदिर के गर्भगृह में कुछ दिनों के लिए कलश को किया स्थापित

## 31 दिसम्बर को कलश के अक्षत को मल्हार के अलावा अन्य गावो में आमन्त्रित करते हुए किया जाएगा वितरित



समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

मल्हार। रविवार को नगर के लोगो ने अक्षत कलश का भव्य स्वागत किया, बस स्टैंड से मां डिडनेश्वरी तक के रास्ते मे जगह जगह महिलाओ ने आरती उतारी वही कलश के साथ सैकड़ो महिलाओ ने अक्षत कलश के स्वागत में कलश धरना कर शोभायात्रा के साथ मंदिर पहुचे जहां रामभक्तों ने अक्षत कलश की पूजा कर मंदिर के गर्भगृह में कुछ दिनों के लिए कलश को स्थापित किया। जिसके बाद 31 दिसम्बर को कलश के अक्षत को मल्हार के अलावा अन्य गावो में वितरित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन के लिए देश वासियों को भी निमंत्रित किया जा रहा है जिसके लिए लोगो को न्योता देने अक्षत कलश देश के गाँव - गाँव शहर - शहर पहुच रहा है, इसी कड़ी में 24 दिसम्बर रविवार को कलशयात्रा मल्हार पहुची जिसकी अगुवाई करने नगरवासी मस्तूरी के गायत्री मंदिर पहुचकर अक्षत कलश को विधि पूर्वक पूजन के बाद मल्हार के लिए रवाना हुए। अक्षत कलश के नगर के प्रवेशद्वार पहुँचने पर आतिशी स्वागत किया गया साथ ही झांझ मंजीरों के साथ कर्मा दल ने भक्तिमय गीत गाकर पूरे माहौल को राममय बना दिया इस दौरान सैकड़ो युवाओं ने जय श्रीराम, हर हर महादेव का जयकार लगाते हुए पूरे शोभायात्रा की अगुवाई की। स्कूल चौक, देवांगन मोहल्ला, मेला चौक, बाजार चौक, ठाकुरदेव चौक सहित विभिन्न स्थानों में शोभायात्रा का स्वागत हुआ। कलश शोभायात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर कामता वर्मा, भुवनेश्वर निर्मलकर, सुशील चौबे, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र शर्मा, कमल अवस्थी, हेमंत तिवारी, प्रेमप्रकाश तिवारी, बहोरन कैवर्त, राजकुमार वर्मा, मिथुन यादव, रोहित भैना, अशोक शर्मा, संजय पांडे, अजित सिंह, सनत पांडेय, नरेश पांडेय, दिनेश वर्मा, प्रफुल देवांगन, बलराम सिंह, शमशेर सिंह, लोकनाथ सिंह, दुर्गा सिंह, निखिल शर्मा, अवध प्रजापति, आशुतोष पांडेय, रवि धीवर, चंकी पांडेय, कन्हैया देवांगन, रणजीत सिंह, रिंकू पांडेय, अमिताभ चतुर्वेदी, दीपेश तिवारी, नर्मदा भैना, नंद साहू, सुरेश कैवर्त, रामचरण कैवर्त, आशु कैवर्त, समारू सहित बड़ी संख्या में नगर के लोग शामिल हुए।

# जिला विद्युत समिति की बैठक में सांसद ने विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट। (25 दिसंबर )सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने गत देर शाम तक आयोजित हुई जिला विद्युत समिति की बैठक में किसानो के लिए बिजली की आवश्यकता के सम्बंध में मप्र विद्युत मंडल से कहा कि जहाँ लाइन नहीं पहुँची हो वहां लाइट पहुँचाने के प्रयास करें। भारत शासन द्वारा ऐसे क्षेत्रों व गांवों में विद्युत वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए विद्युत प्रणाली का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। भारत शासन की पाई-पाई जनता की है। यह पैसा उनकी भलाई में ही काम आना चाहिए। ट्रान्सफार्मर लगाकर किसानों को कनेक्शन देने पर विभाग फोकस हो। बैठक के दौरान कटंगी विधायक श्री गौरव बिसेन ने कहा कि पुराने ट्रान्सफार्मर बदलने का कार्य करना होगा। जहां-जहाँ पुराने और डिफेक्टिव है। उन्हें बदलने का कार्य करें।

**विद्युत आधुनिकीकरण के लिए 409 करोड़ का बजट**

विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री ने विद्युत समिति की बैठक में बताया कि विद्युत आधुनिकीकरण के लिए वर्ष 2025-26 तक जिले में कुल 409 करोड़ रुपये का व्यय किया जायेगें। इसमें औसत तकनीकी एवं वाणिज्य हानि जो अभी 35.79 प्रतिशत को 9.23 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। औसत विद्युत प्रदाय लागत के अंतर को शून्य किया जाएगा। आरडीएसएस से जिले में तीन प्रारूपों पर कार्य करना प्रस्तावित है। हानियों को कम करने का कार्य, प्रणाली सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण के कार्य और स्मार्ट मीटर्स का कार्य करना।

बैठक के दौरान प्रस्तावित कार्यो के संबंध में बताया गया। इसमें मीटरिंग कार्य, नये सबस्टेशनों का निर्माण,सबस्टेशनों की क्षमता वृद्धि, उच्च हानि वाले क्षेत्रों में केबलीकरण किया जायेगा, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की,फीडरों को पृथक्करण, जो तार पुराने एवं खराब हो चुके है उन्हें बदलना, उच्चदाब लाइनों का विस्तार करना, उपकेन्द्रों में कैपेसिटर बैंक लगाने एवं आवश्यकता अनुसार नये फीडर निकालने का कार्य। शहरी क्षेत्रों में भूमिगत केबल बिछाने का कार्य। सिस्टम को मजबूत करने और नुकसान में कमी के लिए आवश्यक कोई अन्य कार्य सभी सबस्टेशनों का आधुनिकीकरण करना है।

# बिरसा-बैहर पहुंची संकल्प यात्रा, मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत किसान ने बताये शासन की उपयोगी योजनाएं

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**



बालाघाट। (25 दिसंबर )विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को बैहर जनपद के ग्राम राम्हेनपुर व कोयलीखापा, परसवाड़ा के ग्राम खरपडिया व ठेमा, लांजी के ग्राम मोहझरी व चिखलामाली, कटंगी के ग्राम लखनवाड़ा, बालाघाट के ग्राम नगरवाडा व चांगोटोला, वारासिवनी के ग्राम वारा व तुमाडी, किरनापुर के ग्राम बडगांव व आमगांव, खैरलांजी के ग्राम कोठुरना व पिपरियॉ, बिरसा के ग्राम कटंगी व जैरासी और लालबर्रा जनपद के ग्राम छिंदलई व बबरियॉ में भ्रमण हुआ।

**सोमवार को इन गावों का करेगी भ्रमण**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का सोमवार को बैहर जनपद के ग्राम बोदा (मा) व खजरी, परसवाड़ा के ग्राम खैरलांजी (ठे) व सरेखा, लांजी के ग्राम बिंझलगांव व आवा, कटंगी के ग्राम बाहकल व नंदलेसरा, बालाघाट के ग्राम घुनाड़ी व प्रतापपुर, वारासिवनी के ग्राम सावंगी व बुदबुदा, किरनापुर के ग्राम लवेरी व बेलगांव, खैरलांजी के ग्राम बिटोडी व घुबड़गोंडी, बिरसा के ग्राम हरोभाट व देवगांव मद्ध और लालबर्रा जनपद के ग्राम अतरी व बम्हपनी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण होगा।

# श्रीमदभग्वत गीता भारतीय संस्कृति के सभी ग्रंथों का सार है - (केरल) के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान

**(संवाददाता)विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण**



24 दिसंबर।लखनऊ। गीता जयंती महोत्सव एवं गीता का अंतसंर्गीत पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि कर्मयोग का संदेश देने वाली गीता भारतीय संस्कृति के सभी ग्रंथों का सार है। कार्यक्रम कानपुर रोड स्थित सिटी मोंटेसरी स्कूल के प्रेक्षाग्रह में हुआ।इस अवसर पर समारोह में विद्वान लेखक, विचारक, स्तंभकार एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष माननीय हृदय नारायण दीक्षित की पुस्तक 'गीता का अंतसंर्गीत" के द्वितीय संस्करण का विमोचन केरल के माननीय राज्यपाल द्वारा किया गया।श्री आरिफ मोहम्मद खान ने अपने उद्बोधन में गीता के विभिन्न श्लोकों का उद्धरण देते हुए कर्मयोग की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने कहा कि फल की इच्छा न रखते हुए पूरे मनोयोग से अपने कार्य में पूर्णता लाने का संदेश केवल गीता में ही दिया गया है। उन्होंने कहा कि श्री हृदय नारायण दीक्षित द्वारा लिखित पुस्तक गीता के संदेश के प्रचार प्रसार में काफी उपयोगी होगी।

श्री हृदय नारायण दीक्षित ने अपने उद्बोधन मे कहा कि गीता में कर्म की उपयोगिता और जीवन चक्र तथा गीता में संस्कृति की निरंतरता और उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया है।इसके पूर्व विषय प्रवर्तन श्री शैलेंद्र दुबे द्वारा किया गया। उन्होनें जीवन में गीता के प्रबंधन पर विस्तार से बताया।भाजपा के महामंत्री संजय राय जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महोत्सव की अध्यक्षता राष्ट्र धर्म के संपादक प्रोफेसर ओमप्रकाश पांडे ने की। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल के संस्थापक श्री जगदीश गांधी भी समारोह में उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन भारत समृद्धि की तरफ से शिक्षक व समाजसेवी रीना त्रिपाठी व नित्यानंद तिवारी पुस्तक के प्रकाशक व मीडिया सॉल्यूशन द्वारा किया गया भारत समृद्धि संस्था से धीरज उपाध्याय, त्रिवेणी मिश्रा,रेनू त्रिपाठी ,गीता वर्मा, हर्षिता ,रवि राठौर ,सौरव सिंह मोनू, रामकुमार , सूर्य प्रकाश उपाध्याय उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम में सभी आमजन, बुद्धिजीवी, विद्यार्थी, कर्मचारी, शिक्षक, व्यापारी गणों ने गीता महोत्सव में हुए वक्तव्यों को ध्यानपूर्वक सुना तथा मुख्य अतिथि के द्वारा बताए गए विलक्षण और ज्ञानवर्धक बातों से अपना और अपने समाज का मार्ग प्रशस्त करने का वादा किया।

# प्रसिद्द कथावाचक स्वामी चिन्मयानंद बापू जी के श्री मुख से मस्तुरी भदौरा मे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**



मस्तुरी। क्षेत्र के भदौरा गांव मे रविवार से श्रीमद्भागवत कथा शुभारंभ होने के पूर्व ग्राम भदौरा के महामाया मन्दिर से भव्य कलशयात्रा निकाली गई। धुमाल की धुन, पटाखों की गड़गड़ाहट, के साथ कलश यात्रा में मंगलगीत गाती कतारबद्ध महिलाओं ने ग्राम भदौरा के मुख्य मार्ग से होते हुए धुमाल के धुन में राम जी की लीला है न्यारी रामजी की निकली सवारी जैसे भजन सुनाकर सर्व धर्म समभाव का माहौल बना दिया। पवित्र जल कलश लिए बड़ी संख्या में किशोरियां व महिलाएं कतारबद्ध होकर कथा स्थल स्कुल प्रांगण पहुंची। देश - विदेश मे प्रख्यात कथावाचक पूज्य श्री चिन्मयानंद बापू जी महाराज बग्गी पर सवार होकर कथा स्थल पर पहुंचे। बिलासपुर से भदौरा आने उपरांत मस्तुरी के बस स्टैंड तिवारी जलपान गृह के सामने पहुँचते ही वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तमेश सिंह ठाकुर की अगुवाई मे फेकू सिंह ठाकुर, किशोर तिवारी, टुकेश सिंह ठाकुर, रामनारायण राठौर, देवीशंकर मिश्रा, सुधीर देशमुख, किशोर राठौर, संतोष सिंह ठाकुर, रिंकू त्रिपाठी, पप्पू यादव, अमित तिवारी, गजानन विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या मे सनातनीयों ने फुल माला पहनाकर चिन्मयानंद बापू का स्वागत किया।

# झोपड़ी नुमा होटल में लगी आग

**दैनिक समाज जागरण , शेखर सुमन (प्रखंड संवाददाता,ईचागढ़)**

ईचागढ़-सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम डुमटांढ़ केनाल सड़क पर पाटपुर के पास एक झोपड़ी नुमा होटल में रविवार को अचानक आग लग गई। पाटपुर चौक पर तीन- चार झोपड़ी नुमा होटल है।



लेपाटांड़ मेला सह फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सभी होटल बंद था एवं बीरान लग रहा था,जिससे आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया और न ही झोपड़ी नुमा होटल संचालक का नाम पता मालूम चल सका । ऐसे देखने से प्रतीत होता है कि किसी राहगीर द्वारा बीड़ी, सिगरेट पीकर फेंक देने से आग लगी है या किसी के द्वारा आग लगा दिया गया है। हांलांकि आग लगने की सुचना पर ईचागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का कोशिश की । आग तब तक झोपड़ी नुमा होटल को अपने आगोश में ले चुकी थी। हांलांकि बाकी हिस्सों में आग लगने से बचा लिया गया। बताया जा रहा है कि पाटपुर गांव के ही तीन -चार ग्रामीण गांव से आकर प्रतिदिन झोपड़ीयों में अपने होटल चलाकर गुजर बसर करते हैं। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर चौक है, जिससे आग लगने का जानकारी ग्रामीणों को भी नही चल पाया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल, एक गंभीर

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण,अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलःनीमडीह थाना अंतर्गत घाघरा जुड़िया के पास एन एच 32 पर शनिवार रात लगभग साढ़े दस बजे कुकडू प्रखंड के किशुनडीह गांव निवासी गौरी शंकर सेन एवं सुदामा कुमार महतो सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसमें गौरी शंकर सेन को गंभीर रूप से चोट लगी है। दोनों पल्सर बाइक से गमहरिया से किशुनडीह जा रहे थे। गौरी शंकर का दांए पैर में जांघ के पास हड्डी टूट गया। सुदामा को हल्की चोटें आई। सुदामा ने कहा कि घना कोहरा के कारण वाहन चलाना काफी मुश्किल हो गया। सड़क में विपरीत दिशा से तीव्र गति से दो मालवाहक वाहन आ रहा था। कुछ दूरी पर डिवाइडर था। जान बचाने के लिए बाइक को डिवाइडर के उपर चढ़ा दिया। जिससे दोनों डिवाइडर से टकरा गया और असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। तुरंत घायलों ने नीमडीह पुलिस को जानकारी दी। तत्काल पुलिस पहुंच कर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीमडीह पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए घायलों को जमशेदपुर भेज दिया।

# आदित्यपुर कॉलोनी की महिला हुई लापता

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 24 दिसंबर 2023 ःझसरायकेला जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के महिला हुई लापता.जनता फ्लैट ख-9/12, रोड न 11, आदित्यपुर-2 निवासी रामजी सिंह की पत्नी धर्मशीला देवी, उम्र लगभग 58 वर्ष जो कि दिनांक 24 दिसंबर के सुबह के लगभग 8 बजे बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है, परिवारवालों ने दिन भर प्रयास किया पर उनका कही पता नहीं चला तो शाम में आर आई टी थाना में परिवारजनों के साथ जाकर उनकी गुमसुदगी की सूचना दी.साथ ही लोगो से निवेदन किए की अगर किन्हीं को ये महिला कहीं दिखे तो कृपया इस न पर सूचना दें - 9204737463 /